वार्षिक प्रतिवेदन
2014-2015

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

Institute for **Plasma Research**

Bhat, Gandhinagar 382428

प्रबंध परिषद

1) डॉ. आर. के. सिन्हा	अध्यक्ष
2) डॉ. धीराज बोरा	सदस्य
3) डॉ. अमित रॉय	सदस्य
4) श्री शेखर बास	सदस्य
5) डॉ. जे. एन. गोस्वामी	सदस्य
6) डॉ. सिराज हसन	सदस्य
7) श्री पी. आर. बाविस्कर	सदस्य
8) श्री आर. ए. राजीव	सदस्य
9) श्री मुकेश पुरी	सदस्य
10) श्री संजय लाल भाई	सदस्य
11) श्री पी. के. आत्रेय	गैर-सदस्य सचिव

कार्यकारी सारांश

यह वर्ष एक उन्नयन का वर्ष रहा है। इस रजत जयंती वर्ष पर लगातार समानुरूप प्रदर्शन के बाद यह निर्णय लिया गया कि एक आकारित प्लाज़्मा अनुप्रस्थ काट प्राप्त करने के लिए आदित्य में उन्नयन का कार्य किया जाएगा। इसे प्राप्त करने के लिए कॉयलों और निर्वात पात्र के एक अतिरिक्त सेट को बदला जा रहा है। वियोजन से पहले आदित्य संचालनों को 1.26 T के उच्च मानक के टोरोइडल चुम्बकीय क्षेत्र पर संचालन किया गया। 160 kAmp तक की उच्च प्लाज़्मा धारा एवं 5 मिलियन डिग्री से भी अधिक तापमान को एक सेकण्ड के चतुर्थांश के लिए प्राप्त किया गया। नए निर्वात पात्र को साइट पर पहले से ही स्वीकार्यता मिल चुकी है। हम जल्द ही फिर से आदित्य को कार्यरत देखेंगे।

स्थिर-अवस्था अतिचालक टोकामक-1 (एसएसटी-1) प्लाज़्मा केन्द्र पर मूलभूत मोड पर इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन (ईसी) पूर्वआयनीकरण की सहायता से 1.5 T के टोरोइडल क्षेत्र सहित 75000 A की अधिकतम धारा को प्राप्त किया गया। इन मेगा जूल स्तर के टोरोइडल चुंबकीय क्षेत्रों को 2.0 T पर भी प्रचालित किया गया। इस तरह के चुंबकों को दुनिया में पहली बार द्वि चरण हीलियम प्रवाह द्वारा क्रायोजनिक तापमान पर ठंडा किया गया। तब से सभी शीतलन एवं बेकिंग सुविधाओं के साथ मशीन में ग्रेफाइट प्लाज़्मा मुखित घटकों के साथ उन्नयन के प्रथम चरण को पूरा किया गया। कुछ नए नैदानिकियों को लाकर सभी नैदानिकी को भी उन्नत किया गया। निम्न संकर धारा प्रवाह तरंगों के पहले सफल प्रक्षेपण का आयोजन भी किया गया।

12वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत संलयन शक्ति को निर्माण करने के लिए विभिन्न प्रौद्योगिकियों को विकसित किया जा रहा है। ताकि संबंधित तकनीकियों की पूर्ण विस्तृत श्रेणी को स्वदेशी बनाया जा सके। अतिचालक चुंबक प्रौद्योगिकी के विकास के लिए स्टैंड निर्माण के साथ निम्न तापमान पर पदार्थ अभिलक्षणन सुविधा का निर्माण करने के लिए निर्वात दाब संसेचन सुविधा को विकसित किया गया है। पहले से स्थापित उच्च ऊष्मा प्रवाह परीक्षण सुविधा में टंग्स्टन सामग्रियों व अन्य संबंधित सामग्रियों के तापीय श्रान्ति परीक्षणों को किया जा रहा है। विशेष सामग्रियों के साथ प्लाज़्मा मुखित घटकों के निर्माण की अन्य सुविधाओं को स्थापित किया जा रहा है। एकल पैनल क्रायोपंपिंग सुविधा के साथ ~10000 l/s की पंपिंग गति को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया और राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत व स्वीकार्य किया गया।

ईटर परियोजना के लिए टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्युल (टीबीएम) पहुंचाने की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकियों को समझने व विकसित करने के लिए विभिन्न छोटे प्रयोगात्मक सेट अप जैसे द्रव धातु ताप हस्तांतरण लूप, प्रयोगात्मक हीलियम शीतलक लूप आदि को तैयार किया जा रहा है। रिमोट हैंडलिंग व रोबोटिक प्रौद्योगिकी के लिए विभिन्न प्रोटोटाइपों का निर्माण व परीक्षण किया जा रहा है। ट्रिशियम निष्कर्षण के लिए अभिकल्पित अवधारणाओं को मान्य करने के लिए एक प्रयोगशाला स्तर की हाइड्रोजन आइसोटोप निष्कासन प्रणाली (एचआईआरएस) को हीलियम शुद्ध गैस के लिए विकसित किया जा रहा है।

संस्थान के डाक्टरेट कार्यक्रम ज्यादातर छोटे बुनियादी प्रयोगों द्वारा समर्थित हैं जो जनशक्ति प्रशिक्षण और प्रौद्योगिकी के विकास में सहायक है। मौजूदा प्रायोगिक प्रणालियों सहित विभिन्न नए उपकरण कई प्लाज़्मा भौतिकी टिप्पणियों और विचारों को समझाने व उपयोग करने के लिए विभिन्न प्रयोगात्मक विचारों को प्रदर्शित करने में मदद कर रहें है।

विभिन्न (छोटे व बड़े दोनों) प्रयोगों से प्राप्त परिणामों को प्लाज़्मा सिद्धांत एवं अनुकरणों के उपयोग से समझाया जा रहा है व समझौते के तहत देश में अन्य जगहों में किए गए प्रयोगों से प्राप्त टिप्पणियों को भी समझाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

औद्योगिक प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी सुविधा केन्द्र (एफसीआईपीटी) पर प्लाज़्मा प्रौद्योगिकियों से सामाजिक लाभ की खोज उत्साहपूर्वक जारी है। इस परियोजना में जैव चिकित्सा, लौकिक व ग्रिन शक्ति, वस्त्र, अपशिष्ट प्रबंधन, नैनो-टेक्नोलोजी जैसे विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। गाँधीनगर, गुजरात के निकट GIFT (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक) सीटी-एक स्मार्ट सीटी विकसित किया जा रहा है, वहाँ प्लास्टिक व कागज़ अपशिष्ट निपटान के लिए एफसीआईपीटी (अवधारणाओं के आधार पर) प्लाज़्मा पाइरोलिसिस प्रणाली को विकसित करने हेतु कार्य कर रही है।

ईटर-इंडिया के लिए प्रापण पैकेज उत्पादन के चरण में पहुँच चुका है और अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन व नियंत्रण के माध्यम से जो ईटर परियोजना के लिए आवश्यक है इस पर निगरानी रखी जा रही है। फ्रेंच साइट पर भारत द्वारा आपूर्ति कि जा रहे क्रायोस्टेट के संयोजन के लिए वर्कशॉप भवन का कार्य पूरा किया जा चुका है और औपचारिक रूप से इसका उद्घाटन किया जा चुका है। आईपीआर में स्थित ईटर-इंडिया प्रयोगशाला में विभिन्न आवश्यक अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को किया जा रहा है, जिसे अनुमोदन प्राप्त होने के बाद निर्माण स्थल पर स्थनांतरित कर दिया जाएगा।

प्लाज़्मा भौतिकी केन्द्र, गुवाहाटी में जड़त्वीय स्थिर वैद्युत परिसीमन संलयन योजना एवं उसके अनुप्रयोग पर आधारित संलयन सामग्रियों के क्षति पर न्युट्रॉन स्रोत का विकास अच्छी तरह से चल रहा है। धूलित प्लाज़्मा प्रयोगों, डायवर्टर सिमुलेशन अध्ययन के प्रयोगआदि कुछ अन्य गतिविधियाँ योजना के मुताबिक चल रहीं हैं। इस केन्द्र में सैद्धांतिक एवं अनुकरण कार्य भी अच्छी प्रगति पर हैं।

निदेशक,
आईपीआर

वार्षिक प्रतिवेदन

अप्रेल 2014 से मार्च 2015 तक

वर्ष 1986 से यह संस्थान प्लाज़्मा भौतिकी अनुसंधान में द्रुत गति से बढ़ रही सुविधाओं, प्रशिक्षित मानव संसाधन एवं कई फलित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोगों के साथ प्रगति कर रहा है। एक छोटे टोकामक प्रयोग एवं मौलिक प्लाज़्मा प्रयोग से प्रारम्भ करके यह संस्थान नियंत्रित तापनाभिकीय संलयन के लिए आवश्यक सभी उपयुक्त वैज्ञानिक तथा तकनीकी आवश्यकताओं में विशेषज्ञता प्राप्त कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय तापनाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर (ईटर) में देश की प्रतिभागिता के माध्यम से विकसित प्रौद्योगिकियों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षण किया जा रहा है। पिछले एवं वर्तमान पंच वर्षीय योजनाओं के अंतर्गत संलयन विज्ञान तथा तकनीकी अनुसंधान बोर्ड (बीआरएफएसटी) एवं संलयन तकनीकी विकास कार्यक्रम की गतिविधियाँ अपेक्षित विकास को आगे बढ़ा रही हैं। इसके साथ ही औद्योगिक प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी प्रसुविधा केन्द्र (एफसीआईपीटी) द्वारा उद्योग को प्लाज़्मा तकनीक का तात्कालिक उपयोग करने हेतु मौलिक प्रयोग इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण अंग हैं। अब प्लाज़्मा भौतिकी केन्द्र के कार्यक्रम को भी संलयन अनुसंधान के मुख्य विषय के लिए संरेखित किया जा रहा है।

अध्याय

A. वैज्ञानिक तथा तकनीकी कार्यक्रमों का सारांश.....01

B. अन्य परिसरों की गतिविधियाँ.....42

C. शैक्षिक कार्यक्रम.....55

D. तकनीकी सेवाएँ.....55

E. प्रकाशन एवं प्रस्तुति.....55

अनुलग्नक-I सार्वजनिक जागरूकता हेतु आउटरीच कार्यक्रम.....55

अनुलग्नक II संस्थान में अनुसूचित जातियों, जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व.....55

अध्याय A

वैज्ञानिक तथा तकनीकी कार्यक्रमों का सारांश

A.1 संलयन प्लाज़्मा प्रयोग 02

A.2 संलयन तकनीकी विकास.....12

A.3 मौलिक प्लाज़्मा प्रयोग.....28

A.4 सैद्धान्तिक, मॉडलिंग एवं
संगणनात्मक प्लाज़्मा भौतिकी 35

A.1 संलयन प्लाज़्मा प्रयोग

संस्थान में संलयन प्लाज़्मा से संबंधित प्रयोगों को करने के लिए दो मौजूदा सुविधाओं में आदित्य टोकामक तथा अतिचालक स्थिर अवस्था टोकामक-1 (एसएसटी-1) हैं। इस अनुभाग में उपकरण की स्थिति, नये विकास तथा किए गए प्रयोगों के बारे में विवरण दिया गया है।

A.1.1 आदित्य टोकामक
A.1.1.1 यंत्र की स्थिति एवं प्रयोगात्मक परिणाम..... 02
A.1.1.2 नैदानिकी विकास..... 03
A.1.1.3 तापन प्रणालियाँ..... 03
A.1.1.4 आदित्य उन्नयन 04
A.1.2 स्थिर अवस्था टोकामक अतिचालक (SST-1)
A.1.2.1 यंत्र की स्थिति एवं प्रयोगों के परिणाम 05
A.1.2.2 नैदानिकी विकास 07
A.1.2.3 तापन तथा धारा प्रवाह प्रणाली 08

A.1.1 आदित्य टोकामक

A.1.1.1 यंत्र की स्थिति एवं प्रयोगात्मक परिणाम

प्रतिवेदन अवधि के दौरान अधिकतम प्लाज़्मा धारा ~160 kA के प्लाज़्मा निस्सरणों एवं ~250 ms से अधिक निस्सरण अवधि को ~140 ms की प्लाज़्मा धारा फ्लैटटॉप अवधि के साथ प्राप्त किया गया है। यह ऋणात्मक कनवर्टर प्रचालन से किया गया तथा पहली बार इस प्रकार के लंबे समय के निस्सरणों को प्राप्त किया गया है। कोर सुरक्षाकारक (q) ~3 को बनाए रखने के लिए टोरोइडल चुम्बकीय क्षेत्र को 1.26 T तक बढ़ाया गया है। आदित्य निर्वात पात्र की 110^0C तक सफलतापूर्वक बेकिंग के पश्चात उपयुक्त आधार निर्वात ~3 x 10^{-8} torr के क्रम में हासिल किया गया है। प्लाज़्मा धारा फ्लैट टॉप के दौरान कई शॉट में न्यूनतम लूप वोल्टता ~1.6 V को प्राप्त किया है। विभिन्न परिसीमन स्केलिंग प्रयोगों को अंजाम देने के लिए व्यापक प्राचल रेंज पर बेहतर निस्सरणों के प्रयास किये गये हैं। इन बेहतर निस्सरणों में कई हाईड्रोजन गैस के कश का उपयोग कर कॉर्ड-औसतन इलेक्ट्रॉन घनत्व ~3.0 - 4.0 x 1019 m-3 को प्लाज़्मा तापमान ~500 - 700 eV के क्रम में प्राप्त कर इस तापमान को निस्सरणों के अंत तक बनाए रखा है। अन्य प्रयोगों जैसे एलएचसीडी, नियोन (Ne) गैस कश के साथ विकिरणशील उन्नत परिसीमान विधि (आरआई मोड), द्वितीय हार्मोनिक 42 GHz ईसीआर प्रयोग, एपीपीएस प्रचालन से 30 MHz आईसीआर तापन प्रयोगसे उत्साहजनक परिणाम हासिल हुए हैं।

आदित्य देश का पहला स्वदेशीय निर्मित टोकामक है। यह सन् 1989 से प्रचालनरत है। इसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित 100 से अधिक पत्रिका प्रकाशनों एवं 9 डॉक्टरेट शोध ग्रन्थ प्रकाशित किए हैं।

नियोन(Ne) गैस पफ प्रेरित उन्नत विकिरणशील (आरआई) विधि का प्रयोग: नीचे के पोर्ट से नियोन गैस के कश को अलग-अलग समय के अंतराल में प्रविष्ट किया गया है। यह देखा गया कि घनत्व और तापमान बढ़ती विकिरणित शक्ति के साथ एक बेहतर परिसीमन व्यवहार दर्शाते हुए बढ़ता है। यह क्रिया Ne कश के साथ कण और ऊर्जा के बेहतर



चित्र A.1.1.1. शीर्ष और तलीय रनअवे कॉयलें



चित्र A.1.1.2. त्रिज्या पोर्ट से टोकामक के विस्तृत कोण का मनोरम दृश्य।14kHz पर डाटा अधिग्रहित, लगातार फ्रेमें 71 माइक्रोसेकण्ड की दूरी पर ली है। संपूर्ण पोलोइडल क्रॉस सेक्शन, सीमक सहित कैमरा के दृश्य क्षेत्र में है

परिसीमन को दर्शाता है।

तीव्र दृश्यमान प्रतिबिंबन द्वारा कोर प्रक्षोभ के अध्ययन: आदित्य टोकामक में, दो विमीय स्पर्शरेखीय तीव्र प्रतिबिंबन तकनीकों द्वारा इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन अनुनाद तापित (ईसीआरएच) ओमीय प्लाज़्मा की जांच की गई है। अधिक स्थानिक और कालिक विभेदन पर उत्कृष्ट छवियों को प्राप्त किया है। कोर एवं स्क्रैप ऑफ लेयर पर ब्लॉब से प्रभावी आंतरायिक ठोस उच्चावचनों की जांच इन छवियों का इस्तेमाल करके की जा रही है।

A.1.1.2 नैदानिकी विकास

स्पैक्ट्रोदर्शी नैदानिकी: फोटो मल्टीप्लायर ट्यूब आधारित फिल्टरस्कोप प्रणालियों को स्पैक्ट्रोमीटर की व्यापक विविधता के साथ आदित्य टोकामक पर नियमित रूप से प्रचालन कर रहे हैं। पिछले वर्ष के दौरान टोरोइडल चुम्बकीय क्षेत्रकी वृद्धि करके अधिक निस्सरण प्राचल व्यवस्था तक पहुँचने के लिए प्रयास किया गया था, जिससे अधिक प्लाज़्मा धारा को बनाए रखा जा सकें। इसके फलस्वरूप अधिक प्लाज़्मा घनत्व को प्राप्त किया गया। दो तीव्र दृश्यमान प्रतिबिंबन प्रणालियों को आदित्य के त्रिज्य द्वारकों पर संस्थापित किया है, जिससे उच्च फ्रेम दर (फ्रेम प्रति सेकण्ड; एफपीएस) पर प्लाज़्मा के विकास का खाका खींचा जा सके। चित्र yy प्लाज़्मा शॉट #28816 का स्नैपशॉट दो अलग-अलग समय की अवस्था को दर्शाता है - प्लाज़्मा का उद्भव तथा प्लाज़्मा धारा के फ्लैट-टॉप चरण के माध्यम से परिभ्रमण कर रहे सीमित प्लाज्मा। ऐसी उच्च गति (1k < fps < 90k) की प्रतिबिंबन क्षमताएँ, प्लाज़्मा शॉट के दौरान हमें प्लाज़्मा कोर प्रक्षोभ एवं प्लाज़्मा स्तंभ, प्लाज़्मा दीवार अंत:क्रियाएँ, हॉटस्पॉट का गठन आदि की विशिष्ट घटनाएँ जैसे विस्थापनों की मॉनिटरिंग के अध्ययन को निष्पादन करने में सक्षम करती है।

प्रोब एवं बोलोमीटर नैदानिकी: संरक्षित प्रतिचुंबकीय ऊर्जा WDIA को आदित्य निस्सरणों के सॉटिथिंग (एसटी) एवं नॉन-सॉ-टिथिंग (एनएसटी) के लिए मापा गया है। एनएसटी निस्सरणों में प्रतिचुंबकीय ऊर्जा अधिक पायी गई है। WDIA मापन में अतापीय कणों के अंश के कारण ऐसा हो सकता है। विकिरण शक्ति हानि PRAD का अध्ययन इन निस्सरणों के लिए भी किया गया और यह पाया गया कि एसटी निस्सरणों के लिए PRAD अधिक है। इससे यह पता चलता है कि एसटी निस्सरणों में प्लाज़्मा एड्ज पर अधिक अशुद्धियाँ हो सकती है, क्योंकि बोलोमीटर विकिरण अंश का मापन, अशुद्धियों से करता है। एसटी निस्सरणों में बढ़ती निविष्ट शक्ति के साथ WDIA में वृद्धि हुई है। WDIA/PIN अनुपात ऊर्जा परिरोध समय प्रदान कर सकता है।

आवेश विनिमय अनावेशित कण विश्लेषक (सीएक्स-एनपीए): इस नैदानिकी का कार्य आदित्य तथा एसएसटी-1 में प्लाज़्मा के कोर आयन तापमान को इसके प्रचालन की निष्क्रिय अवस्था के आधार पर मापना है। यह प्लाज़्मा से बच रहे सी एक्स-न्यूट्रल(स्ट्रिपिंग सेल से निकलने के बाद आयनित) के ऊर्जा घटकों को अलग करने के लिए धीमी गति के विद्युत स्थैतिक क्षेत्र का उपयोग करता है।

प्लाज़्मा फेसिंग घटकों की अवरक्त तापलेखी (आईआरटी): प्लाज़्मा फेसिंग घटकों (पीएफसी यानीसीमक, डायवर्टर, स्टैबलाइज़र प्लेटें आदि) की अवरक्त तापलेखी, प्लाज्मा-सतह के साथ अंत:क्रिया करने एवं इस अंत:क्रिया से हुई ऊर्जा हानि का आकलन करने के लिए एक बहुत ही आवश्यक उपकरण है। इस नैदानिकी से प्राप्त जानकारी मशीन के संरक्षण, प्लाज़्मा नियंत्रण एवं भौतिकी अध्ययनों के लिए उपयोगी है। सांख्यिकी विश्लेषण, सीमक-प्लाज़्मा की अंत:क्रियाओं के करण एक प्रारूपिक शक्ति हानि को दर्शाता और इसके परिणाम शक्ति संतुलन अध्ययनोंके लिए उपयोगी हो सकते हैं। इस आईआरटी प्रणाली को आदित्य एवं एसएसटी-1, दोनों टोकामक पर लगाया गया है।

A.1.1.3 तापन प्रणालियाँ

विद्युत धारा चालन प्रयोग: विशेष रूप से अभिकल्पित गैस कश मैनीफोल्ड को निम्न संकर विद्युत धार चालन (एलएचसीडी) ऐन्टिना को त्रिज्य द्वारक सं.13 के इलेक्ट्रॉन की ओर के समीप संस्थापित करने से एलएच शक्ति का वर्धित युग्मन पाया गया। यह प्रयोग एलएच ऐन्टिना

के समीप एड्ज घनत्व में वृद्धि एवं परावर्तन गुणांक में कमी दर्शाता है। एलएचसीडी की उपस्थिति में ~ 180-210 ms की अवधि में निस्सरणों को प्राप्त किया गया है, जबकि एलएचसीडी के अभाव में सभी निस्सरण ~150 ms पर समाप्त किए गये है।

ईसीआरएच द्वितीय हार्मोनिक तापन प्रयोग: आदित्य टोकामक में भंजन एवं आरंभन में सहायता करने हेतु जायरोट्रॉन आधारित इलेक्ट्रॉनसाइक्लोट्रॉन अनुनाद तापन (ईसीआरएच) प्रणाली (42 GHz आवृत्ति एवं 500 kW शक्ति) का इस्तेमाल किया गया है। यह द्वितीय हार्मोनिक अनुनाद ईसीआरएच पर आधारित है।

आयन साइक्लोट्रॉन अनुनाद तापन (आईसीआरएच) प्रयोग: 100 ms की प्लाज़्मा अवधि में विभिन्न RF शक्तियों (40 kW-200 kW) पर विभिन्न परिमाणों के RF स्पंदों का इस्तेमाल करके 20-40 MHz की आवृत्ति रेंज में 1 MW RF जनरेटर के साथ द्वितीय हार्मोनिक पर तापन प्रयोगों को क्रियान्वित किया गया है। आईसीआर तापन शक्ति के दौरान इन प्रयोगों में आयन तापमान में वृद्धि देखी गयी है। एक नई तकनीक का पता लगाया गया है जिससे आरएफ शक्ति की सहायता से प्लाज़्मा को वापस मूल अवस्था में लाया जा सकें। इस प्रयोग में गैस कश की सहायता से प्लाज़्मा का विदारण बलपूर्वक उत्पन्न किया जाता है तथा एच अल्फा सिग्नल से फीडबैक नियंत्रण की सहायता से मूल प्लाज़्मा धारा प्राप्त करने के लिए आरएफ शक्ति को प्रविष्ट किया जाता है। इस प्रयोग को हस्तचालित एवं स्वत:चालित फीड बैक विधि में कई बार दोहराया गया है।

5 मिलियन डिग्री से अधिक तापमान पर 160 kAmp तक की उच्च प्लाज़्मा धारा को टोरोइडल चुम्बकीय क्षेत्र 1.26 टेस्ला के साथ लगभग एक सेकण्ड के चौथाई समय के लिए प्राप्त किया गया है। प्रचालन के 25 वर्षों के बाद यह एक प्रमुख उन्नयन से गुजर रहा है और अगले वर्ष तक चालू होने की उम्मीद है।



चित्र A.1.1.3 वृत्ताकार क्रॉस सैक्शन के साथ अभिकल्पित आदित्य उन्नयन निर्वात पात्र। पहले इसे आयताकार क्रॉस-सैक्शन के साथ किया गया था

A.1.1.4 आदित्य उन्नयन

मौजूदा आदित्य टोकामक को सीमक अभिविन्यास सहित डायवर्टर टोकामक के लिए निम्नलिखित तकनीकी एवं वैज्ञानिक उद्देश्यों की पूर्ति होती उन्नत किये जाने की योजना बनायी गई है: (a) डायवर्टर प्रचालन एवं अधिक उपयोगिता अनुपात से युक्त मध्य-आकार का टोकामक (b) नई नैदानिकियों के लिए परीक्षण बेड; (c) छात्रों को प्रशिक्षित किया जा सकता है तथा (d) बड़े टोकामकों में जिन प्रयोगों को अंजाम नहीं दिया गया है, उन प्रयोगों को क्रियान्वित करने का प्रयास किया जा सकता है।

निर्वात पात्र: नई कॉयलों की दो जोड़ी को भूमध्यवर्ती समतल के बराबर समायोजित करने के लिए (ऊपर के भाग में दो तथा नीचे के भाग में 2) मौजूदा आयताकार टारोइडल निर्वात पात्र के स्थान पर एक नये टोरोइडल निर्वात पात्र को गोलाकार अनुप्रस्थ काट के साथ रखा जाएगा। नये निर्वात पात्र का एक आइसोमैट्रिक दृश्य चित्र 7 में दिखाया गया है। यह पात्र SS 304L से बना है जो दो अर्द्ध-टोरी के आकार में है और प्रत्येक अर्द्ध टोरस लगभग 750 किलो का है, जिसके दीवार



चित्र A.1.1.4 वृत्ताकार क्रॉस सैक्शन के साथ अभिकल्पित आदित्य उन्नयन निर्वात पात्र

की मोटाई 8 mm है। इस पात्र में विभिन्न आयामों के त्रिज्य, ऊपरी एवं नीचेके द्वारकों की संख्या 110 होगी।

डायवर्टर कॉयल: कॉयल के नए जोड़े का डायवर्टर के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। इन्हें आवश्यक ऊँचाई पर भूमध्यवर्गी समतल के लिए संतुलित रूप से रखा जाएगा। टीएफ कॉयल के सभी भीतरी (बड़े) सी-खंडों के संस्थापन के बाद और नये निर्वात पात्र के संस्थापन से पहले भीतरी जोड़े को यथावत् क्षत किया जाएगा। नये निर्वात पात्र के इंस्टॉलेशन के बाद बाहरी कॉयल के जोड़े को संस्थापित किया जाएगा।

नया बक्लिंग सिलेंडर: नये बक्लिंग सिलेंडर का अभिकल्पन, निर्माण एवं प्रापण कार्य पूरा हो चुका है और अब यह संस्थापन के लिए तैयार है।

A.1.2 स्थिर अवस्था टोकामक अतिचालक (एसएसटी-1)

A.1.2.1 यंत्र की स्थिति एवं प्रयोगों के परिणाम

स्थिर अवस्था अतिचालक (एसएसटी-1 टोकामक) ने भौतिकी प्रयोगों एवं उसके आंतरिक तथा सहायक उप प्रणाली के अपग्रेडेशन के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है। अप्रेल 2014 के प्रारंभ से एसएसटी-1 ने इलेक्ट्रॉन-साइक्लोट्रॉन पूर्व आयनीकरण की मूल प्रणाली की सहायता से एवं 1.5 टेसला टॉरोयडल चुम्बकीय क्षेत्र में 75000 A प्लाज़्मा धारा को प्राप्त कर चुका है। इस उपलब्धि के पूर्व भी एसएसटी-1, इलेक्ट्रॉन-साइक्लोट्रॉन पूर्व आयनीकरण के द्वितीय मूल प्रणाली द्वारा 300 मी. से. के अवधि काल वाली 52000 A की प्लाज़्मा धारा को सफलतापूर्वक प्राप्त कर चुकी है। इसके बाद एसएसटी-1के प्रयोगों में ओमिक प्लाज़्मा धारा की अवधि 500 मी. से. तक प्राप्त की जा चुका है। एसएसटी-1 प्लाज़्मा ओमिक प्रेरित, वृतीय सीमक वृत्ति प्लाज़्मा है, जिसका औसत घनत्व ~5-8x10^{18} कण प्रति घन मीटर एवं आंतरिक प्लाज़्मा तापमान 350 eV है। प्लाज़्मा के इन स्तम्भों का लघु-व्यास



चित्र A.1.2.1 आईपीआर में स्थिर अवस्था अतिचालक टोकामक



चित्र A.1.2.2 प्रतिबिंबित एसएसटी-1 प्लाज़्मा

~0.5 मीटर और दीर्घ व्यास 2.4 मीटर है। एसएसटी-1 प्लाज़्मा प्रचुर मात्रा में मेग्नेटो-हाइड्रोडायनेमिक सर्कियता का प्रदर्शन करती है जो समकालिक अन्य टोकामक में भी दृष्ट है एवं विशिष्ट उष्ण व्यवस्था

एसएसटी-1 एक मध्यम आकार का अतिचालक टोकामक है, जिसे टोकामक की स्थिर अवस्था की स्थितियों में प्लाज़्मा प्रक्रियाओं की भौतिकी का अध्ययन करने एवं टोकामक के स्थिर अवस्था प्रचालन से संबंधित तकनीकियों को विकसित करने के लिए अभिकल्पित एवं निर्मित किया गया है। एसएसटी-1 विश्व का पहला टोकामक है, जिसने केबल-इन-कंडयूट क्षत चुम्बकों से दो-चरण हीलियम शीतलन का प्रदर्शन किया था।

वाले इलेक्ट्रॉन जो शीत-पृष्ठ भूमि-प्लाज़्मा के साथ प्रतिक्रियात्मक रूप में उपस्थित हैं, उनका भी प्रदर्शन करती है। एसएसटी-1 में परिरोध मापन, नियो एल्केटर मापन का समुचित रुप से अनुसरण करता है तथा ह्युगिल आरेख अपने समकालीन टोकामकों के जो अपने संचालन के अवस्था में एसएसटी-1 के समरुप हैं, सदृश है। इस प्रकार एसएसटी-1 प्लाज़्मा पूर्णतया स्थापित एवं अंशशोधित टोकामक प्लाज़्मा है। साथ ही, एसएसटी-1 प्लाज़्मा की नवीन विशिष्टताएँ हैं मूल-अनुरूपित एवं द्वितीय अनुरुपित पूर्व आयनीकरण प्रणाली द्वारा उत्पादित होना, ईटर के समान अति निम्न विद्युत क्षेत्र जैसे ~0.35 V/m के साथ प्लाज़्मा उत्पत्ति, बीज-इलेक्ट्रॉन एवं माइक्रोवेव तरंगों के परस्पर अरेखीय प्रतिक्रियात्मकता जो ब्रेक डाउन के विलम्ब की व्याख्या करता है, अरेखीय उद्‌द्यत प्रणाली, द्वीप-प्रणाली एवं विघटन आदि। एसएसटी-1 के इन नव विशिष्टताओं को 'एसएसटी-1 के प्रथम प्रायोगिक परिणाम' के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी आईएईए द्वारा संचालित संलयन ऊर्जा सम्मेलन, सेंट-पीटरर्सबर्ग में 14 अक्टूबर 2014 को एक आमंत्रित प्रस्तुतिकरण के लिए मौखिक रूप से प्रतिपादित किया गया। यह एक सर्वप्रथम अवसर था जब एसएसटी-1 को एक ऐसे प्रतिष्ठित मंच पर इस प्रकार की श्रेणी के लिए प्रस्तुत किया गया।

प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एसएसटी-1 को अपने प्रकार की सर्वप्रथम उपलब्धि के कई श्रेय प्राप्त हैं। एसएसटी-1 के अतिचालक टॉरोइडल क्षेत्र चुम्बक ने निरंतर क्रायोजेनिक रूप से स्थिर संचालन का प्रदर्शन द्विस्तर शीतलित हीलियम शीतलन द्वारा प्लाज़्मा प्रयोगों के दौरान 25000 सेकण्ड तक

कार्बन-कार्बन सम्मिश्रित प्लाज़्मा मुखित घटकों एवं 80K द्रव नाइट्रोजन बूस्टर प्रणाली का एकीकृत प्रवाह वितरणों आदि के साथ उन्नयन का पहला चरण चल रहा है।



चित्र A.1.2.3 प्लाज़्मा मुखित घटकों के साथ एसएसटी-1 के उन्नयन का कार्य जारी

किया है। इस प्रकार के इष्टतम क्रायोजनिक प्रणाली में संचालित टोकामक चुम्बक संचालन के लिए, एसएसटी-1 टीएफ-चुम्बक विश्व में एकमात्र अतिचालक टोकामक चुम्बक है जिसने केबल-इन-कन्ड्यूट संचालक के तापी-ध्वनिक अस्थिरता के बिना चुम्बक प्रचालन का एक अनूठा व्यवस्था प्रदान की है। इसके अलावा, ठण्डे बजट (5k) को और ठंडा, वाष्प प्रशितलित धारा एसएसटी-1 से संचार करती है जो वह शीत हीलियम वाष्प उसके संबंधित ऊष्म विनिमयक खण्डों पर करती है बजाय द्रवित हीलियम के। तब से एसएसटी-1 के उन्नयन को प्रारंभ किया गया है। इस प्रक्रिया में कार्बन-कार्बन संयुक्त प्लाज़्मा-मुखित घटकों (करीब 4000 3-d रूपरेखित टाईल्स) को उनके ऊष्मा-गार CuCrZr बेक प्लेटों (~132 की संख्या में) के साथ (5000 किलो भार) (चित्र A.1.2.3) स्थापित किया जाना, प्लाज़्मा मुखित घटकों के लिए ऊष्म नाइट्रोजन तापन प्रणाली को स्थापित किया जाना, 5 K हीलियम तरल प्रशीतलन प्रणाली को उसके रचना विनिर्देशन के साथ पुनःअंश-शोधित किया जाना, 80 K तरल नाइट्रोजन बूस्टर प्रणाली को एकीकृत प्रवाह वितरण के साथ एसएसटी-1 के साथ संघटित किया जाना, पराध्वनिक आण्विक बीम अन्तःक्षेपण प्रणाली को एसएसटी-1 के गैस-भरण प्रणाली के साथ तैयार किया जाना बहु सेकन्ड क्षेत्र तक आंकड़ा प्रापण प्रणाली को बढ़ाना। प्लाज़्मा धारा एवं घनत्व की प्रतिपुष्टि एवं नियंत्रण को समावेशित किया जाना इत्यादि। इन उन्नयन प्रक्रियाओं को शीघ्र ही क्रियान्वित किया जाएगा। इसके उपरान्त, एसएसटी-1 का यह उन्नयन, उसे अपने समकालीन टोकामक मशीन के और समीप ले जाएगा तथा लंबी अवधि के गैस निस्सरण के लिए प्रयुक्त करेगी। इसके बाद, तकनीकी रुप से उन्नत एसएसटी-1 को पुनः एक अभियांत्रिक सत्यापन के लिए परिकल्पित किया गया है एवं तदनुपरांत प्लाज़्मा भौतिकी प्रयोगों को संचालित किया जाएगा।



चित्र A.1.2.4 एसएसटी-1 निर्वात पात्र के भीतर से दिखाई दे रहा बोलोमीटर कैमरा

A.1.2.2 नैदानिकी विकास

प्रत्यागामी लैंग्म्योर प्रोब नैदानिकी: नीचले पोर्ट संख्या 10 पर परीक्षण के लिए एक प्रत्यागामी लैंग्म्योर प्रोब साधन को स्थापित किया गया है। इसकी डिज़ाइन एसएसटी-1 के एसओएल में तापमान एवं घनत्व मापन के लिए किया गया है। इस प्रोब-शीर्ष में लैंगमूर प्रोब की सरणी होगी जिसे एसओएल के आर-पार संचालित किया जाएगा। इसकी गति 1 m/s के दर से 200mm लम्बाई को 200 ms में एसओएल में स्केन करेगी। इस गति को दो वायवीय चालकों द्वारा संपादित किया जाएगा। धीमी गति चालक इस प्रोब को लगभग 200mm तक एक निर्देश स्थिति तक ले जाती है जहाँ वह पूरे प्रयोग के दौरान स्थित रहता है। तीव्र गति चालक को इस निर्देश स्थान से चलायमान करता है एवं प्लाज़्मा डिस्चार्ज के दौरान इसे एसओएल तक ले जाता है। डिस्चार्ज के उपरांत, इस प्रोब शीर्षको पुनः निर्देश स्थिति पर ले जाया जाता है। प्रत्यागामी प्रोब चालक को प्रोग्राम नियंत्रित संगत नियंत्रक की सहायता से चालित किया जाता है। इस पीएलसी को प्लाज़्मा लूप-वोल्टेज द्वारा बाह्य ट्रिगर दी जाती है। नियंत्रित विलम्ब प्रणाली द्वारा एक नियोजित स्कैन की प्रक्रिया होती है। स्कैन की संख्या एवं उनके बीच का अंतराल नियोजित होती है। नियोजित व्यवस्था के अनुरुप ही पीएलसी को चलाया जाता है एवं स्कैन संपन्न होता है। आवश्यकतानुसार, प्लाज़्मा शॉट के दौरान समान एवं अलग-अलग समयांतराल वाले स्कैन किसी भी संख्या में संपादित किए जा सकते हैं।

बोलोमीटर नैदानिकी: विकिरण क्षय (पीआरएडी) का मापन एसएसटी-1 में एएक्सयुवी फोटोडायोडों के स्थापित कतारों से किया जाता है। सात परिकल्पित बोलोमीटर कैमरों में से एक बोलोमीटर कैमरे को



चित्र A.1.2.5 अवरक्त विडियो बोलोमीटर फॉयल पर प्रयोगात्मक रूप से प्राप्त किया गया तापमान प्रालेख

एसएसटी-1 के त्रिज्य पोर्ट-15 पर स्थापित किया गया है जो सीमक-प्लाज़्मा से आने वाले विकिरण के मापन के लिए कार्यरत है। कैमरो एसएसटी-1 के निर्वात-पात्र में स्थित है एवं यह पिन-होल की सहायता से प्लाज़्मा को प्रतिबिम्बित करता है। ऐरे से मापन प्लाज़्मा संकेतों का निर्वात-पात्र से बाहर, विद्युतिय फीड थ्रु द्वारा लिया जाता है और एम्प्लिफायरों को जो रेडियल पोर्ट के समीप स्थापित होते हैं, दिया जाता है। एसएसटी-1 से विकिरण-क्षय क मापन सभी प्लाज़्मा डिस्चार्जों के लिए किया गया है। यह क्षय, निविष्ट शक्ति का 30% से 50% तक है।

स्पेक्ट्रोस्कोपी नैदानिकी: दृश्य-स्पेक्ट्रोस्कोपिक नैदानिकी का उन्नतिकरण 8-चैनल फोटो मल्टीप्लायर ट्युबों के कतारों पर आधारित नैदानिकी के रुप में किया जिसका उपयोग एच-अल्फा एवं कार्बन CIII ($C2+$) के स्थान-अवलोकित उत्सर्जन मापन के लिए किया जाता है। $C2+$उत्सर्जन के रेखीय-तीव्रता-अनुपात का उपयोग कर, 15eV से 30eV की श्रेणी में इलेक्ट्रॉन तपमान का मापन किया गया। यह तापमान प्लाज़्मा के उन स्थानों के तापमान का होता है, जहाँ, $C2+$ आयन स्थित हैं।

हालांकि आदित्य टोकामक की विभिन्न नैदानिकियों के प्रचालन के माध्यम से काफी अनुभव प्राप्त हुए हैं, लेकिन इन अनुभवों को एसएसटी-1 जैसी स्थिर अवस्था मशीन पर अमल में लाना बहुत चुनौतीपूर्ण है। इन चुनौतियों ने यहां कार्य कर रहे वैज्ञानिकों को कई महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान किये हैं।

अवरक्त प्रतिबिम्बित विडियो बोलोमीटर (आईआरवीबी): यह एक प्रतिबिम्बित बोलोमीटर है जो प्लाज़्मा के द्वि-आयामी सामयिक संकल्पित कुल विकिरण शक्ति की रुपरेखा प्रदान करता है। इसमें विपरिवर्तन टोमोग्राफिक तकनीक, प्लाज़्मा विकिरण संरचना की पुनर्निर्माण को समझा एवं देखा जा सकता है। इस तकनीक में अत्यंत महीन धातुपत्री, जो मुक्तरुप से खड़ी होती है एवं जिसका पार्श्व क्षेत्रफल बहुत ज्यादा होता है, प्लाज़्मा से विकिरण शक्ति को पिन-होल कैमरा ज्यामिति द्वारा एक विस्तृत वर्णक्रम में अवशोषित करता है। यह अवशोषित शक्ति पत्री के तापमान में वृद्धि करती है जो प्लाज़्मा के अंदर के विकिरण स्रोत का एकीकृत प्रक्षेपण होता है। पत्रीकी द्वि-आयामी तापमान रुपरेखा को, दूरस्थरुप से प्रतिबिम्बित किया जाता है एवं आईआर-संचारण निर्वात व्यू पोर्ट से अवरक्त कैमरे में जो निर्वात-पात्र से बाहर स्थित होता है, मापा जाता है। तापमान के आँकड़ों द्वारा प्लाज़्मा के विकिरण शकितका निर्धारण किया जा सकताहै। एसएसटी-1 नें स्थापित आईआरवीबी प्रणाली द्वारा, अभियन IX के दौरान पहली बार संकेत देखा गया। एसएसटी-1 टोकामक में आईआरवीबी के लिए अपेक्षित संकेत अत्यंत निम्न है एवं इस कारण एसएसटी-1 के लिए आईआरवीबी की रचना चुनौतिपूर्ण है। एसएसटी-1 टोकामक में स्थापित 1 आरवीबी से प्रयोगात्मक छवि और मॉडल आईआरवीबी छवि में थोड़ा बहुत मेल है।

अवरक्त कैमरा का उपयोग करते हुए "रनअवे इलेक्ट्रॉनों" द्वारा उत्सर्जित सिंक्रोटॉन विकिरण: प्रयोगात्मक स्थितियों और प्लाज़्मा मापदण्ड़ों के आधार पर प्लाज़्मा मापदण्ड़ों के आधार पर प्लाज़्मा डिस्चार्ज के विभिन्न चरणों में "रनअवे इलेक्ट्रॉन" (REs) का उत्पादन टोकामक के अंदर होता है। यह REs उच्च ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों आमतौर पर मेगा इलेक्ट्रॉन वोल्ट (MeVs) हैं। कई कारणों नामत: भौतिकी अध्ययन, मशीन सुरक्षा और RE जनन के शमन के लिए प्लाज़्मा नियंत्रण प्रयोगात्मक अवलोकन एवं भगौड़ा इलेक्ट्रॉनों का पता लगाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सीमित और असीमित REs का पता लगाने के लिए कई सक्रिय और निष्क्रिय नैदानिक विधियाँ हैं। एक स्थापित तरीका एचएक्सआर मॉनिटर है। हांलांकि, यह विधि अप्रत्यक्ष है और REs द्वारा उत्सर्जित सिंक्रोट्रॉन विकिरण का पता लगाने (जो सामान्यत: अवरक्त/दृष्टिपरास रेंज में है) का जब वे प्लाज़्मा स्तंभ में सीमित होते हैं। अग्र कैमरा इलेक्ट्रॉन दृष्टिकोण स्पर्शरेखा देखने की दिशा में विन्यस्त है तो इन्फ्रारेड़ कैमरा सामने से आनेवाले REs के सिंक्रोट्रॉन उत्सर्जन का पता लगा सकता है।

A.1.2.3 तापन तथा धारा प्रवाह प्रणाली

स्थिर अवस्था एवं अतिचालक कॉइल मशीन होने के कारण एसएसटी-1 को नियमित संचालन के लिए रेडियो आवृत्ति तापन तथा धारा प्रवाह प्रणाली की आवश्यकता होती है। मशीन के संचालन के समय प्लाज़्मा धारा प्रवाह के लिए एलएचसीडी, तथा तापन एवं प्रोफाइल नियंत्रण के लिए आईसीआरएच अति आवश्यक हैं। इन तापन प्रणालियों के अतिरिक्त एसएसटी-1 में एक उदासीन पुँज अंत:क्षेपण तापन प्रणाली भी होगी।

इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रान अनुनाद तापन प्रणाली

42 GHz-500 kW इसीआरएच प्रणालियाँ एसएसटी-1 टोकामक के लिए महत्वपूर्ण प्रणालियों के रूप में उभरती है। इस प्रणाली का उपयोग मूलभूत तथा द्वितीय हार्मोनिक पर इ सी आर एच सहायता प्रदत्त प्लाज़्मा भंजन, प्रवर्तन तथा धारा प्रवाह प्रयोग करने के लिए हुआ है। 1.5 T के टोरोइडल चुंबकीय क्षेत्र के साथ टोकामक के निम्न क्षेत्र पक्ष से मूलभूत ओ मोड में इसीआरएच शक्ति (~ 300 kW तक) प्रक्षेपित की जाती है। इस शक्ति को लूप वोल्टता के लगभग 20 मिली सेकंड पहले प्रक्षेपित की जाती है। एसएसटी-1 टोकामक मे ~70 kA के प्लाज़्मा

प्रवाह वाले दीर्घ शॉट्स के साथ इ सी आर एच समर्थित संगत भंजन प्राप्त होता है। जब एसएसटी-1 टोकामक को 0.75 T चुम्बकीय क्षेत्र पर संचालित किया जाता है, तब टोकामक मापदंडों की एक विस्तृत श्रृंखला पर 42GHz प्रणाली का उपयोग कर द्वितीय हार्मोनिक इ सी आर एच सहायता प्रदत्त भंजन प्रयोग किए जाते हैं। X 2 मोड में लगभग 250 से 300 kW इ सी आर एच शक्ति प्रक्षेपित की जाती है तथा इ सी आर एच स्पंद अवधि को 125 मिली सेकंड से 450 मिली सेकंड तक परिवर्तित करते है। चूँकि द्वितीय हार्मोनिक इ सी आर एच सहायता प्रदत्त भंजन में विलम्ब होता है, इ सी आर एच को लूप वोल्टता के लगभग 50 मिली सेकंड पहले प्रक्षेपित किया जाता हैं। एसएसटी-1 में 0.75T संचालन पर सफल द्वितीय हार्मोनिक इ सी आर एच सहायता प्रदत्त भंजन प्राप्त किया गया है।

इ सी सी डी तथा एसएसटी-1 में दीर्घ स्पंद इसीआरएच संचालनः प्लाज़्मा धारा पर इसीआरएच के प्रभाव को सुनिश्चित करने के लिए लंबी अवधि तक इसीआरएच का प्रयोग किया जाता है। इस प्रयोग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि इसीआरएच प्लाज़्मा प्रवाह को समर्थन देती है, जो एसएसटी-1 मे इसीआरएच का एक अतिरिक्त लक्षण है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए टोकामक के भीतर की ओर एक कोण पर एक धातु का SS304L परावर्तक स्थापित किया जाता है। प्लाज़्मा धारा का समर्थन करने के लिए यह इलेक्ट्रॉन को एक अतिरिक्त गति प्रदान करता है।

इसीआरएच के लिए 15A आर एचवीपीएसः ईसीआरएच के लिए समर्पित 80 kV-15A नियंत्रित उच्च वोल्टता शक्ति आपूर्ति को जाइरोट्रॉन के साथ सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है। नयी शक्ति आपूर्ति वाली इ सी आर एच प्रणाली का 350 kW शक्ति के साथ 500 मिलि सेकंड की अवधि के लिए परीक्षण किया गया है। एसएसटी-1 पर हाल के प्रयोग नये आर एचवीपीएस के साथ किए गये हैं। इस प्रयास द्वारा एसएसटी-1 में उच्च शक्ति संचालन के लिए एलएचसीडी प्रणाली हेतु 75A शक्ति आपूर्ति की सुविधा मिलती है।

निम्न संकर धारा प्रवाह (एलएचसीडी) प्रणाली

एलएचसीडी की प्रणाली के संचालन में क्लाइस्ट्रॉन की दो भरण परतों 1 और 2 के साथ अभियान-XI (सितम्बर-अक्तूबर 2014) में एल एच शक्ति सफलतापूर्वक प्रक्षेपित की गयी। इस विन्यास में एल एच शक्ति को ग्रिल एंटीना के नीचे के पंक्ति से प्रक्षेपित किया जाता है। प्रयोगों के दौरान N// को 2.25 से 3.25 तक परिवर्तित किया जाता है तथा एलएच शक्ति को 175 kW तक प्रक्षेपित किया गया। CdTe संसूचक में एल एच शक्ति के लिए तत्काल प्रतिक्रिया देखी गयी है जिससे प्लाज़्मा के साथ निम्न संकर तरंगों की अंतर्क्रिया तथा सूप्राथर्मल इलेक्ट्रॉनों के उत्पादन का संकेत देते हैं। इन प्रयोगों को 1.5T के टोरोइडल चुंबकीय क्षेत्र में निष्पादित किया जाता है। अगले अभियान के लिए एलएचसीडी प्रणाली की तैयारी शुरू कर दी गयी है। आने वाले अभियानों के लिए एलएचसीडी प्रणाली को उच्च बेकिंग तापमान के अनुकूल बनाया जा रहा है, जिनमें पी एफ सी घटकों को 350^0C तक बेक किया जाएगा। सक्रिय जल प्रशीतलन वाले एस एस ग्रिल एन्टीना का निर्माण किया गया है। एसएसटी-1 मशीन में से पुरानी ताँबे की ग्रिल को हटाकर, जिसमें रिसाव हो गया था, नई एसएस ग्रिल लगा दी गई है। सभी प्रशीतलन लाइन जोड़ों को बना लिया गया है तथा सभी वेल्ड जोड़

एसएसटी-1 के लिए सभी तीनों प्रकार की रेडियो-आवृत्ति आधारित तापन एवं विद्युत धारा चालन -ईसीआरएच, आईसीआरएच एवं एलएचसीडी प्रचालनरत हैं।

क्युएक्यु सी अहर्ता प्राप्त हैं। अनुकरण अध्ययन किए गए हैं, जिनसे इस बात की पुष्टि होती है कि डिज़ाइन उच्च तापमान पर बेकिंग के दौरान, सील उचित तापमान पर बरकरार रहेंगी तथा निर्वात विंडो सक्रिय रूप से शीतल होगी। हालांकि, बेकिंग के दौरान यदि वर्तमान सीलें उच्च तापमान सहन करने में विफल रहीं, तो एक बैक-अप योजना के तहत नई सीलें (वाइटन तथा कलरेज़) खरीदी गई हैं, जिन्हें तुरंत बदला जाएगा। बेकिंग के दौरान तापमान की निगरानी करने के लिए सील के क्षेत्र में तापमान संसूचक लगाए गए हैं। आने वाले अभियान में अधिक एलएच शक्ति प्रदान करने के लिए परत-3 तथा परत-4 को ग्रिल एन्टेना से जोड़ने के प्रयास जारी हैं। परत-3 तथा परत-4 की निवेश लाइन के साथ बाकी दो क्लाइस्ट्रॉनों के निर्गम का एकीकरण भी प्रगति पर है। सभी चार क्लाइस्ट्रॉनों को उनके संबंधित टैंकों पर डाल दिया गया है। हर क्लाइस्ट्रॉन का अपने विद्युत सांद्रण के लिए परीक्षण किया जाता है तथा उच्च शक्ति प्रचालन के लिए अनुकूलित किया जाता है। अब सभी चार क्लाइस्ट्रॉनों को समानांतर विन्यास में जोड़ने की तैयारियाँ चल रही हैं, ताकि सभी चारों को एकल उच्च वोल्टता शक्ति आपूर्ति से एक साथ संचालित किया जा सके। चार क्लाइस्ट्रॉनों को नियंत्रित करने के लिए दो एनोड मॉड्यूलेटर शक्ति आपूर्तियों (प्रत्येक दो क्लाइस्ट्रॉन प्रणाली से जुड़े हुए) का प्रयोग किया गया है।

आयन साइक्लोट्रॉन अनुनाद तापन प्रणाली

एसएसटी-1 संयंत्र का तापमान 1 keV से 2 keV बढ़ाने के लिए मॅगा वाट स्तर आर एफ शक्ति शुरु करने की योजना बनाई जा रही है। इसके लिए एम डब्ल्यु स्तर का आरएफ जनित्र स्वदेशीय रुप से बनाया जा रहा है। दोनों पोर्टों पर ऐंटीना और अंतरापृष्ठ का एकीकरण प्रत्येक पोर्ट के पास नैदानिकी के एक सेट की स्थापना के साथ किया जा चुका है। पोर्ट संख्या 6 को बैलो की मरम्मत करने के लिए खोलने का निर्णय लिया

गया, जिसे रिसाव से बचने के लिए अवरुद्ध किया गया था। पूरे एंटेना तथा अंतरापृष्ठ को विघटित कर दिया गया, रिसाव परीक्षण के बाद नये बैलो की स्थापना की गई, बचे हुए दो सेटों की स्थापना कर प्रणाली को एसएसटी-1 प्रचालन के लिए तैयार कर लिया गया सिवाय पिछले शीर्ष बैलो खंड को जिसे एसएसटी-1 निर्वात रिसाव परीक्षण के बाद स्थापित किया गया है।

क्रो-बार प्रणाली के बदले आईजीबीटी आधारित एचवी स्विच का विकास: बिजली आपूर्ति क विच्छेद के दौरान उच्च शक्ति आरएफ नलिकाओं को क्षति से बचाने के लिए परम्परागत बिजली आपूर्ति को क्रो-बार प्रणाली की आवश्यकता होती है। हालांकि प्रत्येक क्रो-बार प्रक्रिया से शक्ति आपूर्ति में शॉर्ट सर्किट हो जाता है, जिससे शक्ति आपूर्ति का कार्यकाल कम हो जाता है। इसके बजाय विच्छेद के दौरान आपूर्ति को अलग करने के लिए एक त्वरित उच्च वोल्टता स्विच का इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि नालिका तथा शक्ति आपूर्ति की रक्षा की जा सके। वोल्टता क्षमता तथा धारा क्षमता को बढाने के लिए क्रमश: आगे बढ़ने की योजना बनाई गई है। पहले चरण में विस्तृत अनुकरण के बाद ट्रायोड आधारित आईसीआरएफ विस्तारक संरक्षण के लिए 4 kV, 1 A श्रृंखला से जुड़े आईजीबीटी स्विच की रूपरेखा तैयार की गयी है। 4 kV, 1 A श्रृंखला की आईजीबीटी स्विच के अनुकरण मॉडल को, जिसे पीएसआईएम सॉफ्टवेयर में विकसित किया गया है, वोल्टता रेटिंग के अनुकूलन में प्रयोग करते हैं। 4 kV के लिए स्विच का परीक्षण किया गया है, तथा पाया गया है कि यह 10 माइक्रो सेकेंड से कम में कार्य करता है।

अनावेशी पुँज इंजेक्शन (एनबीआई) तापन प्रणाली

एसएसटी-1-एनबीआई समूह ने पहली बार पीआईएनआई एवं दो स्वदेशीय विकसित क्रायो-संघनन पंपों का एक साथ प्रचालन किया है (चित्र 1.2.6)। इन पंपों को 4.2 K पर द्रव हीलियम का उपयोग करके तथा विकिरण (तापीय) परिरक्षणों में द्रव नाइट्रोजन को प्रवाहित करके प्रचालित किया जाता है। पंप का सुचारू रूप से संचालन देखने के लिए एवं बीमलाइन में दाबान्तर बनाए रखनेके लिए क्रायोपंपों एवं पीआईएनआई के एक साथ प्रचालन पर प्रयोग किया गया। यह प्रयोग आयन स्रोत के प्रचालन के लिए आवश्यक अधिक गैस भरण का संचालन करने के लिए एवं प्रचालन के बाद क्रायो पंपों का सुरक्षित पुन:उत्पादन प्राप्त करने के लिए किया गया। दोनों क्रायोपंपों की प्रभावी पंपिंग गति लगभग 4x105 l/s मापी गई है। इसी समय 40keV तक की ऊर्जा वाले 18A के आयन पुँज को निकाला गया। हाल ही में किये गये पीआईएनआई प्रचालनों के दौरान प्राप्त किये गये आयन पुंज के लिए प्रारूपिक तापीय फूट प्रिंटों (आईआर कैमरा का इस्तेमाल करके) को चित्र A.1.2.8 में दर्शाया गया है। समग्र एनबीआई प्रणाली को बीम लाइन के साथ वांछित दाब प्रालेखों को बनाए रखते हुए आयन स्रोत (30 torr- l/s तक) में हाईड्रोजन की उच्च गैस फीड दरों के लिए एवं न्यूट्रलाइज़र (80 torr- l/s तक) में गैस फीड के लिए परीक्षण किया गया है। न्यूट्रलाइज़र एवं बीम लाइन दाब को क्रमश: 10^{-3} torr एवं 10^{-5} torr की रेंज में रखा गया है। प्रचालन के प्राचलों को बेहतर बनाने के लिए आयन स्रोतकी नियंत्रण प्रणाली के लिए एक उपयुक्त संशोधन

आगामी वर्ष में एकीकृत करने के लिए एनबीआई तापन प्रणाली को तैयार किया जा रहा है।

का प्रस्ताव दिया है, जिसे इसके प्रचालन में जल्द ही शामिल किया जाएगा। ट्रांज़िशन घटकों का निर्माण, कवच के माध्यम से चमक एवं बीम ट्रांसमिशन डक्ट (एसएसटी-1 के साथ एनबीआई के एकीकरण के लिए आवश्यक) प्रगति पर है तथा जल्द ही सुपुर्द किये जाने की उम्मीद है (चित्र A.1.2.7)। एसएसटी-1 में एनबीआई के संयोजन के लिए अभिकल्पन पूरा हो चुका है तथा प्रापण प्रक्रिया चल रही है (चित्र A.1.2.10)। एसएसटी-1 के साथ एनबीआई के संयोजन एवं एकीकरण को इस वर्ष पूरा किये जाने की उम्मीद है।



चित्र 1.2.6 क्रायो संघनन पंपों के संयोजन पर प्रयोग का योजनाबद्ध दृश्य



चित्र A.1.2.7 शाइन-थ्रू आर्मर को चित्रित करने वाले 3D दृश्य



चित्र A.1.2.8 अवरक्त कैमरे के इस्तेमाल से प्राप्त किरण पुंज के चिन्ह



चित्र A.1.2.9 पुँज ट्रांसमिशन डक्ट एवं पुँज इंजेक्शन ज्यामिति के संयोजन को दर्शाता एक 3डी दृश्य



चित्र A.1.2.10 एसएसटी-1 टोकामक में न्यूट्रल पुँज इंजेक्टर के संयोजन को दर्शाता 3डी दृश्य

A.2. संलयन तकनीकियों का विकास

पंच वर्षीय योजनाओं को जारी रखते हुए संलयन से संबंधित विभिन्न तकनीकियों को निम्नलिखित विषयों के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है:

A.2.1 चुम्बक तकनीकी..... 12
A.2.2 डायवर्टर एवं प्रथम भित्ति तकनीकियाँ..... 14
A.2.3 क्रायो-पंप का विकास..... 16
A.2.4 टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्युल (टीबीएम)..... 18
A.2.5 बृहद क्रायोजेनिक संयंत्र एवं क्रायो-प्रणालिया (एलसीपीसी)..... 20
A.2.6 रिमोट हैंडलिंग एवं रोबोटिक तकनीक..... 21
A.2.7 ऋणात्मक आयन अनावेशी पुंज प्रणाली..... 23
A.2.8 संलयन रिएक्टर पदार्थ विकास तथा अभिलक्षण..... 25
A.2.9 संलयन ईंधन-चक्र का विकास..... 27

इस खण्ड में प्रतिवेदन अवधि के दौरान की गई प्रगति के बारे में संक्षेप में विवरण दिया गया है।

A.2.1. चुंबक तकनीकी

यह कार्यक्रम विभिन्न चुम्बकों के विकास को पूर्ण करता है जिसका संलयन मशीन में उपयोग किया जाएगा। आवश्यक सुविधाओं और तकनीकियों के विकास के अलावा अतिचालक चुंबकों के निर्माण और परीक्षण के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं।

चुम्बकीय रूप से सीमित टोकामक प्लाज़्मा के लिए चुम्बक तकनीकी महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक है। देशीय प्रयोगों की आवश्यकता को पूरा करने के अलावा यह तकनीक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सहयोग प्रदान कर रही है - उदाहरण के लिए ऑक्सफोर्डशायर, यूके में एक बड़े टोकामक जेट की ईएलएम कॉयल।

दोनों ही प्रकार के ईएलएम कॉयल के आवरण पद्धति के अनुकूलन के लिए आवरण के उत्पादन : यूनाइटेड किंगडम में जोइंट युरोपीयन टोरस (जेईटी) मशीन के सहयोग समझौते के तहत ईएलएम कॉयल के अभिकल्पन व निर्माण का कार्य किया जाना है। ±3 mm की परास के भीतर विशेष प्रयोजन की वलयन मशीन के उपयोग से वलयन पैक का निर्माण किया जा रहा है। आयामी आवश्यकताओं और इसकी सहनशीलता पर आधारित दोनों ही तरह से ईएलएम कॉइल के लिए इनकोनल 625 आवरण का निर्माण किया गया। वेल्ड जोड़ों के आवरण के लिए पराध्वनिक परीक्षण प्रक्रिया को स्थापित किया गया है । वलयन पैक के आवरण की गतिविधियों के बाद इसके निर्वात दाब संसेचन का कार्य प्रगति पर है।

इएलएम कॉइल के एस्टर आधारित उच्च तापमान रोधन के लिए निर्वात दाब संसेचन प्रक्रिया का विकास एवं अनुकूलन: ईएलएम कॉइलों के लिए उचित एस्टर आधारित उच्च तापमान रोधन के लिए निर्वात दाब संसेचन (वीपीआई) प्रक्रियाओं को भारतीय उद्योग के साथ सहयोग सहमति के साथ विकसित किया जा रहा है। वीपीआई प्रक्रियाएँ एवं उसके अनुकूलन को ईएलएम वाइंडिंग पैक की लंबी लंबाई एरे पर व्यापक परीक्षणों के साथ योग्य पाया गया है। वीपीआई के बाद रोधन उसके यांत्रिक एवं विद्युत विशेषताओं के लिए बनाया गया है। निर्वात दाब संसेचन के लिए चित्र A.2.1.1 में दर्शाई गई आवश्यक सुविधाओं को विकसित किया गया एवं समकक्ष प्रदर्शन कॉइल पर दर्शाया गया। ईएलएम कॉइल के दोनों तरह के वीपीआई का कार्य जारी हैं।

एसएसटी-1 अतिचालक केंद्रीय सोलेनोइड के लिए सीआईसीसी आधारित Nb_3Sn का उपयोग कर डिज़ाइन, विकास एवं अनुसंधान एवं विकास: एसएसटी -1 तकनीकी उन्नयन गतिविधियों के तहत डिज़ाइन एवं कंड्यूट कंडक्टर (सीआईसीसी) में Nb_3Sn आधारित सेंट्रल सोलेनोइड सेंट्रल सोलेनोइड का डिज़ाइन एवं उत्पादन के लिए शुरूआत की गई। केंद्रीय सोलेनोइड के लिए सीआईसीसी डिज़ाइन एवं



चित्र A.2.1.1 निर्वात दाब संसेचन (वीपीआई) के लिए सुविधा



चित्र A.2.1.2 क्रायोजन रहित सुविधा

वलयन पैक के विन्यास को पूरा किया गया एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की गई। चित्र में दर्शाए गए अतिचालक सेंट्रल सोलेनोइड के उत्पादन के लिए आवश्यक अनुसंधान एवं विकास (स्ट्रैंडों, सीएस का वीपीआई, सीआईसीसी का स्प्रींग बैक आदि) एवं प्रोटोटाइपिंग ट्रायल (केबलिंग, आवरण व वलयन) का कार्य प्रगति पर है।

MgB_2 का कम लंबाई का स्ट्रैंड एवं Nb_3Al स्ट्रैंड के प्रयोगशाला उत्पादन के साथ-साथ इसी की आवश्यक सुविधाओ का विकास : पॉवर-इन-ट्यूब दृष्टिकोण का उपयोग कर MgB_2 अतिचालक स्ट्रेंड के प्रयोगशाला उत्पादन के लिए शुरुआत की गई। ग्रूव रोलिंग मशीन, बहिर्वेधन मशीन एवं ऊष्मा उपचार भट्ठी जैसी आवश्यक सुविधाओं



चित्र A.2.1.3 निम्न तापमान पर यांत्रिकी अभिलक्षणन सुविधा

की स्थापना की गई है। एक 100 मी. लंबा एकल रेशे एवं बहु रेशों के MgB_2 स्ट्रेंडों को स्वदेशीय रूप से निर्मित किया गया है। Nb_3Al लंबे लंबाई के स्ट्रैंड के विकास के लिए भारतीय उद्योग के साथ महत्वपूर्ण प्रगति की जा चुकी है। आवश्यक ताप निष्कासन सुविधा को विकसित किया गया और विभिन्न आकारों के सफल निष्कासन कॉपर बिल्लेट्स द्वारा प्रदर्शित किया गया है।

अतिचालकों के प्रदर्शन सत्यापन के लिए पल्स ट्यूब क्रायोजेन रहित सुविधा क्रायोकूलर का विकास: क्रायो-कूलर, क्रायोस्टेट, पंपिंग प्रणाली, विकिरण, शील्ड, धारा लीड संयोजन, नमूनें धारक व शीतलक इकाई सहित क्रायोजन रहित सुविधा को संस्थापित किया गया और इसके प्रदर्शन का सत्यापन किया गया। Nb_3Sn, NbTi, MgB_2, YBCO, DI-BSCCO के कई अतिचालक नमूनों को इनके प्रदर्शन के सत्यापन के लिए इनका लाक्षणिकरण किया गया।

77 K एवं 5 K पर सामग्रियों के यांत्रिक लाक्षणिकरण के लिए विशिष्ट सुविधा का विकास: संस्थान पर निम्न तापमान (एमसीएफएलटी) पर यांत्रिक लाक्षणिकरण सुविधा का विकास एवं निर्माण की पहल की जा चुकी है। भारत में चित्र A.2.4 में दर्शाई गई विशिष्ट सुविधा है जो तनन परीक्षण, श्रान्ति परीक्षण एवं बेन्ड परीक्षण के लिए सक्षम है। एमसीएफएलटी के संभाव्यता अध्ययनों एवं इंजीनियरिंग डिज़ाइन को इसकी आवश्यक प्रणाली के साथ पूरा किया गया। आवश्यक अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों, प्रोटोटाइप परीक्षणों एवं विनिर्माण की गतिविधियों को शुरू किया गया है।

अतिचालक चुंबकों के संरक्षण के पहलुओं के लिए अनुसंधान एवं विकास गतिविधियाँ: यांत्रिक सर्किट ब्रेकर एवं IGBTs के संयोजन के साथ संकर सर्किट ब्रेकर को प्रयोगशाला में सत्यापित किया गया। 1500 A धारा के लिए संकर डीसी सर्किट ब्रेकर के लिए समग्र अभियान समय को कम करने के लिए ऑटो ट्रिगरिंग सर्किट एवं फंक्शन जनरेटर को प्रदर्शित किया गया। यह बृहद अतिचालक चुंबकों के लिए बहुत अत्याधिक सुरक्षा प्रणाली प्रदान कर सकता है। 1500 A धारा संचालन के लिए IGBTs की स्थिर ब्रेकर को शामिल करने वाली श्रृंख्ला के संयोजन का प्रयोगात्मक प्रदर्शन किया गया।

A.2.2 डायवर्टर एवं प्रथम भित्ति तकनीकी विकास

यह परियोजना संलयन ग्रेड टोकामकों के लिए डायवर्टर एंव प्रथम भित्ति घटकों से संबंधित सामग्रियों एवं तकनीकियों के अनुसंधान एवं विकास में संलग्न है। इस रिपोर्ट अवधि के दौरान मुख्य गतिविधियों के विवरण नीचे दिए गए हैं।

A.2.2.1 उच्च ऊष्म प्रवाह परीक्षण सुविधा (एचएचएफटीएफ)

एचएचएफ परीक्षण सुविधा के लिए डाटा अधिग्रहण एवं नियंत्रण प्रणाली: आईपीआर की उच्च ताप अभिवाह परीक्षण सुविधा (एचएचएफटीएफ) एक जटील प्रणाली है, जिसमें कई उप-प्रणालियों, नैदानिकी एवं उपयोगिताएँ हैं। डाटा अधिग्रहण एवं नियंत्रण प्रणाली को संपूर्ण प्रणाली के केन्द्रीकृत फिडबैक नियंत्रण करने के लिए एवं बाद में किये जाने वाले प्रक्रमण एवं विश्लेषण के लिए डाटा का अधिग्रहण करने के लिए अभिकल्पित किया गया है। एचएचएफटीएफ के डीएसीएस के लिए हार्डवेयर का प्रापण एवं परीक्षण और साथ ही सॉफ्टवेयर अभिकल्पन एवं विकास से संबंधित अधिकतर कार्य विक्रेता - मेसर्स ऑप्टमाइज्ड सोल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पूरा किया गया है। संवेदकों का एकीकरण एवं संपूर्ण डीएसीएस का परीक्षण वर्तमान में प्रगति पर है।

उच्च ताप अभिवाह परीक्षण सुविधा (एचएचएफटीएफ) पदार्थ प्लाज़्मा अंत:क्रिया अध्ययनों के लिए एक अत्याधुनिक सुविधा है, जो विश्व भर में मात्र कुछ स्थानों पर ही उपलब्ध है। यह संलयन मशीनों के लिए कवच सामग्रियों को निर्धारित करने में मदद करती है, जो टोकामक के एड्ज में चल रही चरम स्थितियों का सामना करने के लिए आवश्यक है।

एचएचएफटीएफ की इलेक्ट्रॉन बीम प्रालेख: उच्च ताप अभिवाह परीक्षण सुविधा के इलेक्ट्रॉन पुँज के अनुप्रस्थ-काट ऊष्मा अभिवाह प्रालेख का आकलन करने के लिए प्रयोग एवं अनुकरणों को किया गया है। सूक्ष्म पुँज आकार प्राप्त करने के लिए इलेक्ट्रॉन पुँज प्रणाली के कैथोड आकार को 12mm से 6mm व्यास तक कम कर दिया गया है।

सुविधा का उपयोग: आईपीआर में उच्च ताप अभिवाह परीक्षण सुविधा का इस्तेमाल करके एनएफटीडीसी (हैदराबाद) द्वारा विकसित टंग्स्टन मिश्रधातु मोनो-ब्लॉक परीक्षण मॉक-अप का उच्च ताप अभिवाह परीक्षण पर प्रयोगों को जारी रखा गया है। परीक्षण मॉक-अप को $18MW/m^2$ आपतित ताप अभिवाह (अवशोषित ताप अभिवाह ~ $9MW/m^2$) के साथ 2000 तापीय चक्रों के लिए परीक्षण किया गया है।

एचएचएफटीएफ का इस्तेमाल करके टंग्स्टन सामग्रियों का तापीय श्रांति परीक्षण: एचएचएफटीएफ का इस्तेमाल करके ~$3MJ/m^2$ के ऊर्जा घनत्व पर 20ms चालू एवं 1000ms बंद 1000 चक्रों के लिए तीन विभिन्न टंग्स्टन सामग्रियों के तापीय चक्रिय परीक्षण निष्पादित किये हैं। सीधी सिंटरिंग प्रक्रिया (डीएसपी) का इस्तेमाल करके 1%La_2O_3

चित्र A.2.2.1 उच्च ताप अभिवाह परीक्षण सुविधा के लिए डाटा अधिग्रहण एवं नियंत्रण प्रणाली

के साथ विकसित शुद्ध टंग्स्टन एवं टंग्स्टन मिश्रधातु को प्लेनसी से प्राप्त शुद्ध टंग्स्टन सामग्री के साथ परीक्षण किया गया है। शुद्ध टंग्स्टन सामग्रियाँ बिना किसी सूक्ष्म-दरारों के सभी चक्रों का सामना कर सकती है, जबकि 1%La_2O_3 के टंग्स्टन मिश्रधातु में सूक्ष्म-दरारें पड़ती हैं।

A.2.2.2 अन्य गतिविधियाँ

अपघर्षण सीएनसी वॉटर-जेट कटिंग संयंत्र का स्थापन: आईपीआर के मुख्य परीसर में अपघर्षण सीएनसी वॉटर-जेट कटिंग मशीन को संस्थापित एवं कमीशन किया गया है। इसके संस्थापन के बाद जल्द ही व्यापक किस्म की सामग्रियाँ जिसमें टंग्स्टन, सीएफसी (कार्बन फाइबर कॉम्पोज़िट), स्टेनलेस स्टील, ताम्र मिश्रधातु आदि शामिल है, की सटीक कटींग के लिए आईपीआर में कई समूहों द्वारा इसका उपयोग किया जा रहा है।

टंग्स्टन सामग्रियों का विकास: ग्लीबल 3800 प्रणाली का उपयोग शुद्ध टंग्स्टन पावडर को सीधा सिंटरिंग करके एक वृत्ताकार डिस्क के रूप में शुद्ध टंग्स्टन सामग्री के विकास हेतु किया जाता है। 1-6 माइक्रॉन कण के आकार के टंग्स्टन पावडर को 40MPa के दाब में 1800^0C तापमान पर सिंटरित किया है। 3mm की मोटाई एंव 14.50mm के व्यास के आकार के सिंटरित टंग्स्टन पैलेट को 93% के सैद्धांतिक घनत्व के साथ उत्पन्न किया गया है। दबाव के तहत पावडर एवं सिंटरिंग को धारण करने के लिए आवश्यक जोड़ों को अति शुद्ध ग्राफाइट सामग्री का उपयोग कर विकसित किया है। सिंटरित सामग्री में और अधिक घनत्व प्राप्त करने के लिए इसे कम्प्रेसिव लोड़ में डाला जाता है।



चित्र A.2.2.2 डायवर्टर कैसेट बॉडी के अभियांत्रिकी विश्लेषण के लिए परिमित तत्व मैश मॉडल

लघु नमूना तकनीकों का उपयोग कर सामग्रियों के अध्ययन: ग्लीबल प्रणाली का उपयोग कर लघु नमूना परीक्षण तकनीक विकास के अध्ययनों को निष्पादित किया है। व्यास 14mm एवं मोटाई 1mm की XM-19 सामग्री से बनाए गए लघु नमूने का निर्माण किया गया है। इसे 200^0C तापमान एवं 0.01 के विकृति दर पर तनन सामर्थ्य के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। जोड़ों एवं नमूने को स्वेदश में ही अभिकल्पित एवं विकसित किया है। ग्लीबल का उपयोग कर लघु आकार के नमूने का तापन एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। लघु आकर के नमूने का ताप नियंत्रित करने के लिए समानांतर तापन तकनीक को विकसित किया है।

ईटर - सदृश डायवर्टर का इंजीनियरिंग विश्लेषण: ईटर जैसे डायवर्टर का इंजीनियरिंग विश्लेषण जारी रखा गया, जिसमें शामिल है: (a) शीतलक दाब ह्रास एवं ताप अंतरण गुणांकों का आकलन करने के लिए कम्प्यूटेशनल फ्लुइड डायनेमिक विश्लेषण; (b) असामान्य घटनाओं के दौरान प्रेरित भंवर धारा एवं संरचनात्मक भार का आकलन करने के लिए विद्युतचुम्बकीय विश्लेषण; (c) विभिन्न तापीय एवं संरचनात्मक भार के परिणाम के रूप में डायवर्टर के विभिन्न भागों पर प्रतिबलों की गणना करने के लिए तापीय-संरचनात्मक युग्मित विश्लेषण।

विद्युतचुम्बकीय विश्लेषण: ईटर में विदारण घटनाओं के कारण लॉरेन्ट्ज़ बलों का आकलन करने के लिए ईटर डायवर्टर का विद्युतचुम्बकीय विश्लेषण किया गया था। विश्लेषण के लिए दो मामलों पर विचार किया गया था, प्रमुख विदारण (एमडी) 16ms डाउन्वर्ड (डीडब्ल्यू) केस एवं 22ms प्रमुख विदारण (एमडी) डाउन्वर्ड केस। डायवर्टर के विभिन्न क्षेत्रों पर भार का आकलन किया गया है।

डायवर्टर पर सीएफडी अध्ययन: एक एकल ऊर्ध्वाधर लक्ष्य चैनल जिसमें चिकनी ट्यूब एवं स्विर्ल टेप इन्सर्ट ट्यूब्स है, के लिए संगणनात्मक तरल गतिक (सीएफडी) विश्लेषण क्रियान्वित किया गया था। ऊपरी क्षेत्र में 5 MW/m2 एवं निचले क्षेत्र में 10 MW/m^2 के ताप अभिवाह का उपयोग कर शीत प्रवाह विश्लेषण एवं संयुग्मी ताप अंतरण विश्लेषण क्रियान्वित किया है।

(i) राख और अशुद्धता नियंत्रण एवं (ii) संलयन ईंधन चक्र, दोनों के लिए लगभग 1-2 लाख लिटर/सेकण्ड की अति उच्च पंपिंग गतियों की आवश्यकता है। ये पंप व्यवसायिक श्रृंखला में उपलब्ध नहीं है, इसलिए इन्हें देश में ही विकसित करने की आवश्यकता है।

चित्र 2.3.1. क्रायोपंप घटकों के परीक्षण के लिए निम्न स्तरीय क्रायोपंपिंग सुविधा (एसएससीएफ)

A.2.3. क्रायोपंप का विकास

संलयन मशीनों को 2,00,000 ली. प्रति सेकंड की श्रेणी उच्च पंपिंग गति की आवश्यकता होती है। परंतु उच्च चुंबकीय क्षेत्र वातावरण किसी अन्य व्यवसायिक तौर पर प्राप्त निर्वात पंप को उपयोगी साबित नहीं होने देता। इसलिए क्रायो-अधिशोषण क्रायो-पंप परियोजना का विकास कार्य जारी है। इस प्रकार के पंपों के विकास के लिए विशेष प्रौद्योगिकी व सामग्री विकास की आवश्कता होती है जैसे द्वि इम्बोस्ड हाइड्रोफोर्म्ड पैनल जिन्हें 4.5 K पर (पंपिंग के लिए) और 80K पर (विकिरण के परिरक्षण के लिए); हीलियम अधिशोषण के लिए उच्च शोषण अवशोषक; पैनलों पर शोषकों के चिपके रहने के लिए क्रायोजनिक संगत आसंजक व (~0.9) उत्सर्जकता के लिए गढ़े क्रायो पैनलों का



चित्र A.2.3.2: एकल पैनल क्रायोपंपिग सुविधा

चित्र A.2.3.3 मल्टी पैनल क्रायोपंपिंग सुविधा

लेपन आदि। 4.5 K (पम्पिंग के लिए) व (विकिरण परिरक्षण के लिए) 80K पर क्रायो पैनलों के उपयोग के लिए द्वि अलंकृत हाइड्रोफॉर्म्ड पैनलों के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास किया गया है। योग्य उद्योग के लिए यह प्रौद्योगिकी अपने संपूर्ण महत्वपूर्ण तत्व के सफल परीक्षण के बाद अपने औद्योगीकरण और वाणिज्यिक उपयोग के लिए स्थानांतरित की गई थी। पैनलों पर शोषकों के चिपकने के लिए क्रायोजनिक (4.5 K पर) संगत आसंजक का विकास और प्रोटोटाइप पैनलों पर विभिन्न प्रकार के सूक्ष्म पोरस सक्रिय कार्बन को लगाने के लिए प्रौद्योगिकी को औद्योगिक व अन्य संस्थानों की सहायता से विकसित व सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। सभी स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के गुणवत्ता के सत्यापन के लिए एक मूल प्रायोगिक परीक्षण सुविधा "निम्न स्तरीय क्रायोपंपिंग सुविधा (2000 1/s की पंपिंग गति)" को स्थापित किया गया और अंतर्राष्ट्रीय निर्वात मानक के अनुसार अध्ययनों को किया गया। उपरोक्त सुविधा के साथ में "एकल पैनल क्रायोपंपिंग" सुविधा को क्रायोपंप व उसकी पंपिंग क्षमता के प्रदर्शन के लिए स्थापित किया गया

चित्र A.2.4.1 हॉर्न ऐन्टिना को दर्शाते हुए राडार स्तर संवेदक (बाएं) क्रायोपंप के साथ एकीकृत पराश्रव्य तरंग आधारित द्रव धातु प्रवाह मीटर वाल्व (दाएं)



चित्र A.2.3.4 क्रायोपंप के साथ एकीकृत वाल्व

था। ~10000 l/s की पंपिंग गति को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया और राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत व स्वीकार किया गया। अंततः भौतिकी एवं अभियांत्रिकी सत्यापन और ग्यारहवीं योजना में उल्लेखित आवश्यक पंपिंग गति को प्राप्त करने के लिए बहु-पैनल क्रायोपंप को स्थापित किया गया और आवश्यक परीक्षणों को ~50000 l/s की अंतिम दी गई गति को सफल परीक्षणों के लिए किया गया। इन तीन पंपो को चित्रों में दर्शाया गया है।

क्रायोपंप वाल्व का विकास: वाल्व एक ऐसा घटक है जो दो निर्वात प्रणालियों को विभिन्न दाब या निर्वात स्तर पर अलग करता है। वाल्व की गुणवत्ता उसके बंद होने की स्थिति में स्वीकार्य रिसाव दर पर और वाल्व के जीवन-काल पर निर्भर करता है। क्रायोपंप अनुप्रयोग के लिए एक विशेष प्रकार के विशाल वाल्व को विकसित किया जा रहा है। इस वाल्व का यह लाभ है कि यह व्यवसायिक रूप से उपलब्ध पारंपरिक वाल्वों के मुकाबले कम जगह लेता है। वाल्व के ज्यादातर घटकों को भारत में ही विकसित किया जाएगा। संकल्पनात्मक एवं बेंचमार्क प्रयोगों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य किया जा चुका है। घटक स्तर के परीक्षण के लिए विभिन्न प्रयोगात्मक प्रणालियों को विकसित किया गया है।

ईटर, ट्रिशियम ब्रिडिंग ब्लैंकेट मॉड्यूल संकल्पनाओं का परीक्षण करने का एक अनूठा अवसर है, जो उच्च स्तर के ताप एवं विद्युत उत्पादन के निष्कर्षण के लिए भविष्य के डेमो संलयन रिएक्टर से ट्रिशियम आत्मनिर्भरता की ओर बढने में नेतृत्व करेगा। भारत ने अपने टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्यूल (टीबीएम) के माध्यम से लीड-लिथियम शीतलित सिरेमिक ब्रिडर(एलएलसीबी) का परीक्षण करने की योजना बनाई है।



चित्र A.2.4.2 लेड-लिथियम-जल संरक्षा प्रयोगात्मक व्यवस्था

A.2.4 टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्यूल (टीबीएम)

रिपोर्ट अवधि के दौरान भारतीय लेड-लिथियम सिरेमिक ब्रीडर (एलएलसीबी) टीबीएम प्रणालियों के अभिकल्पन एवं विकास की गतिविधियों में काफी प्रगति हुई है। फरवरी 2015 में अंतर्राष्ट्रीय संगठन (आईओ) के साथ भारतीय टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्यूल व्यवस्था (आईएन-टीबीएमए) पर हस्ताक्षर किया गया है। ईटर संयोजन के कार्यक्रम के अनुसार भारत ने अपनी टीबीएम प्रणालियों को सुपुर्द करने का वचन दिया है। वर्तमान में एलएलसीबी टीबीएमएस-सेट के लिए प्रथम भित्ति हीलियम शीतलन प्रणाली (एफडब्ल्यूएचसीएस), लेड-लिथियम हीलियम शीतलन प्रणाली (एलएलएचसीएस), लेड-लिथियम शीतलन प्रणालियाँ (एलएलसीएस), शीतलक शुद्धिकरण प्रणाली (सीपीएस) एवं ट्रिशियम निष्कर्षण प्रणाली (टीईएस) का संकल्पनात्मक अभिकल्पन अंतिम चरण पर है। सीडीआर दस्तावेज़ों को अप्रैल-मई 2015 के दौरान जमा किया जाएगा। एलएलसीबी टीबीएम-सेट के लिए न्यूट्रॉनिकी अभिकल्पन पूरा कर लिया गया है और इसके पश्चात् एलएलसीबी टीबीएम का अभियांत्रिकी अभिकल्पन, जिसमें तापीय विश्लेषण, तापीय-द्रव एमएचडी विश्लेषण, विद्युत चुम्बकीय विश्लेषण एवं संरचनात्मक विश्लेषण शामिल है, को पूरा कर लिया है। एफडब्ल्यूएचसीएस, एलएलएचसीएस, एलएलसीएस, सीपीएस एवं टीईएस का प्रारंभिक अभिकल्पन पूरा कर लिया गया है और इनका प्रलेखन प्रगति पर है। ईटर में भारतीय टेस्ट ब्लैंकेट मॉड्यूल प्रणाली (टीबीएस) के अभिकल्पन एवं नाभिकीय विकिरण विनियामक के लाइसेंस में नाभिकीय निष्पादन के मूल्यांकन की भूमिका महत्वपूर्ण है। एलएलसीबी टीबीएस इंजीनियरिंग अभिकल्पन, नाभिकीय संरक्षा निर्धारण, रैड-अपशिष्ट वर्गीकरण एवं प्रबंधन में सहायता प्रदान करने के लिए इन विश्लेषणों को किया गया है। न्यूट्रॉनिकी विश्लेषण रिपोर्ट (एनएआर) में आईएन एलएलसीबी टीबीएस का नाभिकीय निष्पादन विश्लेषण निहित है। इससे प्राप्त डाटा को एलएलसीबी टीबीएस के अभियांत्रिकी अभिकल्पन एवं विश्लेषण, संरक्षा निर्धारण, रैड-अपशिष्ट निर्धारण एवं अन्य सहायक विश्लेषण में उपयोग किया गया है। इस दस्तावेज़ को ईटर में एलएलसीबी टीबीएम की संकल्पनात्मक अभिकल्पन समीक्षा के लिए तैयार किया गया है। लेड-लिथियम शीतलन प्रणाली (एलएलसीएस), लेड लिथियम सिरेमिक ब्रीडर (एलएलसीबी) टेस्ट ब्लैंकेट प्रणाली (टीबीएस) की प्रमुख प्रणालियों में से एक है। शेल्फ के अन्दर के विभिन्न उपकरण/घटकों को विकसित किया जा रहा है या शेल्फ के भीतरी मदों के उपयुक्त संशोधित किया जा रहा है एवं छोटी से बडी प्रयोगात्मक व्यवस्था के लिए प्रयोगशाला स्तर पर उनकी प्रचालन योग्यता, विश्वसनीयता, सटीकता एवं जीवन काल के लिए परीक्षण किया जा रहा है। एलएलसीएस का प्रचालन, उच्च तापमान वाले द्रव धातु के लिए प्रणाली की प्रक्रिया प्राचलों के सही माप पर निर्भर करता है। ऐसी नैदानिकी जो तप्त एवं संक्षारक द्रव धातु के संपर्क में नहीं आती और इस प्रकार प्रवाह प्राचलों (नॉन-इन्ट्रूसिव) में स्थानीय अवरोध पैदा नहीं करतीं, वे ठोस प्रचालन वातावरण के कारण आकर्षक हैं। राडार संवेदक (चित्र A.2.4.1 देखें), जो निरंतर स्तर मापन के लिए एकनॉन-इन्ट्रूसिव पद्धति है, को 300^0C तक द्रव लेड में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। उच्च तपमान

विभिन्न प्रक्रियाओं का अध्ययन एवं अनुकूलन करने के लिए कई छोटे प्रयोगों को स्थापित किया गया है, जिन्हें टीबीएम के अभिकल्पन में उपयोग में लाया जाएगा।



चित्र A.2.4.3 प्रयोगात्मक हीलियम शीतलन लूप (ईएचसीएल) का प्रारंभिक विन्यास

(>200 °C) के द्रव धातु प्रवाह मापन के लिए पराश्रव्य तरंगों का उपयोग करने वाली एक अन्य नॉन-इन्ट्रूसिव तकनीक को तैयार किया जा रहा है (चित्र A.2.4.1 देखें)।

अन्य घटकों, जैसे विशेष रूप से बना कार्ट्रिज हीटर, न्युमैटिक एक्टुएटर आधारित उच्च तापमान के द्रव धातु वाल्वों को भी गलन Pb-Li वातावरण में उनके निष्पादन के लिए परीक्षण किया जा रहा है। उच्च तापमान के द्रव धातु लूप प्रचालन के अनुभव को प्राप्त करने के लिए एक द्रव धातु ताप अंतरण (लेड से लेड लिथियम तक) लूप को तीन चरणों में एक दिन के 24 घंटों के हिसाब से लगभग 90 दिनों के लिए लगातार प्रचालित किया गया। एक लघु स्तर की लेड लिथियम उत्पादन प्रणाली को निर्मित किया गया है एवं लिथियम इंजेक्टर का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। एकीकृत प्रणाली के प्रारंभिक परीक्षण के बाद शीघ्र ही Pb-Li मिश्र धातु के उत्पादन का कार्य आरंभ होगा। लेड-लिथियम में आईएन-आरएएफएमएस संक्षारण अध्ययनों के लिए संक्षारण लूप प्रचालन में है। लूप का तापमान 450-500^{0}C तक है। आईएनआरएएफएमएस नमूनों को परीक्षण खंड में लोड किया गया है और 10,000 घंटों तक के लिए प्रचालित करने की योजना बनाई गई है। विश्लेषण के लिए नियमित अंतरालों पर नमूनों को निकाल दिया जाएगा।

लेड अभिक्रियता के प्रयोग: एलएलसीबी टीबीएस संरक्षा विश्लेषण के लिए लेड-लिथियम- जल अभिक्रियता का अधिक महत्व है। चूंकि वास्तविक आकस्मिक परिदृश्यों के लिए कोई भी आंकडा उपलब्ध नहीं है, इसलिए अभिक्रियता का अध्ययन करनेके लिए एवं एलएलसीबी टीबीएस के लिए संरक्षा विश्लेषण रिपोर्ट के समर्थन के लिए व्यापक आंकडा उत्पन्न करनेके लिए प्रयोगशाला प्रयोगों के निष्पादन की आवश्यकता है। इस संबंध में, जल संरक्षा प्रयोग के साथ एक लेड-लिथियम अभिक्रिया को अभिकल्पित किया गया है एवं आंकडा प्राप्त करनेके लिए प्रचालित किया जा रहा है।

प्रयोगात्मक हीलियम शीतलन लूप: आईपीआर में प्रयोगात्मक हीलियम शीतलन प्रणालियों (ईएचसीएल) का विकास कार्य प्रगति पर है (चित्र A.2.4.3)। ईएचसीएल का प्रारंभिक अभिकल्पन पूराहो गया है। ईएचसीएल अभिकल्पन के लिए एएसएमई बॉयलर एवं दाब पात्र कोड मुख्य संदर्भ कोड है, जो अभिकल्पन, निर्माण, जांच, निरीक्षण, परीक्षण एवं प्रमाणीकरण के लिए उपयोग किये जाते हैं। लूप उपकरण एवं पाइपों के लिए SS316L को एक संरचनात्मक सामग्री के रूप में चुना गया है। सभी कार्यशील क्षेत्रों में प्रणाली के सुरक्षित निष्पादन को बनाए रखने के लिए एवं कई प्रयोगों को अंजाम देने के लिए ईएचसीएल की मापयंत्रण एवं नियंत्रण (आई एवं सी) प्रणाली को तैयार किया जा रहा है। इसका संयोजन एवं एकीकरण जल्द ही किये जाने की उम्मीद है। ईएचसीएल में प्रचालन का अनुभव, अनुसंधान एवं विकास के मुख्य उद्देश्यों में से एक होगा।



चित्र A.2.5.1 प्रोटोटाइप 3-धारा ऊष्मा विनिमयक के समग्र आयाम (मि. मी.)



चित्र A.2.5.2 प्रोटोटाइप हीलियम शोधक के लिए परीक्षण सेट-अप

भविष्य के संलयन आधारित पावर स्टेशनों में बहुत बड़े अतिचालक चुम्बकों के होने की अपेक्षा हैं जिसके लिए बहुत बडे क्रायोजेनिक संयंत्रों की आवश्यकता होगी। इस गतिविधि हेतु छोटे मॉड्युलर क्रायोजेनिक संयंत्रों के माध्यम से बड़ी क्रायोजेनिक प्रणालियों का निर्माण करने की योजना है।

A.2.5. बृहद क्रायोजेनिक संयंत्र एवं क्रायो-प्रणालियाँ (एलसीपीसी)

हीलियम सह-शीतलक/द्रवीकर्ता (एचआरएल) संयंत्र के संकल्पनात्मक अभिकल्पन के पश्चात् इनके लिए प्रोटोटाइप घटकों एवं क्रायोजेनिक परीक्षण सुविधा, परीक्षण सुविधा को स्थापित करने के लिए उपकरणों के प्रापण के विस्तृत डिज़ाइन आदि के लिए विनिर्देशों का कार्य प्रगति पर है। परियोजना की लागत को कम करने एवं इसमें अन्य स्वदेशीय प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने के लिए योजना, डिज़ाइन एवं विश्लेषण को किया जा रहा है व विनिर्देशों को प्राप्त कर लिया गया है जिससे परीक्षण सुविधा के कई महंगे उपकरणों को स्वदेशीय हीलियम संयंत्र में भी उपयोग लाया जा सके। जून 2014 में परियोजना की योजनाओं एवं अभिकल्पनात्मक अवधारणाओं की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञों की एक संचालन समिति का गठन किया गया एवं वर्ष 2014-15 में दो बैठकों को भी आयोजित किया गया है। वर्तमान की विभिन्न स्थितियों को देखते हुए स्वदेशीय निर्मित एचआरएल संयंत्र की प्रथम लक्ष्य क्षमता 4.5 K पर 1 kW प्रशीतलन तय हो गई है। कुछ महत्वपूर्ण घटक जैसे तेल निष्कासन व्यवस्था के साथ हीलियम संपीडक, हीलियम टर्बो-विस्तारक एवं क्रायोजेनिक वाल्वों को विदेश से अन्य घटकों एवं एचआरएल संयंत्र अभियांत्रिकी के सत्यापन के लिए शुरूआत में चलाने के लिए खरीदा जाएगा। बाद में इसे स्वदेशीय तौर पर निर्मित घटकों से बदल दिया जाएगा।

एचआरएल के ऊष्मागतिक चक्र का विश्लेषण: द्रवीय हीलियम के उत्पादन के लिए स्वदेशी हीलियम संयंत्र में संशोधित क्लाउड चक्र जिसमें 3 टर्बाइन (2 गर्म टर्बाइन द्रवचालित तरीके से श्रृंखला में जोड़े गए हैं और ठंडे वाले जूल-थॉम्सन (जेटी) वाल्व के साथ द्रवचालित तरीके से श्रृंखला में हैं) एवं 8 ताप ऊष्मा विनिमयक हैं। 4.5 K पर 1 kW प्रशीतलन के लिए हीलियम प्रवाह दर एवं कंप्रेसर निष्कर्षण दाब, अनुकूलन (न्यूनतम) के लिए आवश्यक मानक हैं क्योंकि यह विद्युत शक्ति की खपत एवं लागत को तय करेंगें। हो रहे खर्च को कम करने के लिए अभिकल्पन की लागत को कम करना चाहिए। इस अनुकूलन एवं विश्लेषण में आठ ऊष्मा विनिमयक प्रवेश एवं निकास परिस्थितियों और 2 शुद्धिकरण बेड, प्रवेश एवं निकास परिस्थितियों में टर्बाइन प्रवेश एवं निकास परिस्थितियाँ शामिल हैं। इस तरह का अनुकूलन एचआरएल संयंत्र, मुख्य ऊष्मागतिक चक्र में विभिन्न शीतल घटकों के लिए प्रक्रिया मानदण्ड भी देंते हैं। इस प्रक्रिया के मानदण्ड संयंत्र के विभिन्न मुख्य घटकों एवं उप-प्रणालियों की पूरी क्षमता/विनिर्देशों को तय करते हैं।

प्रोटोटाइप प्लेट-फिन ऊष्मा विनिमयक का अभिकल्पन: यहाँ, स्वदेशी एचआरएल संयंत्र में 8 अलग प्लेट-फिन ऊष्मा विनिमयक हाते हैं। इन सभी को 3 वर्गों में वर्गित किया है: 2-स्ट्रीम-He/He, 2- स्ट्रीम -LN2/ He, 3-स्ट्रीम He/He/He वर्ग। ऊष्मा विनिमयकों की प्रभावशीलता ~96% तक है जिसे केवल प्लेट-फिन ऊष्मा विनिमयकों (पीएफएचई) एवं विपरित प्रवाह विन्यास के साथ प्राप्त किया जा सकता है। जटिल ज्यामिति, डिज़ाइन एवं अनुकूलन प्रक्रियाओं के अलावा इसमें कई अन्य समस्याएं हैं - जैसे प्रवाह असमानता, अक्षीय चालन, अंतर-धारा रिसाव और निर्वात ब्रेज़िंग फर्नेस के आकार की सीमा। विभिन्न प्रकार के फिन के इन पहलुओं को देखते हुए सेरेटेड फिन को सभी 8 प्लेट-फिन ऊष्मा विनिमयकों के लिए चुना गया है। इस प्रकार ऊष्मा विनिमयकों के प्रोटोटाइप को देश में ही बनाया जाएगा और इसका अभिकल्पन कर लिया गया है। यहाँ चित्र A.2.5.2 प्रोटोटाइप 3-धाराप्लेट-फिन ऊष्मा विनिमयक के आयामों एवं प्रवाह व्यवस्थाओं का संक्षिप्त विवरण देता है। दो विभिन्न दाब (14 bar और 6 bar) के दो गर्म धाराओं (h1 एवं h2) को 1 bar के दाब के एक ठंडे धारा (C1) द्वारा शीतलित किया जाएगा। ठंडे धारा का प्रवाह दर ~38 g/s है और इसके समग्र आयामों को चित्र A.2.5.2 में दर्शाया गया है। आयामों को भारतीय उद्योगों में उपलब्ध ब्रेज़िंग निर्वात फर्नेस को देखते हुए चुना गया है। इसी प्रकार फिन विनिर्देशों को भारतीय उद्योगों की क्षमता के आधार पर तय किया गया है।

प्रोटोटाइप शोधक अभिकल्पन: पूरे हीलियम संयंत्र में अशुद्धियों को हटाने के लिए 3 चरणों का हीलियम गैस शुद्धिकरण है जिसमें अधिशोषण सिद्धांत का उपयोग किया गया है : सीओआरएस के तेल अशुद्धि के लिए कमरे के तापमान पर तेल निष्कासन प्रणाली, वायुमण्डलीय अशुद्धियों (N_2, O_2 and Ar) का शीत बॉक्स में ~80 K तापमान पर निष्कासन;शीत बॉक्स के अंदर हाइड्रोजन अशुद्धता ~20 K ताप पर

हटाने की व्यवस्था। 20 K और 80 K के लिए हीलियम धारा में अशुद्ध गैस की मात्रा आयतन से 10 से 100 पीपीएम (मिलियन प्रति भाग) तक और 300 K शोधक के लिए ये 1 से 10 पीपीएम के बीच हो सकती है। हीलियम धारा में से इन अशुद्धताओं को न हटाने से यह जमे हुए कण या छोटे पानी की बून्दें इन टर्बाइन से टकराकर उसे नुकसान पहुँचा सकती हैं। यह 4.5 K के निम्न तापमान पर तरल पैसेज को बंद कर सकती है जिससे यह गैस को जमा देगा। इन अशुद्धियों के लिए उपलब्ध साहित्य एवं पत्रिकाएं बहुत कम है और सही अभिकल्पन के लिए पर्याप्त नहीं हैं। इसलिए अभिकल्पन आंकड़ा (मुख्य रूप से मास ट्रांस्फर ज़ोन (एमटीज़ेड) और शोषण क्षमता की विशेषताएँ), निम्न हीलियम प्रवाह दर (लगभग 1 से 2 g/s) के लिए प्रोटाटाइप शोधक के उत्पादन के लिए अभिकल्पन किया गया व इसका 20 K तापमान पर परीक्षण किया गया। हीलियम परिसंचरण के लिए 14 बार तक हीलियम दाब को कम करने के लिए हीलियम रिकवरी कंप्रेसर के साथ दाब नियामकों का भी उपयोग किया जाएगा। शोषक बेड एवं LHe से लौटे हुए शीतल हीलियम के उपयोग द्वारा 20 K तक पहुँचने के लिए 3-धारा ऊष्मा विनिमायक (ट्युब-इन-ट्युब) को बनाया गया है। LN_2 के उपयोग से 80 K तापमान पर शोषक बेड परीक्षण के लिए इस सेट अप का उपयोग किया जा सकता है। इस परीक्षण के सेट अप में स्थानीय उद्योग की मदद से विकसित माइक्रो-मेश फिल्टर भी शामिल है। इसके लिए डाटा अधिग्रहण एवं नियंत्रण प्रणाली को आईपीआर में विकसित किया जा रहा है। इसमें समय के साथ तापमान, दाब व दाब़ बूंदों और अशुद्ध सामग्रियों का मापन शामिल है।

प्रोटोटाइप एवं परीक्षण: LN2 एवं LHe अंतरण लाइनों के लिए एक नए प्रकार के इलेक्ट्रिकल अवरोध को आईपीआर की एलसीपीसी एवं एनबीआई टीम द्वारा विकसित किया गया और यह 1000 K/hr के आसपास तक उच्च तापीय शॉक को बर्दाशत कर सकता है और 10^{-8} mbar ltr/s के आसपास रिसाव-कसाव के लिए काफी विश्वसनीयता प्रदान कर सकता है। धातु एवं सम्मिश्र रोधक सामग्री के संलिप्ता से क्रायोजेनिक विद्युत अवरोधकों को ऐसे ऊष्मीय शॉक प्रतिरोधी बनाना काफी मुश्किल हो गया है। इस प्रकार के उच्च ऊष्मीय शॉक से कई बार क्रायोजेनिक संचालनों का सामना करना पड़ता है जिससे इसमें दरारें और रिसाव होने लगता है और सामान्य रूप से इन समस्याओं से बचने के लिए बहुत ही नियंत्रित शीतलन किया जाता है। इन विद्युत अवरोधकों से शीतलन संबंधित समस्या की चिंता को पूरी तरह से हटाया जा सकता है।

A.2.6. रिमोट हैंडलिंग एवं रोबोटिक तकनीक

रिमोट हैंडलिंग को एक तकनीकी व अभियांत्रिकी प्रबंधन प्रणालियों के सहक्रियाशील संयोजन के रूप में देखा जाता है जो इसके प्रचालकों के लिए एक सुरक्षित, विश्वसनीय व बिना उन वस्तुओं के व्यक्तिगत संपर्क के सक्षम तरीके से उपयोग में आती है। इस परियोजना का विषय भारतीय संलयन उपकरणों के लिए बहुमुखी दूरस्थ संचालित प्रणालियों का गठन करना है। बाहरी एजेंसियों एवं संस्थानों के समर्थन के साथ प्रौद्योगिकियों एवं प्रणालियों का विकास एक समानांतर और परस्पर मोड पर होगा। XII योजना के अंतर्गत आईपीआर में बहुमुखी वास्तविक सुविधा का सेट अप और एसएसटी-1 की देखरेख एवं निरीक्षण प्रणाली का विकास आरएचआरटीडी अनुभाग की मुख्य सुपुर्दगी है। अनुभाग ने एसएसटी-1 की देखरेख एवं निरीक्षण प्रणाली की शुरूआत की है। वीआर सुविधा के विनिर्देशों को अंतिम रूप दे दिया गया है और आने वाले वर्ष में इस प्रणाली की स्थापना की जाएगी।

संलयन मशीन के प्लाज़्मा मुखित घटकों एवं अन्य उपप्रणालियों के रखरखाव के लिए रिमोट हैंडलिंग एवं रोबोटिक तकनीकी एक महत्वपूर्ण तकनीकी होगी। अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से इसे यहां विकसित किया जा रहा है।



चित्र A.2.6.1 5: kg पेलोड एवं 1.5 मी. लंबाई के लिए प्रोटोटाइप रोबॉटिक स्पष्ट प्रणाली



चित्र A.2.6.2 ईटर की रिमोट हैंडलिंग प्रणाली के लिए ईटर का बहुउद्देश्यीय डिप्लॉयर (एमपीडी)

आभासी वास्तविकता (वी आर) प्रयोगशाला का विकास: दूरस्थ संचालन के लिए एक गतिशील वातावरण की सटीक अनुभूति की आवश्यकता होती है। उद्देश्य यह है कि संचालकों को कार्य स्थल का वैसा ही अप्रतिबंधित ज्ञान दिया जाए जैसा कि उन्हें तब उपलब्ध होगा अग्र उन्हें दूरस्थ परिस्थितियों में स्थित कर दिया जाए। दर असल, आभासी वास्तविकता प्रणाली समस्त दृश्य के ऊपर पूरा अवलोकन प्रदान कर सकता है जो कि कार्य स्थल पर मौजूद होने से बेहतर है। इसके अलावा वी आर प्रणाली के साथ विभिन्न कलन विधियाँ जैसे टकराव परिहार कलन विधियाँ, मार्ग आयोजन कलन विधियाँ इत्यादि को एकीकृत किया जा सकता है। बड़े पैमाने की रोबोटिक प्रणालियों के शुद्धगति विज्ञान, संचालक ट्रेनिंग, संचालन अनुक्रमण अध्ययन और 1:1 मापन आभासी मॉक-अप के अध्ययन के लिए एक आभासी वास्तविक सुविधा की स्थापना की जा रही है। इस प्रणाली को वास्तविक रोबोटिक प्रणाली में रोबोटिक संचालन की निगरानी एवं नियंत्रण के लिए एकीकृत किया जाएगा। पूर्ण तथा निम्नजनित वी आर प्रणाली जिसमें 6डी मार्गन यंत्र सहित एकीकृत दोहरी उच्च विभक्ति चित्रपट तथा एक बड़ी तादाद में हैपटिक यंत्र जिनमें 6डी ओ एफ बल पुनर्निवेश संचालक हाथ शामिल हैं, को योजनाबद्ध किया गया है। एक आभासी एवं संवर्धित वास्तविक समन्वित विकास (वीएआरआईडी) प्रयोगशाला की योजना भी बनाई जा रही है। इस सेटअप को वीआर एवं एआर के अनुप्रयोगों के अनुसंधान एवं विकास के लिए इस्तेमाल किया जाएगा जिसे वास्तविक समय आरएच प्रणालियों में एकीकृत किया जाएगा।

प्रोटोटाइप रोबॉटिक आरटिकुलेटेड प्रणाली (पी आर ए एस 01) का संयोजन एवं परीक्षण: 5 Kg पेलोड क्षमता और 1.5 मीटर लंबाई की एक प्रोटोटाइप रोबॉटिक आरटिकुलेटेड प्रणाली (पी आर ए एस) जो तीन डिग्री अबद्धता से बना हुआ है। आरएचआरटीडी प्रयोगशाला में पीएक्सआई आधारित वास्तविक समय नियंत्रण प्रणालियों (Lab-VIEW RT) के साथ इस प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। ब्लेंडर में निर्मित इस प्रणाली को एक वास्तविक मॉडल के साथ एकीकृत किया गया जिसे वास्तविक समय में 10 Hz पर अद्यतन किया जाता है।

प्रोटोटाइप रोबॉटिक आरटिकुलेटेड प्रणाली (पी आर ए एस 02) की प्रत्यात्मक बनावट: पीआरएएस-1 के सफल डिज़ाइन एवं विकास के साथ आर एच आर टी डी टीम अब पी आर एएस-2 का निर्माण करने जा रही है। यह एक 5 डीओएफ उपकरण वाली प्रणाली है जो वर्कस्पेस को पार करने के लिए साप के समान चाल प्रदर्शित करता है। इस प्रणाली को 2 मि. में 20kg की अधिकतम पेलोड ले जाने के लिए बनाया गया है। प्रणाली के ऑनलाइन नियंत्रण, ट्रैकिंग और संचालन की निगरानी के लिए हेपटिक नियंत्रित आभासी वास्तविक सेट अप को एकीकृत किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

ईटर के साथ सहयोगात्मक एवं कार्य समझौतों को ईटर आरएच नियंत्रण प्रणाली, बहुउद्देश्यीय डिप्लोयर का संकल्पनात्मक डिज़ाइन एवं प्रणाली विश्लेषण, ईटर एमपीडी और ईटर नैदानिक प्रणालियों का रिमोट हैंडलिंग अनुकूलित आंकलन जारी है। निम्न आरएचआरटीडी टीम द्वारा ईटर आरएच की गतिविधियों के कुछ प्रमुख योगदान हैं।

ईटर आरएच नियंत्रण प्रणालियों के लिए इंजीनियरिंग सहयोग: इस कार्य में एकीकृत प्रोटोटाइप वर्क-सेल को लिया गया है। इस प्रोटोटाइप वर्क-सेल में कुल 4 आरएच नियंत्रण उप-प्रणालियाँ - आरएच उपकरण नियंत्रण प्रोटोटाइप, आरएच प्रदर्शन प्रणाली प्रोटोटाइप, आभासी वास्तविक जांच प्रोटोटाइप एवं आर एच संयंत्र नियंत्रण प्रोटोटाइप शामिल हैं। आरएच नियंत्रण प्रणाली अनुकरणों के लिए आरएच कोर प्रणाली के आधार को मान्य करने के लिए कार्यान्वयन किया गया था। सभी 9 सुपुर्दिगियों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया और ईटर आरएच अनुभाग के सुपुर्द कर दिया गया है।

ईटर बहु-उद्देश्य डिप्लोयर (एमपीडी) का संकल्पनात्मक डिज़ाइन एवं प्रणाली विश्लेषण: ईटर बहु-उद्देश्य डिप्लोयर (एमपीडी) एक सामान्य प्रयोजन ईटर अंत:भित्ति रिमोट हैंडलिंग (आरएच) प्रणाली है। एमपीडी कई अंत:भित्ति रखरखावों को करेगी जैसे धूल एवं ट्रिटियम सूची नियंत्रण, सेवाकालीन निरीक्षण, रिसाव स्थानीयकरण और अंत:भित्ति नैदानिकी रखरखाव। एमपीडी ट्रांसपोर्टर कई निकायों की श्रृंखला के होते हैं; B1 से B10 आर्टीकुलेटड ट्रांस्पोर्टर जो आरोपित उपकरण के साथ घूमने में सक्षम हैं। एमपीडी एक मल्टी-बॉडी प्रणाली है जिसकी वजह से इसमें अनंत संख्या के विन्यास हैं। वीवी में एमपीडी पूरे बढ़े विन्यास के साथ डाला जाना ही इसका महत्त्वपूर्ण डालने वाला विन्यास है। यह पेपर एमपीडी ट्रांस्पोर्टर की संकल्पनात्मक डिज़ाइन के भूकंपीय संरचनात्मक विश्लेषण के परिणाम प्रस्तुत करता है। स्थिर संरचनात्मक, मॉडल एवं आवृत्ति प्रतिक्रिया स्पेक्ट्रम विश्लेषणों को एमपीडी ही के संरचनात्मक अखंडता को जांचने एवं निर्वात पात्र एवं कास्क जैसी इन्टरफेसिंग प्रणालियों के प्रतिक्रिया भार को प्रदान करने के लिए किया गया।

रिमोट हैंडलिंग नियंत्रण प्रणालियों के कार्य समझौते में संशोधन: इस कार्य का मुख्य उद्देश्य आरएच रखरखाव कार्यों का ब्यौरा, अनुकरण कार्य वातावरण का निर्माण, निम्नलिखित कार्यों के लिए आरएच कार्यों का प्रदर्शन एवं प्रदर्शन मूल्यांकन है; (i) हॉट सेल में आरएच उपकरणों का परिशोधन; (ii) ब्लैंकेट मेनिफोल्ड को हटाने/स्थापना और (iii) हॉट सेल में आरएच उपकरणों का रखरखाव।

नैदानिकी प्रणालियों की रिमोट हैंडलिंग संगतता का आकलन: इस कार्य का मुख्य उद्देश्य डिज़ाइन समीक्षा की गतिविधियों के समर्थन में नैदानिकी प्रणालियों के रिमोट हैंडलिंग संगतता आंकलन पर किए जा रहे कार्य में ईटर नैदानिकी अनुभाग को सर्मथन देना है। ईटर-आईओ के साथ किए गए कार्य समझौते के तहत ईटर नैदानिकी प्रणालियों के लिए रिमोट हैंडलिंग संगतता आंकलन (आरएचसीए) जैसे हार्ड एक्स-रे नियंत्रण प्रणाली (एचएक्सआरएम), न्यूट्रॉन फ्लक्स नियंत्रण प्रणाली (एनएफएमएस), निचले एवं ऊपरी वर्टिकल न्यूट्रॉन कैमेरा (वीएनसी) को आईपीआर में किया जा रहा है।

धनात्मक आयन आधारित एनबीआई को कुछ समय के लिए प्राप्त किया गया है। लेकिन ऋणात्मक आयन आधारित एनबीआई अभी तक विकास के बहुत शुरूआती दौर में है। चूंकि भारत भी अंतरराष्ट्रीय सहयोगों के माध्यम से तकनीकी विकास में शामिल हो गया है, इसलिए घरेलू योजना में इससे काफी फायदा होगा।

A.2.7. ऋणात्मक आयन अनावेशी बीम प्रणाली

इस परियोजना की गतिविधियों में निम्नलिखित शामिल हैं: (1) ऋणात्मक आयन स्रोत विकास: (a) रॉबिन, (b) युग्म स्रोत (2) भारतीय परीक्षण सुविधा (आईएनटीएफ) गतिविधियाँ। इन गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त विवरण को नीचे दिया गया हैं।

रॉबिन

दो एचवी शक्ति आपूर्तियों (ईपीएसएस एवं एपीएसएस) के साथ बीम वॉल्युम मोड में रॉबिन के एकीकृत बीम संचालन की प्राप्ति एनएनबी प्रयोगों की मुख्य विशिष्टताएँ हैं। इस प्रकार रॉबिन सेटअप में मुख्य गतिविधियों को तीन वर्गों में बांटा जा सकता है: (A) शक्ति आपूर्ति, (B) डाटा अधिग्रहण एवं नियंत्रण (डीएसीएस) प्रणालियाँ (C) रॉबिन आयन स्रोत एवं सिज़ियम प्रयोग।

(A) पिछले एक वर्ष की शक्ति आपूर्ति गतिविधियों में (a) 35kV, 15A डीसी त्वरण शक्ति आपूर्ति प्रणाली के कारखाने का अंतिम स्वीकृत परीक्षण (एफएटी), (b) 11kV, 35A डीसी के ऊष्मा विनिमयक के साथ लीड़ परीक्षण के लिए 550kW प्रतिरोधक लिड़

चित्र A.2.7.1 एचवीपीएस ईमारत में ईपीएसएस के साथ एपीएसएस स्थापित किया गया

चित्र A.2.7.2 शक्ति आपूर्ति के लिए नियंत्रण पैनल

बैंक की स्थापना एवं कमीशनन, निष्कर्षण शक्ति आपूर्ति प्रणाली (ई पी एस एस) और ए पी एस एस और (c) आईपीआर में स्थापना एवं कमीशनन के पश्चात् एपीएसएस का साइट स्वीकृत परीक्षण (एसएटी) (चित्र 2.7.1 देखें)। बाद में ऋणात्मक आयन बीम निष्कर्षण एवं त्वरण विन्यास के अनुसार ईपीएसएस एवं एपीएसएस को रॉबिन स्रोत के साथ एक साथ जोड़ा गया और जमीन के परिप्रेक्ष्य -46kV के अनुरूप कूल वोल्टता प्रचालन प्राप्त किया गया। एफएटी के दौरान मानक परीक्षणों के साथ निम्न सूक्ष्म परीक्षणों (स्थानीय एवं दूरस्थ मोड़ दोनों में) को किया गया: (i) ब्रेक डाउन के दौरान लोड़ एण्ड के निकट ऊर्जा क्षेपण 10J से अधिक ना हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए तार परीक्षण, (ii) 200 बार ब्रेकडाउन परीक्षण को दोहराना, (iii) 3600 सेकण्ड के लिए पूर्ण श्रेणी की शक्ति पर हीट रन परीक्षण और (iv) 70kV डीसी तक एचवी विलगन परीक्षण। एसएटी के दौरान बिना लोड़ और पूर्ण लोड़ वाली परिस्थितियों में एनएनबीआई (डीएसीएस) के साथ एकीकृत दोनों ईपीएसएस एवं एपीएसएस को उसकी पूर्ण रेटिंग के साथ स्वतंत्र रूप से सफलतापूर्वक प्रचालन किया गया है।

(B) एपीएसएस और ईपीएसएस का प्रचालन रिमोटली करने के लिए समायोजित कर रॉबिन का डाटा अधिग्रहण उन्नत किया गया है। एसएटी एवं कमीशनन चरणों में रॉबिन डीएसीएस से पूर्ण विवरण में डमी लोड़ के साथ वास्तविक विन्यास में एपीएसएस और ईपीएसएस एकीकृत प्रचालन का परीक्षण किया गया। सभी इंटरलॉक और सुरक्षा कार्यों को डीएसीएस में शामिल किया गया और सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है।

(C) पिछले एक वर्ष में रॉबिन आयन स्रोत एवं सिज़ियम प्रयोग गतिविधियों में पहले से स्थापित ईपीएसएस एवं 10kV के साथ विभिन्न दाब एवं शक्ति स्तर के लिए व्यवस्थित 20kV बीम परिचालन, लेज़र फोटोडिटेचमेंट नैदानिक के साथ ऋणात्मक आयन घनत्व मापन के साथ 400mA एचवीपीएस, 3 मी. लंबे डिलीवरी ट्यूब के साथ ऋणात्मक आयन बीम एवं Cs ओवन निर्माण के लिए डॉपलर शिफ्ट स्पैट्रोस्कोपी (डीएसएस) के लिए व्यवस्था करना शामिल है। Cs प्रयोग में प्रणाली से नमी को हटाने के लिए Ar गैस को उच्च तापमान पर सफलतापूर्वक डाला गया जिसे Cs पात्र के स्थान पर आरजीए मापन द्वारा सुनिश्चित किया गया। Cs प्रवाह के नियंत्रण की दृष्टि से इस प्रणाली ने निर्वात स्थितियों में काफी बेहतर प्रदर्शन दिखाया है। 150-220^{0}C तापमान की श्रेणी पर Cs ओवन का परीक्षण किया गया था। (डीएनबी स्रोत से संबंधित) Cs प्रवाह दर ~35 mg/hr प्राप्त की गई। Cs प्रवाह पर नियंत्रण रखने के लिए एक धात्विक शटर को Cs वितरण ट्यूब की नोक के पास रखा गया। एसआईडी मापन एवं निर्वात पात्र में Cs भाप की रिसाइक्लिंग जसी अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए एक अतिरिक्त Cs नैदानिकी, माइक्रोबेलेंस को शामिल किया गया।

युग्म स्रोत

पिछले एक वर्ष में युग्म स्रोत (टीएस) की प्रयोगात्मक गतिविधियों को मुख्य रूप से (A) यांत्रिक प्रणालियों के निर्माण एवं (B) विभिन्न विद्युत प्रणालियों के स्वीकृति परीक्षण में विभाजित किया जा सकता है। टीएस को रखने के लिए निर्वात पात्र को प्रयोगशाला में निर्मित, सपुर्द एवं कमीशनन किया गया। युग्म स्रोत के निर्माण के अनुबंध को एक भारतीय कंपनी मिसर्स हिंद हाई वेक (एचएचवी), बैंग्लोर के साथ हस्ताक्षरित किया गया एवं निर्माण की प्रक्रियाओं का कार्य जारी है। निर्वात पम्पिंग प्रणाली (रोटरी बेकिंग के साथ टीएमपी) को प्रयोगशाला में अभी-अभी लाया गया है। 100kV डीसी के विलगन का प्राथमिक एवं द्वितीयक के बीच 150kVA, 3-चरण, 415V/415V ट्रांसफोर्मर को निर्माण की जगह एवं आईपीआर दोनों जगहों पर सफलतापूर्वक स्वीकृति परीक्षण किया गया। निम्न ट्रांस्फार्मर पर किए गए कुछ महत्वपूर्ण परीक्षण हैं: (a) 100kV डीसी तक माध्यमिक एवं प्राथमिक के बीच विलगन परीक्षण, (B) 100kV डीसी तक माध्यमिक एवं माध्यमिक शील्ड के बीच विलगन परीक्षण, (c) तापमान बढ़ोतरी परिक्षण, (d) डबल वोल्टेज डबल आवृत्ति परीक्षण, (e) चुंबकीय संतुलन परीक्षण एवं (f) वेक्टर ग्रुप परीक्षण। टीएस DACS के साथ एकीकृत तंतु तापन एवं बायस शक्ति आपूर्ति के परीक्षण एवं सफलतापूर्वक स्थानीय एवं रिमोट मोड़ दोनों में सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। 100kV विलगन प्लेटफॉर्म जिसमें (a) दो 128V, 2A डीसी तंतु तापन शक्ति आपूर्ति, (b) 16V, 10A डीसी फिलामेंट बायस शक्ति आपूर्ति एवं (c) 60V.

आईएनटीएफ गतिविधियाँ

(चित्र A.2.7.3 में दर्शाए गए) मिसर्स वैक्युम टेक्निक, बेग्लोर में भारतीय परीक्षण सुविधा (आईएनटीएफ) निर्वात पात्र (व्यास 4.4m, लंबाई

चित्र A.2.7.3 भारतीय टेस्ट सुविधा निर्वात पात्र का निर्माण कार्य

9m) के निर्माण का कार्य जारी है। मध्यावधि निरीक्षणों को नियमित रूप से चरणों में किया जा रहा है। इस रिपोर्ट को तैयार करते समय पात्र के एफएटी का निष्कर्ष निकाला गया है और सभी विनिर्देशों को सही पाया गया। इसके कमीशनन के कार्य को जल्द ही प्राप्त करने की उम्मीद है। आईएनटीएफ एचवी फीड-थ्रु जो पात्र एवं एचवी पारेषण लाइन के बीच 100kV विलगन देता है को पोर्सेलिन रिंग के मुख्य विद्युत रोधी संयोजन के लिए डिज़ाइन किया गया। 120kV HV डीसी विलगन परीक्षण को बहुत ही छोटी (~ 450mm व्यास, ~620mm लंबाई) एक पोर्सेलिन रिंग (बैंग्लौर, बीएचईएल द्वारा प्राप्त) पर सफलतापूर्वक किया गया। साथ ही ईटर एचवी बुशिंग डिज़ाइन संकल्पना के अनुसार Al_2O_3 सिरेमिक आधारित प्रोटोटाइप एचवी बुशिंग का निर्माण किया गया है और इसे विद्युत तनाव को कम करने के लिए इकट्ठा किया गया। सिरेमिक को जापानी कंपनी (क्रायोसेरा) से खरीदा गया और बाकी हिस्सें जैसे दाब-शील्ड, एफआरपी रिंग को भारत में ही निर्मित कर रहे हैं।

आईएनटीएफ डाटा अधिग्रहण एवं नियंत्रण प्रणाली (डीएसीएस) के डिज़ाइन को ईटर संयंत्र नियंत्रण डिज़ाइन हैंडबुक (पीसीडीएच) विनिर्देशों के आधार पर तैयार किया गया है। आईएनटीएफ डीएसीएस, सुचारू रूप से संचालन एवं 3600 सेकंड की पूरे कालावधि में संकेतों को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार है। नियंत्रण एवं अधिग्रहण के संकेतों की कुल संख्या 900 के आसपास है। धीमे नियंत्रण एवं डीएक्यु प्रणाली, सीमेंस S7 PLC पर आधारित है और शीघ्र नियंत्रण एवं डीएक्यु प्रणाली, एनआई PXIe हार्डवेयर पर आधारित है। सॉफ्टवेयर आधार CODAC कोर प्रणाली को धीमे नियंत्रण और मुख्य मानव मशीन (एचएमआई) को प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा एवं लैबव्यु को तेज़ नियंत्रण एवं डाटा अधिग्रहण के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। पारंपरिक नियंत्रण एवं डाटा अधिग्रहण प्रणाली हार्डवेयर का फैक्टरी और साइट स्वीकृति परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। CODAC कोर प्रणाली पर आधारित आईएनटीएफ डीएसीएस के लिए प्रोटोटाइप के विकास का परीक्षण TS RFG SAT के तहत किया गया और बाद में इसे आइएनटीएफ संचालन से पहले अनुभव हासिल करने के लिए युग्म स्रोत प्रयोग के साथ परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा आईएनटीएफ डीएसीएस विशिष्ट प्रोटोटाइप गतिविधियों को 3600 सेकंड के लंबे पल्स की निगरानी और कार्यक्रम आधारित अधिग्रहण के क्षेत्र में भी किया जा रहा है।

आईएनटीएफ नैदानिकी को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है: (a) सुरक्षित संचालन के लिए सक्रिय इंटरलॉक के साथ संरक्षण नैदानिकी, (b) प्रणाली की देख-रेख के लिए जाँच नैदानिकी, (c) प्लाज़्मा व बीम के अभिलक्षणन के लिए अभिलक्षण नैदानिकी। श्रेणी (a) व (b) नैदानिकी बीएलसी डिज़ाइन का अभिन्न अंग है क्योंकि इनमें थर्मोकपल, निर्वात गॉज़, विद्युत संवेदक आदि शामिल है जो अभिलक्षणन नैदानिकी पर ज्यादा जोर देते हैं। एफएलआईआर निर्मित अवरक्त कैमेरा को खरीदा गया है और इसके एसएटी को किया गया है, Nd-YAG लेसर के साथ केविटी रींग डाउन स्पैट्रोस्कॉपी (सीआरडीएस) के लिए, कंपन रहित ऑप्टिकल मेज एवं संसूचक भी प्रयोगशाला में उपलब्ध हैं और सीआरडीएस टेबल-टॉप प्रयोगों की व्यवस्था की जा चुकी है।

हालांकि ईंधन, जलाने से पहले और बाद में रेडियोसक्रिय नहीं है, लेकिन संलयन शक्ति संयंत्र में इस्तेमाल किये जाने वाले सभी अन्य पदार्थों में शून्य रेडियोसक्रियता प्राप्त करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इसमें सामग्री संयोजन और उनकी संरचना का चयन शामिल है। यह गतिविधि सामग्री अध्ययनों को उस दिशा में उन्मुख करने के लिए है।

A.2.8 संलयन रिएक्टर पदार्थ विकास तथा अभिलक्षण

पदार्थ का विकास: ओडीएस स्टीक विकास परियोजना का उद्देश्य ODS-9CrRAFM और ODS-14CrRAF स्टील के पाउडर का उत्पादन एवं उनका विकास करना है। साथ ही इन पाउडर को ऊष्मा समस्थिर दाब एवं इसके उपरांत गर्म प्रक्रियात्मक विधि द्वारा प्लेटों में परिवर्तित करना एवं संलयन रिएक्टर के प्रयोग में लाया जाना भी है। ओडीएस स्टील प्लेटों को आरएएफएम स्टील पाउडरों से बनाया गया है जो गैस ऑटोमाइज़र एवं उसके बाद पाउडरों को यिट्रिया के साथ मिलाकर एआरसीआई एवं HIPing और गर्म रोलिंग, डीएमआरएल, हैदराबाद द्वारा निर्मित है। ओडीएस स्टील प्लेटों का विशेषीकरण यांत्रिक लक्षणों के लिए किया गया है। संलयन रिएक्टर के लिए कार्यात्मक

सामग्री की गतिविधियाँ जैसे $MgAl_2O_4$ की उत्पत्ति प्रक्रिया (IR एवं RF विंडोज़ के लिए) संश्लेषण के परीक्षण द्वारा अग्रसर है जिसमें ठोस अवस्था प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है। प्रोटोन कन्डक्टिक सिरेमिक के एक भाग की तैयारी एवं प्रलक्षण, पांडिचरी विश्वविद्यालय तथा आर जी सी ई टी पुडूचरी की फेकलटी सदस्यों के साथ मिलकर की जाएगी। इसके लिए एक परियोजना प्रस्ताव प्लाज़्मा संलयन अनुसंधान समिति, बीआरएनएस, द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है। ट्रिटियम पारगमन बाधा कोटिंग (Er_2O_3) विकास गतिविधि प्रतिक्रियाशील स्पटरिंग एवं डिप कोटिंग तकनीक का उपयोग कर फिल्म के ढ़ांचे में सुधार के साथ आगे बढ़ चुका है। प्रतिक्रियाशील धूल लेपित अरबिया नमूनों पर स्पेक्ट्रोस्कोपी एलिप्सोमिटरी का माप पूरा किया जा रहा है। प्रतिक्रियाशील धूल लेपित अरबिया डाटा के मापन द्वारा एएफएम डाटा का विश्लेषण किया जा रहा है तथा इस नमूने का खुरदुरापन प्रसंस्करण तापमान के रूप में एक अधिकता दिखाता है। अरबिया फिल्मों पर व्यवस्थित डी सी प्रतिरोधकता माप अलग तापमान और मापदंडो पर संशोधित प्रतिक्रियाशील स्पटर लेपित फिल्मों पर किया जाता है।

सामग्री निर्माण पर अनुसंधान एवं विकास: ज्ञात वेल्ड नमूने (डिस्टेन्स एम्प्लीट्यूट वर्क) में डीएसी उत्पादन सहित वेल्ड के आकार में कमी द्वारा दोष आकार अंशांकन तथा संसूचक तकनीक एनडीटी गतिविधि के एक भाग के रुप में स्थापित किया है। अल्ट्रासोनिक स्केन परीक्षण रेडियोग्राफी परीक्षण के साथ वेल्ड दोष विश्लेषण प्रक्रिया सहसंबंध स्थापित करके, 20 मि.मी. मोटी तथा 60 मिमी मोटी TIG वेल्ड के लिए बी-स्केन और TOFD जांच का उपयोग करके विभिन्न अंशांकन के कोण द्वारा आयोजित की गई। भविष्य में योजना की गई योजनाओं जैसे कि ओ डी एस स्टील प्लेटो को जोड़ने वाली गतिविधि में इस तकनीक का प्रयोग करने के लिए ईएम पल्स वेल्डिंग एवं विश्लेषण किया जा चुका है। एसईएम और ईडीएम तकनीकों द्वारा तन्यता और कतरनी खंडित Cu-SS लेसर आच्छादित नमूनों का विश्लेषण किया गया है। विभिन्न ऊष्मा इनपुट परिस्थितियों में 10 mm मोटे इबीब्लू SS316L नमूनों का तन्यता परीक्षण किया गया है।

सामग्री विकिरण और लाक्षणीकरण: आईएईए - सीआरपी (समन्वित अनुसंधान परियोजना) शीर्षक 'विकिरण क्षति और एच/डी प्रतिधारण आयन किरणित टंग्स्टन और उसके मिश्र पर अध्ययन' प्रयोगों और अनुकरण भारी आयनों के लिए (Au और W) टंग्स्टन में विकिरण कार्य, आईयूएसी, दिल्ली के त्वरकों का उपयोग कर किया गया है। विकिरण नमूनों का एक्सआरडी, जीएक्सआरडी, एसईएम, एएफएम एवं पीएएस का उपयोग कर संरचनात्मक, सूक्ष्म संरचनात्मक और रूपात्मक लक्षण वर्णन आईपीआर और बीएआरसी में किया गया है। टंगस्टन पर विकिरण के बाद पाए गए वरीय झुकाव, तनाव विकास और त्रुटी बनने जैसे संरचानात्मक एवं सूक्ष्म संरचनात्मक बदलावों

चित्र A2.9.1 वायुमण्डलीय आण्विक सिव बेड सिस्टम प्रचालनरत

का विश्लेषण किया गया है। अनुकरण का कार्य प्रगति पर है। आगे आईपीआर, आईयूएसी और आईजीसीएआर में प्रयोगात्मक कार्य की योजना बनाई जा रही है।

संलयन में हाइड्रोजन के आईसोटोप अर्थात् ड्यूटेरियम एवं ट्रिशियम का उपयोग किया जाएगा। यहां ट्रिशियम लगभग 12.5 वर्षों के आधे जीवन काल का एक रेडियोसक्रिय तत्व है। अत: ट्रिशियम प्राकृतिक रूप से उपलब्ध नहीं है, इसलिए लिथियम से इसका उत्पादन करने की आवश्यकता है। इस गतिविधि में दोनों आइसोटोपों के ईंधन चक्र को विकसित किया जाएगा।



चित्र A.2.9.2 अभिकल्पित क्रायोस्टेट एवं क्रायोजेनिक आण्विक सिव बेड प्रणाली का विन्यास

चित्र A.2.9.3 हाईड्रोजन आईसोटोप पारगमन अध्ययन के लिए संस्थापित व्यवस्था

A.2.9 संलयन ईंधन-चक्र का विकास

हीलियम शुद्ध गैस के लिए हाइड्रोजन आइसोटोप निष्कर्षण प्रणाली (एनआईआरएस) का प्रयोगाशाला पैमाने पर विकास: हीलियम शुद्ध गैस के लिए एचआइआरएस का डिज़ाइन अवधारणाओं को मान्य करने के लिए इस प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। पूरा एच आई आर एस वायुमंडलीय आण्विक सीव बेड़ कॉलम (एएमएसबी) (He शुद्ध गैस से नमी को हटाने के लिए) और क्रायोजेनिक आण्विक सीव बेड़ कॉलम (सीएमएसबी) (हाइड्रोजन आइसोटॉप और अशुद्धियाँ हटाने के लिए) एमएसबी के विभिन्न घटकों को एकीकृत किया गया है और प्रयोगों को शुरू किया गया है। He फीड़ गैस में नमी के प्रतिशत स्तर के लिए यह प्रणाली काम करती है। हालांकि हमारे ईटर प्रासंगिक प्रयोगों के लिए, नमी का स्तर पीपीएम के स्तर में होना चाहिए। गैस में नमी के पीपीएम स्तर को शुरू करने के लिए एक आर्द्रीकरण प्रणाली विकसित की जा रही है। चित्र 2.9.2 में विकसित आर्द्रीकरण प्रणाली का योजनाबद्ध चित्र दिखाया गया है। क्रायोस्टेट और सीएमएस का डिज़ाइन पूर्ण कर लिया गया है और उसका विन्यास चित्र A.2.9.3 में दिखाया गया है। एक बार विश्लेषण समाप्त हो जाए, सीएमएस ही निर्मित किया जाएगा।

He गैस में गैस क्रोमेटोग्राफ(जीसी) का इस्तेमाल करके अशुद्धियों एवं हाईड्रोजन आइसोटोप के विभाजन के प्रायोगिक परिणाम: जीसी का इस्तेमाल करके कुछ प्रयोग किये गये हैं। पहले प्रयोग में He गैस में 303K पर अशुद्धियों का विश्लेषण सम्मिलित है एवं दूसरे प्रयोग में He गैस में 77 K पर हाईड्रोजन आईसोटोपों के विश्लेषण सम्मिलित है। पैक किये कॉलम (ज़िओलाइट 13X) का इस्तेमाल करके 303K पर He गैस से H_2, O_2 एवं N_2 (प्रत्येक 10 ppm) अशुद्धियों के विभाजन का प्रदर्शन अवधारण समय 2 मिनट से कम में किया गया। दूसरे प्रयोग में 77K पर पैक किये कॉलम (संशोधित एलुमिना) का इस्तेमाल करके H_2 एवं D_2 (प्रत्येक 10ppm) का अवलोकन 3 मिनट से कम अवधारण समय में किया गया। ये दोनों परिणाम बहुत उत्साहजनक है और He गैस से इन प्रजातियों का विभाजन करने के लिए उपयोग में लाए जा सकते हैं।

द्रव PbLi के लिए हाईड्रोजन आइसोटोप निष्कर्षण प्रणाली (एचआईईएस) का विकास: पैकिंग कॉलम के लिए आरेखन बनाने की तैयारी कर ली गई है और जल्द ही इसका निर्माण शुरू किया जाएगा। शैल्फ से परे घटकों का प्रापण कार्य प्रगति पर है।

द्रव PbLi में हाईड्रोजन आइसोटोप की विलेयता का निर्धारण करने के लिए प्रयोगात्मक व्यवस्था का विकास: विलेयता चैम्बर का निर्माण शुरू किया गया है। शैल्फ से परे मदों (जैसे- निर्वात पंप, द्रव्यमान प्रवाह नियंत्रकों, इलेक्ट्रॉनिक दाब नियंत्रकों, संधारित्र मैनोमीटरों, अवशिष्ट गैस विश्लेषक, तापमान संवेदकों, तापमान नियंत्रक आदि) के लिए प्रापण प्रक्रिया प्रगति पर है।

टीपीबी कोटिंग पूरी करने हेतु हाईड्रोजन आइसोटोप पारगमन अध्ययन: प्रयोगात्मक व्यवस्था का संस्थापन एवं कमीशनिंग पूरी हो गई है। प्रारंभिक प्रयोग किये जा रहे हैं। संस्थापित व्यवस्था की एक तस्वीर चित्र A.2.9.3 में दी गई है।

A.3. आधारभूत प्लाज़्मा विज्ञान

आधारभूत प्लाज़्मा विज्ञान पर संस्थान के पास ठोस प्रयोगात्मक कार्यक्रम है। यह रोमांचक कार्यक्रम विशेषकर पीएच.डी छात्र कार्यक्रम की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। वर्तमान कार्यक्रम में निम्नलिखित विषयों के अंतर्गत प्रयोग किए जा रहे हैं:

A.3.1 बृहद आयतन प्लाज़्मा यंत्र (एलवीपीडी) प्रयोग..... 28
A.3.2 टोरोइडल एसेम्बली में मौलिक प्रयोग (बीटा)..... 30
A.3.3 सतहों के साथ निम्न ऊर्जा आयन एवं उदासीन पुंजों की अंतःक्रिया..... 30
A.3.4 सूक्ष्मतरंग प्लाज़्मा प्रयोगों के लिए प्रणाली (एसवाईएमपीएलई)..... 30
A.3.5 प्लाज़्मा वेक-फिल्ड त्वरण प्रयोग (पीडब्ल्यूएफए)..... 31
A.3.6 चुम्बकीय रेखीय प्लाज़्मा यंत्र..... 31
A.3.7 धूलित प्लाज़्मा पर प्रयोग..... 31
A.3.8 रेखीय हेलीकन प्लाज़्मा यन्त्र के साथ नियंत्रणीय चुंबकीय क्षेत्र प्रवणता हेलीकन प्लाज़्मा... 32
A.3.9 गैर रेखीय गतिशीलता में डीसी ग्लो निर्वहन प्लाज़्मा..... 33
A.3.10 बहु-कस्प प्लाज़्मा प्रयोग..... 33
A.3.11 अनावेशित प्लाज़्मा प्रयोग (SMARTEX-C)..... 34
A.3.12 प्लाज़्मा टॉर्च गतिविधिया..... 34

A.3.1 बृहद आयतन प्लाज़्मा युक्ति (एलवीपीडी) प्रयोग

इलेक्ट्रॉन तापमान प्रवणता (ईटीजी) विक्षोभ अध्ययन और प्रासंगिक परिवहन पर भौतिकी प्रयोग जारी रखा जा रहा है। अब प्रयोग को ईटीजी विक्षोभ की गैर रेखीय गुणों को समझने की दिशा में विस्तार किया गया है। हम इलेक्ट्रॉन ऊर्जा फिल्टर (ईईएफ) की भौतिकी समझाने का सफल प्रयास किया है, लेकिन, स्पष्ट रूप से एलवीपीडी के स्रोत प्लाज़्मा में विक्षोभ की प्रकृति को समझाने में सफल हुए हैं।

प्राकृतिक रूप से उत्पन्न एवं मानव निर्मित दोनों स्थितियों में प्लाज़्मा अवस्था के विभिन्न गुणधर्मों को समझने में बुनियादी प्रयोग मदद करते हैं। विभिन्न आधारभूत तकनीकियों को विकसित करने में सहायक होने के अलावा ये प्रयोग मानव संसाधनों हेतु भविष्य के प्रयासों को विकसित करने में मदद करते हैं।

इलेक्ट्रॉन तापमान प्रवणता की पृष्ठभूमि में एलवीपीडी लक्ष्य प्लाज़्मा में प्लाज़्मा परिवहन : प्रारंभिक जांच एलवीपीडी का लक्ष्य प्लाज़्मा में ईटीजी की पृष्ठभूमि में प्लाज़्मा के उतार-चढ़ाव प्रेरित प्लाज़्मा परिवहन किया गया है। हमनें ईटीजी की उपस्थिति में देखा है कि प्लाज़्मा उतार-चढाव प्रेरित कण परिवहन ईटीजी की अनुपस्थिति की तुलना में काफी ज्यादा पाया गया है। इसके अलावा विक्षोभ का मोड रूपांतरण/युग्मन प्रक्रिया के लिए जांच किया गया है। हमने उच्च परिवेश चुंबकीय क्षेत्र के लिए एलवीपीडी प्लाज़्मा का चरित्र चित्रण किया है। यह इलेक्ट्रॉन और आयन जायरो आवृत्तियों के बढ़ाने के लिए किया जा रहा है और यह बिजली की आपूर्ति से उत्साहित पारंपरिक आवृत्तियों से ज्यादा है।

निकट ईईएफ क्षेत्र में विक्षोभ: निकट ईईएफ क्षेत्र में विक्षोभ का महत्त्व इस क्षेत्र में जटिल चुंबकीय प्रोफाइल की वजह से है। ईईएफ, 6.2 G का अक्षीय चुंबकीय क्षेत्र के खिलाफ 160 G के एक मजबूत अनुप्रस्थ चुंबकीय क्षेत्र पैदा करता है। ईईएफ के भौतिकी निम्नलिखित परिप्रेक्ष्य में समझा जा सकता है। ईईएफ ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों को टारगेट क्षेत्र में जाने से रोकता है और प्लाज़्मा स्रोत क्षेत्र में प्रतिबंधित करता है। ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन ईईएफ के भीतर बहुत कम टक्करों से एलवीपीडी के दीवार की और ईईएफ के अक्ष रेखा के साथ बह जाता है। हालांकि ऐसा कुछ प्रयोगों में मिला नहीं है। निकट ईईएफ क्षेत्र में विक्षोभ का पहचान रेले टेलर के रूप में पाया गया है। ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों की हानि पथ की पहचान का सवाल अभी भी एक रहस्य है। हालांकि, स्रोत



चित्र A.3.1.1 स्रोत, इलेक्ट्रॉन ऊर्जा फिल्टर एवं लक्ष्य क्षेत्र में शीर्ष प्लवन संभावित प्रालेख का युग्मित चुम्बकीय क्षेत्र एवं एलवीपीडी के परिवेशी चुम्बकीय क्षेत्र का अनुकरित क्षेत्र प्रतिरूप के साथ सहसंबंध

प्लाज़्मा के ऊर्जावान बेल्ट क्षेत्र में विक्षोभ के माध्यम से अपने नष्ट होने के कुछ संकेत मिले हैं।

स्रोत क्षेत्र में विक्षोभ: चित्र सं.3.1.1 में, x-z प्लेन में स्रोत, ईईएफ और लक्ष्य प्लाज़्मा की प्रयोगात्मक क्षेत्र में अधिकतम प्लावी विभव का वितरण दिखाया गया है। यह कान्टुर चित्र लैंग्म्युर प्रोब का अक्षीय सरणी से लिया अधिकतम प्लावी विभव का रेडियल प्रोफाइल से उत्पन्न किया गया है (लंबाई: 10 मि.मी., व्यास: 1 मि.मी., संख्या: 32) । प्रोब अक्षीय रूप से 2.5 से.मी. की दूरी पर है। यह स्रोत क्षेत्र में ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन वितरण और चुंबकीय क्षेत्र पैटर्न के बीच सीधा संबंध दर्शाता है। प्रयोग में मिले कई नतीजों से विक्षोभ का प्रासंग विस्लर की ओर दर्शाता है। यह विक्षोभ पृथ्वी के वातावरण और मैग्नेट स्पीयर में पाया जाता है (वेन एलेन वेल्ट)।

प्रणाली उन्न्यन और नैदानिक विकास: पिछले वर्ष के दौरान, प्रमुख प्रणाली उन्न्यन गतिविधि की विभिन्न उपकरणों के एकीकरण की दिशा में एलवीपीडी में किया गया है। 10 kA/20V बिजली आपूर्ति को एक लैब व्यु इंटरफेस प्रदान किया गया है। यह इंटरफेस कैथोड हीटिंग प्रोफाइल और नए प्लाज़्मा स्रोत के उत्सर्जन प्रोफाइल को नियंत्रण करता है। हमनें एक अन्य महत्त्वपूर्ण घटक विकसित किया है (लचीला उच्च धारा फीड) और यह बिजली की आपूर्ति और प्लाज़्मा स्रोत को युग्मित करता है (चित्र सं. 3.1.2)। इस वर्ष के दौरान, सभी 12 रेडियल पोर्ट को कंप्यूटर नियंत्रित लेब व्यू इंटरफेस के साथ लिनियर प्रोब ड्राइव से जोड दिया गया है (चित्र सं. 3.1.3) । डाटा अधिग्रहण क्षेत्र में, 40 चैनलों का पीएक्सआई आधारित डाटा अधिग्रहण प्रणाली (डीएएस) का क्रय आदेश पत्र का वितरण एक प्रमुख विकास रहा । यह प्रणाली वर्तमान में, मेसर्स ओप्टिमाइज़्ड शोल्युशन पर फेक्टरी स्वीकृति परीक्षण के दौर से गुज़र रही है।

चित्र A.3.1.2 विकसित की गई उच्च विद्युत धारा लचीली लंबाई वाला फीड थ्रू। इसकी अवशोषण लंबाई > 1.2m है

चित्र A.3.1.3 ~1m गति की लंबाई वाले कुछ बड़े, रैखिक गति, निर्वात अंतरापृष्ठ प्रोब ड्राइव

A.3.2. टोरोइडल ऐसेम्बली में मौलिक प्रयोग (बीटा)

ऊर्ध्वाधर कॉयल विद्युत धारा की अनुपस्थिति में उच्चावचन चालन प्रवाह पर पहले के प्रयोगों को पुन:उत्पन्न करने के लिए एक योजनाबद्ध प्रयोगात्मक अभियान को अंजाम दिया गया। इस प्रक्रिया में यह पाया गया कि मैश प्रोब के परिणाम परस्पर मेल नहीं खाते। नये मैश प्रोब अभिकल्पनों की एक श्रृंखला के प्रयास किये गये एवं समस्याओं को पहचाना गया एवं सुधारा गया। वर्तमान मैश प्रोब संगत परिमाण प्रदान करता है। B_T कॉयल के संरेखणों में छोटी त्रुटियों के करण यह अपेक्षा की जा सकती है कि टोरोइडल क्षेत्र की लाइनें अपने आप बंद नहीं हो सकती। क्षेत्र की लाइनों की टोपोलॉजी को निर्धारित करने के लिए एक साधारण, लेकिन बहुत प्रभावशाली क्षेत्र लाइन ट्रेसिंग प्रयोग सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस प्रयोग में एक उत्सर्जी प्रोब आधारित निस्सरण का इस्तेमाल करके क्षेत्र लाइन पर एक छोटे से प्लाज़्मा को उत्पन्न करना था एवं अनावेशित गैस के उपयुक्त भरण दाब पर प्लाज़्मा को क्षेत्र लाइन के साथ प्रवाहित होने देना था। चुम्बकीय क्षेत्र लाइन की टोपोलॉजी को निर्धारित करने में यह पद्धति बहुत ही किफायती एवं काफी प्रभावशाली है। यह हमें प्रयोगात्मक रूप से सुनिश्चित करने देती है कि ऑफसेट विद्युत धारा स्वयं पर ही क्षेत्र लाइन बंद करने के लिए ऊर्ध्वाधर क्षेत्र कॉयल में है। टोपोलॉजी के प्राप्त किये गये सटीक नियंत्रण से चुम्बकीय क्षेत्र टोपोलॉजी की रेंज के लिए उच्चावचन चालित प्रवाह अध्ययनों को दिये गये क्षेत्र की तीव्रता पर पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही प्रणाली के रख रखाव से संबंधित कई कार्य, डाटा विश्लेषण को भी पूरा कर लिया गया है।

A.3.3 सतहों के साथ निम्न ऊर्जा आयन एवं उदासीन पुंजों की अंत:क्रिया

नाइट्रोजन/हाईड्रोजन गैस के मिश्रणों का इस्तेमाल करके 800 गॉस के एक अक्षीय चुम्बकीय क्षेत्र में 2.45 GHZ की स्पंदित सूक्ष्म तरंगों के माध्यम से उत्पन्न एक उच्च घनत्व के प्लाज़्मा किरण पुँज में प्लाज़्मा स्पैक्ट्रोदर्शिकी को क्रियान्वित किया गया है। उत्सर्जित स्पैक्ट्रा (300 nm से 800 nm) को दर्ज किया गया है। शुद्ध नाइट्रोजन से शुरू करते हुए यानी हाईड्रोजन की प्रतिशतता में 5% वृद्धि के चरणों में हाईड्रोजन स्पैक्ट्रा का शून्य प्रतिशत लिया गया, तब तक यह शुद्ध हाईड्रोजन है, यानी 100% हाईड्रोजन। हमारा मुख्य उद्देश्य यह पता करनाहै कि हाईड्रोजन के लिए नाइट्रोजन का अनुकूल अनुपात क्या है, जो NH एवं NH+ की अधिकतम तीव्रता को उत्पन्न करता है, जो नाइट्राइडिंग के लिए जिम्मेदार प्रमुख सक्रिय प्रजाति के रूप में जाना जाता है। हमने जिस स्पैक्ट्रा का पता लगाया है वह ग्लो डिस्चार्ज प्लाज़्मा एवं N_2/H_2 गैस मिश्रणों के साथ अन्य प्रकारों के प्लाज़्मा के लिए रिपोर्ट किये गये से काफी अलग है। हमने हाईड्रोजन प्लाज़्मा का उत्तेजन तापमान 0.46 eV का अनुमान किया है। हम $N_2:H_2$ मिश्रण अनुपातों के विभिन्न संयोजन में NH एवं NH+ की उपस्थिति को भी देख सकते हैं। NH एवं NH+ मूलकों के कारण शीर्ष तीव्रताओं का विश्लेषण करके हमने यह निष्कर्ष निकाला है कि सबसे उत्तम $N_2:H_2$ अनुमात 65:35 होना चाहिए।

A.3.4. सूक्ष्मतरंग प्लाज़्मा प्रयोगों के लिए प्रणाली (एसवाईएमपीएलई)

एसवाईएमपीएलई का उद्देश्य प्लाज़्मा एवं उच्च शक्ति सूक्ष्मतरंग (एचपीएम) के बीच अंत:क्रिया की जांच करना है, जिसे दो चरणों में किया गया है। चरण I में प्लाज़्मा के साथ मॉडरेट(3.1 MW, 3GHz, 5 μs) शक्ति एचपीएम की अंत:क्रिया शामिल है, जबकि चरण II में एचपीएम की कुछ सैकंड़ों मेघा वॉट शक्ति के साथ अंत:क्रिया होती है। दोनों दिशाओं में विकासात्मक कार्य विभिन्न प्रयोगशालाओं में समान रूप से किये जा रहे हैं। वॉशर गन में निस्सरणों का प्रतिरोध करने के लिए प्रयुक्त स्पंद गठन नेटवर्क (पीएफएन) प्रणाली को अभी उन्नत किया गया है, जिससे यह पिछली प्रणाली, जो लगभग 4 मिनट के अंतराल में एक शॉट से अगला शॉट देती थी, की तुलना में अधिक तीव्र दर पर प्रति 20 सेकण्डों में एक शॉट प्रदान कर सकें। प्रयोग के काल अनुक्रम में एकल स्पंद विधि में एचपीएम आउटपुट आवश्यक है। एचपीएम आउटपुट की विशेषता गंभीरता से स्पंदित मॉडुलेटर चालक द्वारा निर्धारित की जाती है। हमारे उपयोग के लिए मैग्नेट्रॉन चालक कोअधिक दोहराव के 5 μs स्पंद चौड़ाई एवं बहुत तीव्र (~कुछ सैकड़ों ns) वृद्धि समय के साथ 52 kV एवं 120 A के एकल स्पंदों को उत्पन्न करने की जरूरत है। एक लाइन प्रकार कस मॉडुलेटर, जो साधारण, किफायती, मजबूत एवं बनाने में आसान है, को 52 kV, 120 A, 5μs चौड़ी एवं ~450 ns में वृद्धि हुई स्पंदों को वितरित करने के लिए अभिकल्पित किया गया है। यह एक चार्जिंग पावर सप्लाई, स्पंदगठन नेटवर्क (पीईएन), एक थायरोट्रॉन स्विच, ट्रिगरिंग युनिट एवं एकस्पंद ट्रांसफॉमर से युक्त है। संलग्न खंडों के बीच आपसी युग्मन (15-20%) से ग्युललेमिन टाइप ई टाइप पीएफएन के अभिकल्पन को पीएसपीआईसीई अनुकरण के साथ जांचा गया है। चित्र A.3.5 में इस प्रणाली के सेट-अप को दर्शाया गया

चित्र A.3.4.1 विकसित किये जा रहे स्पंदित मॉडूलेटरका एक दृश्य

है। ~100 ns की एक तेज वोल्टता वृद्धि एवं 5 μs की स्पंद चौड़ाई, जितनी मैग्नेट्रॉन के लिए आवश्यक है, को प्राप्त किया गया है। वर्केटर (वर्चुअल कैथोड ऑसिलेटर)से शक्ति मापन पर मौजूदा नैदानिकी को जोड़ते हुए विकिरणित विद्युत क्षेत्र के मापनों को उच्च आवृत्ति (10 GHz तक) ई-डॉट प्रोब्स का इस्तेमाल करके क्रियान्वित किया गया है। 100-150 V/m तक की रेंज में विद्युत क्षेत्र को एचपीएम स्रोत से प्रोब की दूरी के अनुसार मापा गया है।

A.3.5 प्लाज़्मा वेक-फिल्ड त्वरण प्रयोग (पीडब्ल्यूएफए)

यह प्रयोग ~25 MeV/m की एक त्वरण प्रवणता को प्रदर्शित करने के लिए है। इस प्रकार की त्वरण प्रवणता के लिए आवश्यक प्लाज़्मा घनत्व, लंबाई में 1m लंबे समांगी प्लाज़्मा स्तंभ पर 10^{13}-10^{14} cm^{-3} के क्रम में है। फोटो-आयनित लिथियम हीट पाइप अवन (एचपीओ) पर आधारित 40 cm लंबे प्लाज़्मा स्रोत के प्रोटोटाइप को विकसित किया गया है एवं एचपीओ के तापीय अभिलक्षणन अध्ययनों को किया गया है। Li वाष्प स्तंभ का समान तापमान (~775^{0}C) दोनों तरफ तीक्ष्ण सीमाओं के साथ 0.3 mbar के हीलियम बफर गैस दाब तथा 900^{0}C के बाहरी हीटर तापमान पर प्राप्त किया गया है। नैदानिकी तकनीकियाँ जैसे सफेद प्रकाश अवशोषण, यूवी अवशोषण एवं हूक्स पद्धति को रेखा एकीकृत लिथियम वाष्प स्तंभ घनत्व को मापने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। CO_2 लेसर इंटरफेरोमेट्री एवं यूवी फोटो-आयनीकरण का इस्तेमाल करके गरम पाइप ओवन में रेखा एकीकृत लिथियम प्लाज़्मा इलेक्ट्रॉन घनत्व के माप को क्रियान्वित किया जाएगा। हुक्स पद्धति का इस्तेमाल करके रेखा एकीकृत Li वाष्प घनत्व को सटीक रूप से निर्धारण करने के निरंतर प्रयास के तहत एक परिक्षेपी - मैश-ज़ेह्न्डर सफेद प्रकाश इंटरफेरो मीटर को स्थापित किया जा रहा है। अतिरिक्त प्रयोग प्रणालियों के एकीकरण एवं नियंत्रण एवं लैबव्यू पर्यावरण में उपकरण से संबंधित तीन विभिन्न अभियांत्रिकी परियोजनाएँ, विस्तृत लंबाई के साथ हीट पाइप



चित्र A.3.6 इलेक्ट्रॉन घनत्व मापन के लिए CO_2 लेसर आधारित माइक्हेल्सन इंटरफेरो मैट्रीसेटअप में फ्रिंज देखे गये हैं

ओवन के एफवीएम आधारित अनुकरण अध्ययन, एवं नये तथा उन्नत CO_2 लेसर नियंत्रण के सटीक प्रचालन क्रियान्वित किए गए हैं। इस जारी परियोजना के एक भाग के रूप में लिनक सुविधा को आईपीआर में स्थापित किया जा रहा है। आरंभिक साइट आबंटन आईपीआर में किया गया एवं साइट स्वीकृति एईआरबी से प्राप्त की गई। लिनक भवन, परिरक्षण रूम एवं बीम लाइन/बीम डम्प्स के प्रारंभिक अभिकल्पन को अंतिम रूप देते समय ब्रिमस्ट्रॉहलंग विकिरणों एवं न्यूट्रॉन अभिवाह के लिए विकिरण एवं सुरक्षा का आकलन (आनुभविक) किया गया है।

संस्थान में विभिन्न प्रकार के छोटे प्रयोग किये जा रहे हैं, जो पीएच.डी प्रोग्राम की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं एवं वर्ष भर लघु भौतिकी के प्रति उत्सुकता को जीवंत बनाए रखते हैं।

विकिरण परिरक्षण गणनाओं पर अनुकरण अध्ययनों को मॉन्टे-कार्लो पद्धतियों का इस्तेमाल करके किया जा रहा है।

A 3.6 चुम्बकीय रेखीय प्लाज़्मा यंत्र

इन्वर्स मिरर प्लाज़्मा प्रयोगात्मक डिवाइस एक नये रूप से कमीशन हुआ चुम्बकीय रेखीय प्लाज़्मा डिवाइस है। चित्र सं. 3.6.1 पूरी तरह से संकलित यंत्र को दर्शाता है। इस डिवाइस को पिछले कुछ वर्षों में संस्थान में अभिकल्पित एवं निर्मित किया गया है। इस यंत्र को पिछले साल पहली बार प्रचालन में लाया गया। इस साल प्लाज़्मा का विस्तृत अभिलक्षणन और प्लाज़्मा तरंग का अध्ययन किया गया। अभिलक्षणन अध्ययन में प्रायोगिक अध्ययन शामिल थे। शांत चुम्बकीय प्लाज़्मा एक बड़ी प्रचालन श्रृंखला पर प्राप्त की गई है (5 x 10^{-5}-10^{-3} mbar एवं 109 से 1090 गॉस)। यह एक अद्वितीय प्लाज़्मा स्रोत का चुंबकीय क्षेत्र और एक लंबे समान चुंबकीय क्षेत्र के बीच पाया गया है। प्लाज़्मा घनत्व के 10^{-9}-10^{-12} cm^{-3} में और इलेक्ट्रॉन तापमान 1.5-4.5 eV तक बदला जा सकता है। जांच में प्लाज़्मा त्रिज्यता एक समान पाया गया है एवं अक्षीय समानता 1.2 मीटर तक पाया गया है। जिस प्लाज़्मा मानदण्डों के लिए इस यंत्र को तैयार किया गया था, उसे प्राप्त किया जा रहा है। अवस्था समिश्रण के लिए जिम्मेदार अरैखिक प्लाज़्मा दोलनों पर वर्तमान में प्रयोगात्मक अध्ययन चल रहा है। ऊर्जा उपर्युक्त विधियों का उपयोग कर प्लाज़्मा के तरंगों को स्थानांतरित कर रहा है। यह प्लाज़्मा तापन और चार्ज त्वरण में काम आता है। प्रारंभिक प्रयोगात्मक परिणाम उत्साहजनक है। इन प्रयोगों का महत्त्व, लेसर संलयन, पोर्टेबल प्लाज़्मा आधारित त्वरकों और नियंत्रित संलयन क्षेत्र में चुंबकीय प्लाज़्मा संयंत्र है।

A.3.7 धूलित प्लाज़्मा पर प्रयोग

भंवर, प्रकृति में प्राकृतिक घटना की एक विस्तृत श्रृंखला में जैसे की



चित्र A.3.6.1 में उल्टा मिरर चुम्बकीय रेखीय प्लाज़्मा यंत्र को दिखाया गया है।

बवंडर, धुएं के छल्ले आदि में पाए जाते हैं। जटिल प्लज़्मा एक नियंत्रित प्रयोगशाला में धूल भंवर के अध्ययन के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। जटिल प्लाज़्मा में भंवर एक आदर्श परीक्षण बेड है प्लाज़्मा विक्षोभ की शुरूआती अध्ययन के लिए एवं बहुत गतिक स्तर पर सामूहिक प्रभाव का अध्ययन करने के लिए जब गुरूत्त्वाकर्षण का बल थर्मफॉरेसिस बल के समान होता है तब धूल भंवर धूलित प्लाज़्मा में बनता है और इसे बाहर से प्रेरित किया जा सकता है। भंवर न्यूक्लिएशन के साथ चल सकता है और शीयर प्रवाह प्रेरित विक्षोभ पैदा कर सकता है। जटिल प्लाज़्मा में निजी उत्साहित भंवर की उत्पत्ति की चर्चा चल रही



चित्र A.3.7.1 चित्र में लेसर शीट, डस्ट टोरस को उसके व्यास सहित उजागर करती हुई, जो मूल रूप से दो ऊर्ध्वाधर डस्ट भंवरों की तरह एकदम विपरित दो पोलोइडल अनुप्रस्थ-काट को दर्शाती है

है। हमने एक अचुबकीय समानातर डीसी ग्लो निस्सरण और धातु की अंगूठी के कैथोड के साथ प्रयोगात्मक रूप से धूल भंवर उत्पन्न किया है। शीथ विद्युत क्षेत्र को धूल कणों के ऊपर गुरूत्त्वाकर्षण खिंचाव की भरपाई करने के लिए प्रयोग किया जाता है। धूल भंवर टोरोइडल दिशा में लगातार रूप से चलते हैं जहाँ यह पोलोइडल दिशा में घूम रहें होते हैं। हमारी वर्तमान जांच धूलित कणों के घूर्णन के पीछे का कारण केथोड़ सतह की ओर से आ रहा आयन विंड में शीयर और एक कैथोड़ की सतह पर प्रतिक्षेत्र शीथ इलेक्ट्रीक क्षेत्र है । आयन खिंचाव में शीयर धूल कणों के बादल पर टॉर्क डालता है जिससे घूर्णन धूल संरचना होती है।

द्रवगतिक का उपयोग करके, यह पाया गया है कि धूल प्रवाही में भंवर आयन ड्रेग ढ़ाल की वजह से है ना कि चार्ज में ढ़ाल मिलने से। इसे घूर्णन के प्रमुख कारण के रुप में यह पुष्टि की गई है। धूल घूर्णन के कारण को, और एक प्रयोग जिसमें अतिरिक्त घनत्त्व ढ़ाल को जोड़ के मजबूत किया गया है। इससे और एक टोरोइडल धूल ढ़ाँचा मिला है। इन भंवरों की उत्पत्ति को विभिन्न निस्सरण जैसे कि चाप और निस्सरण धारा को बदल कर देखा गया है और इसका नतिजा धूल कणों की घूर्णन गति इन दोनों क्षेत्र में बढ़ते हुआ पाया गया है।

A.3.8 रेखीय हेलीकन प्लाज़्मा यंत्र के साथ नियंत्रणीय चुंबकीय क्षेत्र प्रवणता हेलीकन प्लाज़्मा



चित्र A.3.8.1 हेलिकन प्लाज़्मा प्रणाली का 3D योजनाबद्ध रूप

13.56 मेगा हट्र्ज़ आरएफ जनरेटर संचालित एक हेलिकन एंटिना का उपयोग कर हेलीकन प्लाज़्मा प्रयोगों को किया जा रहा है। शीतलित प्लाज़्मा वो प्लाज़्मा है जिसमें कणों की ऊष्मा गति लहरों की चरण गति की तुलना में बहुत कम होती है। चुम्बकीय प्लाज़्मा, विद्युत चुम्बकीय तरंगों के लिए एक अनिसोट्रोपिक माध्यम की तरह व्यवहार करता है और विभिन्न प्रकार की तरंगों को समर्थन करता है। चूंकि प्लाज़्मा हल्के इलेक्ट्रॉन और भारी आयन से मिलकर बना है, इसलिए विशेष आवृत्तियों की रेंज निम्न आवृत्ति आयन साइक्लोट्रॉन आवृत्ति से उच्च आवृत्ति इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन आवृत्ति है। प्लाज़्मा की महत्त्वपूर्ण विशेषताओं में एक विशेषता यह भी है तरंग कणों के टक्कर के अभाव में भी अवमंदित हो जाता है। कणों के टक्कर के अभाव में होने वाली तरंग अवमंदन की प्रवृत्ति को प्लाज़्मा तापीय एवं करंट ड्राइव के लिए उपयोग में लाया जाता है जिससे की प्लाज़्मा को और गर्म किया जा सके जो कि जूल हीटिंग से संभव नहीं है। पल्स विभिन्न आवृत्तियों की श्रृंखला से मिलकर बनी होती है विभिन्न आवृत्तियाँ भिन्न-भिन्न गति से चलती है जिसके कारण उच्च आवृत्ति की लहर निम्न आवृत्ति की लहर से पहले संसूचन बिंदू पर पहुँचती है। इस प्रक्रिया के कारण अवरोही क्रम की सीटी उत्पन्न होती है जिसे विस्टले लहर के नाम से जाना जाता है जब विस्टलअर तरंगे बाउंडिड प्रणाली के अंदर होती है तो उन्हें हेलीकन तरंगे कहते हैं। इस हेलिकन प्लाज़्मा प्रणाली में नीचे की ओर असमांगी प्लाज़्मा उत्पादन के लिए इन हेलिकन तरंगों के उपयोग का हाल ही में अध्ययन किया है। यह देखा गया है कि एन्टेना से 30-40 से.मी. की दूरी पर स्थित इलेक्ट्रॉनों के गर्म होने का कारण संचारित हेलिकन तरंगे हैं गर्म हुए इलेक्ट्रॉन अपनी जगह को छोड़ने का प्रयास ज्यादा गति से करते हैं। ठंड़े इलेक्ट्रॉन की तुलना में जो कि प्रतिवेश मे उपलब्ध है जिसके कारण घनत्व में असमानता आ जाती है जो कि नीचे की ओर असमांगी प्लाज़्मा के बनने का कारण है। इसके अलावा अचालक ग्लास कक्ष की आंतरिक दीवार पर चार्जिंग का अध्ययन भी किया गया है। दीवार चार्ज करने की ताकत एन्टेना के छल्ले के पास अधिक है। आरएफ वोल्टेज का परिमाण आरएफ पावर के साथ बढ़ जाता है जिसके कारण दीवार का वोल्टेज भी बढ़ जाता है।

A.3.9 गैर-रेखीय गतिशीलता में डीसी ग्लो निर्वहन प्लाज़्मा

एक प्रायोगिक प्रणाली गैर-रेखीय गतिशीलता में डीसी ग्लो निर्वहन प्लाज़्मा के अध्ययन के लिए विकसित की गई है। प्लाज़्मा का उत्पादन दो समानान्तर इलेक्ट्रॉड के बीच डीसी वोल्टेज लागू करके किया जाता है। स्वचलित धारा में अस्थिरता का मापन धारा प्रोब की मदद से किया जाता है और स्थानिक प्रोपेगेशन आयनीकरण लहर की जाँच फोटो डायोड्स की सारणी से किया जाता है। समय श्रृंखला डाटा अलग-अलग निर्वहन धारा, आर्गन भरण दबाव और इलेक्ट्रॉड पृथक्करण द्वारा लिया जाता है। माहिर छात्र प्लाज़्मा पर काम करने के आरंभिक समय में पेस्चन्स नियम की जांच कर रहे हैं और इस डीसी ग्लो निर्वहन प्रणाली की I-V विशेषताओं को अपना रहे हैं। एम जी युनिवर्सिटी, कोट्टायम के छात्रों द्वार I-V विशेषताओं में हिस्टैरिसीस की जांच, अस्थिर एवं स्थिर स्ट्राइएशन के अवलोकन को प्रस्तुत किया गया एवं आवश्यक प्रारंभिक डाटा प्राप्त किया गया। छात्रों ने गोल्डस्टेन- वेह्नर लॉ को भी सत्यापित किया जो इस डीसी निर्वहन के धारीदार धनात्मक स्तंभ में नियंत्रित है और जो स्ट्राइटेशन लंबाई की निर्भरता नली त्रिज्य एवं दाब को स्पष्ट करता है। इन मापनों से विभिन्न दाबों के लिए स्टेशनरी स्ट्राइटेशन की मोटाई की गणना की गई।

A.3.10 बहु-कस्प प्लाज़्मा प्रयोग

सभी चुम्बकों को प्रायोगिक चैम्बर के लिए एकीकृत किया गया है तथा क्षेत्र का मानचित्रण किया गया है। क्षेत्र मूल्यों को विश्लेषणात्मक गणना एवं व्यवसायिक सॉफ्टवेयर से जांचा गया है। आयनाइज़र प्लेट को अस्थायी रूपसे आवश्यकता से आधे तापमान पर गर्म किया गया है। इस लक्ष्य को अवरक्त तापलेखी द्वारा प्रतिबिंबित किया गया है। गर्म की गई लक्ष्य प्लेट में कुछ गर्म-धब्बों को देखा गया, जिससे पता चलता है कि तापन एक समान रूप में नहीं हुआ है। इस तापन क्रियाविधि के दौरान यह देखा गया कि सीएफ फ्लैंज का संयोजन एवं वियोजन कई सूक्ष्म-रिसावों का कारण बनता है। बाद में मुख्य चैम्बर एवं रेड्यूसर के बीच एक I-प्रकार के फ्लैंज से निर्वात पात्र में कुछ संशोधन किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सेसियम वाष्प प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए सेसियम ओवन की वितरण लाइनों के मार्ग में सभी-धातु रिसाव वाल्व को लगाकर संशोधित किया गया। गरम प्लेट के समीप जोड़ी जाने वाली अंतिम मॉलिब्डेनम नॉजल्स की मॉली वितरण सेवेल्डिग की जा रही है। इसके बाद ओवन से नोज़ल तक की संपूर्ण वितरण लाइन को उसके

एक समान तापमान प्रालेख के लिए परीक्षण किया जाएगा, क्योंकि मार्ग में तापमान में गिरावट, सेसियम वाष्प प्रवाह में रुकावट का कारण बन सकती है। अप्रत्यक्ष रूप से गरम की गई प्रोब प्रणाली को निर्मित किया गया एवं आवश्यक तापमान एवं निर्वात सुसंगतता के लिए परीक्षण किया गया है। प्लाज़्मा का उत्पादन जल्द ही शुरू किया जाएगा।

A.3.11 अनावेशित प्लाज़्मा प्रयोग (SMARTEX-C)

उच्च धारा डीसी विद्युत की आपूर्ति (5000A/100V/1.2s) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है और कमीशनन किया गया है। पीटीएफई लेपित AWG-8 की 20 टर्न के साथ एक मोटा तार उच्च वर्तमान डीसी विद्युत की आपूर्ति से उच्च वर्तमान अनुमति देने के क्रम में वलयन कर दिया गया है। बस-बार आधारित टीएफ कॉयल का विकास कार्य चल रहा है। ग्रीन रेसिप्रोसिटी थियरम का उपयोग कर कैपेसेटिव प्रोब जाँच पर प्रेरित चार्ज खोजने के द्वारा मॉडलिंग की गई है। एक दिए गए इनपुट प्रक्षेप वक्र के लिए संकेत की मॉडलिंग की जा सकती है। प्रयोगात्मक परिणामों के साथ दिया गया प्रक्षेप वक्र से प्राप्त संकेत मेल खाते हैं। जबकि डायकोट्रॉन अस्थिरता के दौर से गुजर इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा के केन्द्र वक्र मार्गदर्शक, यह कण की तरह एक बिंदु मानतें हुए दो जाँच डाटा का उपयोग कर प्राप्त की है। पोलोइडल प्लेन में कैपेसेटिव जाँच की सरणी मोड़ विश्लेषण के साथ जुड़ा हुआ होता है। इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा की प्रतिरोधक दीवार अस्थिरता पर प्रयोग डायकोट्रॉन मोड़ के रेखीय शासन में बाहर किया गया था। परिसीमन के समय स्केलिंग प्रयोग किए गए। 1.2 सेकंड़ की अवधि से परे तक चलने डायकोट्रॉन दोलन मनाए गये हैं। $5.0x10^{-9}$ मिलीबार की बहुत कम दबाव और 700 ms से अधिक के लिए स्थायी होने के लिए निष्क्रियता इलेक्ट्रॉन समांतर उछाल समय के पैमाने, टोरोइडल बहाव पैमाने और इलेक्ट्रॉन तटस्थ टकराव समय के पैमाने समय से भी बड़ा है कनफाइंमेंट समय। डायकोट्रॉन मोड़ आवृत्ति में प्रसार के माध्यम से एक फलन जनरेटर का उपयोग कर उत्साहित थे। एक अर्धचालक आधारित रिले वांछित पल्स अवधि के बाद प्रसार उत्पादन बंद करने के लिए इस्तेमाल किया गया था। नियंत्रित डायकोट्रॉन मोड़ एनएनपी प्रायोगिक प्रणाली में पहली बार सफलतापूर्वक उत्साहित थे।

A.3.12 प्लाज़्मा टॉर्च विकास की गतिविधियाँ

विकास के कार्य: उच्च शक्ति डीसी अस्थानांतरित प्लाज़्मा टॉर्च को पहले से विकसित किये गये स्केलिंग नियमों का उपयोग करके 50-100kW की रेंज में प्रचालन के लिए अभिकल्पित, विकसित एवं संयोजित किया गया है। 60kW तक के स्थिर-अवस्था प्रचालन का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया है। 100 kW तक इसके प्रचालन के लिए प्रयोग किये जा रहे हैं। टॉर्च के प्रचालन के लिए कम्प्यूटर आधारित अंतरापृष्ठ एवं नियंत्रणों को संस्थापति किया गया है। अंत:गृह तकनीकों का इस्तेमाल करके मिनिएचर एन्थैल्पी प्रोब को पूर्ण रूप से विकसित



चित्र A.3.13.1 शक्ति आपूर्ति एवं ताप विनिमयक सहित ~50 kW पर प्रचालित वायुमण्डलीय दाब अस्थानांतरित डीसी प्लाज़्मा टॉर्च

किया गया एवं प्लाज़्मा टॉर्च प्लूम के भीतर स्थिर अवस्था में बने रहने के लिए परीक्षण किया गया तथा प्लाज़्मा एन्थैल्पी का आकलन करने के लिए लगभग ~20 kW टॉर्च शक्ति तक इसका उपयोग किया गया है। निर्वात पंप, अंकीय द्रव्यमान प्रवाह नियंत्रकों एवं दाब संवेदक को जोड़कर प्रोब प्रणाली को संवर्धित किया गया है। इस पर व्यापक प्रयोग किये गये हैं। पेटेंट दस्तावेज़ों को तैयार किया है और समीक्षा के लिए विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत किया है।

मौलिक अध्ययन: एक डीसी अस्थानांतरित प्लाज़्मा टॉर्च में बल के संतुलन की विस्तृत सैद्धांतिक जांच क्रियान्वित की गई है। इसमें दो आयामों के बल संतुलन समीकरणों का विस्तार पूर्वक एवं बाहर से प्रेरित चुम्बकीय क्षेत्र की उपस्थिति में समाधान भी प्रस्तुत है, जो हमारे प्रयोगों में इस्तेमाल की गई प्लाज़्मा टॉर्च स्थितियों का अनुकरण करता है। समीकरणों के सांख्यिकीय समाधानों को भी प्राप्त किया गया है। डाटा का स्पैक्ट्रल विश्लेषण क्रियान्वित किया है। डाटा का स्पैक्ट्रल विश्लेषण क्रियान्वित किया गया, जो उच्च से निम्न आवृत्तियों की ओर स्थानांतरित शक्ति स्पैक्ट्रम से अनियमित से नियंत्रित चुम्बकीय क्षेत्र शंटिंग द्वारा ऐनोड आर्क रूट शंटिंग में परिवर्तन दर्शाता है।

अभिकलनात्मक कार्य: एक सहयोगात्मक परियोजना के तहत भारतीयार युनिवर्सिटी के प्रो.के.रामचन्द्रन द्वारा विकसित प्लाज़्मा टॉर्च के स्थिर-अवस्था मॉडल को कई प्रयोगात्मक परिणामों की जांच करने के लिए उपयोग किया गया था। इस उद्देश्य के लिए विशेष रूप से अभिकल्पित एवं विकसित बल्क एन्थैल्पी प्रोब का उपयोग करके प्राप्त किये गये परिणामों की भी जांच की गई है। मॉडल की बेंचमार्किंग एवं सही ट्यूनिंग के लिए कई अन्य प्रयोगों को जारी रखा गया है। कम्प्यूटर मॉडल को एनोड पर स्वसंगत आर्क रूट संलग्न करने के लिए उन्नत बनाया गया है।

A.4. सैद्धान्तिक, मॉडलिंग एवं संगणात्मक प्लाज़्मा भौतिकी

मॉडलिंग एवं अनुकरण कार्यक्रम के लिए प्लाज़्मा भौतिकी को बहुत तीव्र कम्प्युटेशनल क्षमता की आवश्यकता है। संस्थान ने कई वर्षों में एक बहुमुखी कम्प्युटेशनल क्षमता विकसित की है। वर्तमान में निम्न शीर्षों के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है:

A.4.1 अरैखिक प्लाज़्मा अध्ययन एवं सिद्धांत 35
A.4.2 लेसर प्लाज़्मा अध्ययन 37
A.4.3 डस्टी प्लाज़्मा/जटिल प्लाज़्मा के अध्ययन..... 38
A.4.4 संलयन प्लाज़्मा अध्ययन..... 39
A.4.5 वैश्विक जाइरो-गतिक अध्ययन..... 40
A.4.6 गैर-अनावेशित प्लाज़्मा अध्ययन..... 40
A.4.7.आण्विक गतिकी (एमडी)अनुकरण..... 41

A.4.1 अरैखिक प्लाज़्मा अध्ययन एवं सिद्धांत

अनुद्धैर्ध्य अख्जिर-पोलोविन तरंगों के चरण मिश्रण काल का विश्लेषणात्मक अनुमान: डॉसन शीट मॉडल का इस्तेमाल करके अनुद्धैर्ध्य अख्जिर-पोलोविन (एपी) तरंग के भंजन का विश्लेषणात्मक रूप से एवं सांख्यिकीय रूप से अध्ययन किया है। यह अच्छी तरह से ज्ञात है कि एपी तरंग के लिए भंजन करने के आयाम के नीचे एक आयाम पर चरण मिश्रण की प्रक्रिया के माध्यम से बड़े आयाम की एपी तरंग का भंजन अच्छी तरह से होता है, जब यह स्वेच्छा से छोटे अनुद्धैर्ध्य क्षोभ के अधीन होता है. इस चरण मिश्रण काल पैमाने का आकलन करने के लिए हमने एक विश्लेषणात्मक सूत्र बनाया है, जो प्रावस्था वेग पर रैखिक रूप से एवं क्षोभ आयाम पर व्युत्क्रम रूप से निर्भर करता है। इस सूत्र को अनुकरण का इस्तेमाल करके जांचा गया है।

एक आपेक्षिकीय इलेक्ट्रॉन किरण पुँज द्वारा उत्तेजित वेक फिल्ड का तरल अनुकरण: एक शीत प्लाज़्मा से संचरण करते हुए आपेक्षिकीय इलेक्ट्रॉन किरण पुँज द्वारा उत्तेजित वेक फिल्ड का एक विमीय तरल अनुकरण क्रियान्वित किया गया है। वेक फिल्ड की संरचना को एक अख्जिेर-पोलोविन तरंग के रूप में पहचाना गया है, जो स्केलिंग का अनुसरण करते हुए अंततः टूट जाता है।

बेलनाकार एवं गोलाकार ज्यामिति में आपेक्षिकीय रूप से तीव्र तरंगों की अरैखिक गतिशीलता: डॉसन शीट मॉडल का इस्तेमाल करके बेलनाकार एवं गोलाकार ज्यामितियों में विश्लेषणात्मक रूप से एवं संख्यात्मक रूप सेआपेक्षिकीय तीव्र अंतरिक्ष आवेश दोलन/तरंगों की जांच की गई है। लिन्डस्टेड्ट-पोंकारे तकनीक पर आधारित क्षोभ विधि का इस्तेमाल करके यह पता चला है कि ज्यामितीय प्रभावों से शुरू की गई अतिरिक्त असमानता के कारण स्लैब ज्यामिति की तुलना में इन मामलों में काफी कम आयाम पर चरण मिश्रण के माध्यम से दोलनों/तरंगों का भंजन होता है। आरंभिक क्षोभ आयाम पर चरण मिश्रण काल की स्केलिंग को अनुकरित एवं जांचने के लिए शीट मॉडल पर आधारित एक सांख्यिकीय कोड लिखा गया है।

सिद्धांत एवं प्रयोग के बीच एक स्वाभाविक सेतु प्रदान करने वाला वैज्ञानिक अनुकरण, प्लाज़्मा के जटिल व्यवहार को समझने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इसलिए संस्थान में बहुमुखी संगणात्मक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, जो निरंतर प्रगति कर रहा है।

बड़े आयाम के आयन-ध्वानिक सॉलिटॉन्स का पार्टिकल-इन-सेल अनुकरण: बड़े आयाम के आयन-ध्वानिक सॉलिटॉन्स के संचरण का अध्ययन प्रयोगशाला फ्रेम में 1-D पार्टिकल-इन-सेल कोड का इस्तेमाल करके किया है, जो आयन गतिशीलता को कणों के रूप में उपचार करते हुए विकसित करता है, लेकिन यह मानता है कि इलेक्ट्रॉन हमेशा की तरह बोल्ट्जमन वितरण का अनुसरण करें। यह पाया गया कि बहुत कम मैश संख्याओं के लिए अनुकरण के परिणाम कॉर्टेवेग-डी व्रीस सॉलिटन समाधानों से बहुत करीबी से मेल खाते हैं, जो तरंग फ्रेम में प्राप्त किये गये हैं, और जो बिना अपरूपण के संचरण करते हैं। इस प्रकार के दो प्रालेखों का संघट्टन सामान्य सॉलिटोनिक व्यवहार को प्रदर्शित करने के लिए पाया गया है। मैश संख्या बढ़ने पर दिया गया प्रालेख आरंभ में विकसित होता है और बाद में पूर्ण अरैखिक पॉयसॉन समीकरण के सटीक समाधान पर स्थिर हो जाता है, जो बाद में बिना विरूपण के संचरण करता है। आयाम में आंशिक परिवर्तन मैश संख्या के साथ रैखिक रूप से बढ़ता हुआ पाया गया है।

संधारित्र रूप से युग्मित निस्सरणों के पीआईसी अनुकरण में अस्थिर विद्युत् क्षेत्रों के प्रेक्षण: रेडियो आवृत्ति संधारित्र रूप से युग्मित प्लाज़्मा (आरएफ-सीसीपी) निस्सरणों में थोक प्लाज़्मा एवं शीथ एड्ज के बीच अस्थिर विद्युत् क्षेत्रों की उपस्थिति का विश्लेषणात्मक पूर्वानुमान पहले रिपोर्ट किया गया है। हमने रैखिक व्यवस्था में अस्थिर विद्युत क्षेत्र की उपस्थिति के लिए सैद्धान्तिक पूर्वानुमान की जांच करने के लिए अर्ध-परिमित पार्टिकल-इन-सेल (पीआईसी) अनुकरण तकनीक का इस्तेमाल किया है। यह दर्शाया गया है कि पीआईसी अनुकरण के परिणाम, इस व्यवस्था में विश्लेषणात्मक मॉडल द्वारा अनुमानित परिणामों से अच्छा मेल खाते हैं। यह भी प्रदर्शित किया गया कि रैखिक सिद्धांत, रैखिक से कमजोर अरैखिक व्यवस्था तक एक कदम में अस्थिर विद्युत क्षेत्र का अधिमूल्यांकन करता है। संक्रमण क्षेत्र एवं चरण मिश्रण व्यवस्था के विकास पर प्रयुक्त की गई आरएफ विद्युत धारा घनत्व के प्रभाव का पता लगाया है।

सीसीपी निस्सरणों में अस्थिर विद्युत क्षेत्र के स्थानकालिक विकास पर आयनी प्रजाति के द्रव्यमान एवं आवेश का प्रभाव: आरएफ-सीसीपी निस्सरण में शीथ एड्ज एवं थोक प्लाज़्मा के बीच संधारित्र शीथ का गठन एवं संक्रमण विद्युत क्षेत्र की मौजूदगी का अनुमान लगाया है। ऐसी संरचनाएँ प्लाज़्मा संघटन के लिए संवेदनशील है। अर्ध-असीमित पार्टिकल-इन-सेल (पीआईसी) अनुकरण के आधार पर रैखिक एवं कमजोर अरैखिक व्यवस्था में अस्थिर विद्युत क्षेत्र एवं चरण मिश्रण परिघटना के स्थान-कालिक विकास पर आयनी प्रजाति के आवेश एवं द्रव्यमान के प्रभाव का पता लगाया है। एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि अनुकरण के परिणाम अनुमान लगाते हैं कि अस्थिर विद्युत क्षेत्र का अधिकतम आयाम, बढ़ते आयनी द्रव्यमान एवं आवेश के साथ घटता है, और आगे बढ़ते आयनी आवेश के साथ विपरित प्रवृत्ति का अनुसरण करते समय बढ़ते आयनी द्रवयमान के साथ शीथ की चौड़ाई बढ़ती है। एक अरैखिक व्यवस्था में सीसीपी निस्सरणों के थोक क्षेत्र के लिए संक्रमण क्षेत्र एवं सक्षम ऊर्जा परिवहन में तरंग जैसी संरचनाओं के उत्तेजन का भी अनुमान लगाया गया है।

कोशिका में कण अनुकरण द्वारा द्वि आवृत्ति धारीतीय अनावेशन में तरंग उत्सर्जन प्रक्रिया की खोज करना : द्वि आवृत्ति धारीतीय युग्म निरावेशन का व्यापक तौर पर उपयोग आज के आधुनिक समाकलित परिपथों के निर्माण के दौरान किया जाता है। क्योंकि ये सस्ते हैं और पूरे परिपथ में समानता और स्थिरता रहती है। कम दाब पर, स्टोकेस्टिक या संघट्ट विहिन इलेक्ट्रॉन ऊष्मीय प्रभाव इस तरह के विसर्जन में बहुत महत्त्वपूर्ण है। कंपन करने वाले उच्च विभव इलेक्ट्रॉन शीथ से इलेक्ट्रॉनो को ऊर्जा स्थानांतरित करने के कारण शीथ एज के एकदम पास स्टोकेस्टिक ऊष्मा उत्पन्न होती है। वर्तमान अनुसंधान इस तरह के विसर्जन में शीथ से तरंगों के उत्सर्जन के प्रमाणो की व्याख्या की गई है जिसकी आवृत्ति इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा आवृत्ति के आस-पास है। ये तरंगे बहुत तीव्रता से मंद होती है जैसे ही ये शीथ से दूर बल्क प्लाज़्मा की तरफ गति करती है। या तो लेंडो मंदन या कोई और संबंधित प्रक्रिया के द्वारा। इस कार्य में कम आवृत्ति वाली शीथ की कला के बढ़ने और समाप्त होने के दौरान तीव्र तरंगों के उत्पन्न होने की घटना का अध्ययन किया गया है। कम आवृत्ति के दौरान शीथ के प्रभाव में क्षेत्र वापसी की घटना का अस्तित्व भी कई बार आता है ये भी इस अध्ययन में बताया गया है। क्षेत्र वापसी के क्षेत्र के आस-पास इलेक्ट्रॉन के फंसने की घटना भी कम आवृत्ति दोलनों में कई बार होती है। इस क्षेत्र वापसी क्षेत्र में तरंगों के उत्सर्जन की घटना भी होती है।

संघट्ट विहिन गर्म प्लाज़्मा में अरेखीय संरचनाओं का अध्ययन और फंसे हुए कणों का प्रभाव: संघट्ट विहिन क्षेत्र में, गतिकीय प्रभाव तीव्र इलेक्ट्रॉनों को परिवर्तित कर देते हैं जो कि कई सहभागी रेखीय और अरेखीय प्रक्रियाओं को प्रभावित करते हैं, जबकि वे संतुलित, हाईड्रोडायनामिक संघट्ट प्लाज़्मा के बनने में अच्छे तरह से वर्जित है। सीमित आयाम आयन ध्वनि तरंगें जो कि इलेक्ट्रॉन को फंसा लेती है, वे बनने वाले अरेखीय सोलिटन मिश्रण की संरचना को परिवर्तित कर देती है। अंकीय अनुकरण में स्वतः नियमित उत्पन्न सोलिटरी तरंगों का अध्ययन किया गया है जो कि धारा द्वारा उत्पन्न सूक्ष्म असंतुलन, जो ध्वनि आयन मोड को संघट्ट विहिन प्लासो प्लाज़्मा में बढ़ाते हैं, के द्वारा उत्पन्न होते हैं। अरेखीय प्रभावों के परिणाम स्वरूप वृद्धि स्थिर हो जाती है जो कि हाइड्रोडाईनामिक और गतिय कण के फंसने के प्रभावों के कारण उत्पन्न होने वाले अरेखीयताओं के मिश्रण द्वारा चलाये जाते हैं। एक सीमित धारा और एक इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा तरंग के साथ एक सोलिटरी तरंग भी उपस्थित रहती है जो कि फंसाने वाले विभव को अस्थिर करने में सक्षम है। बहुआयामी अनुकरण के परिणामों का विश्लेषण किया गया है और अभिलक्षित किया है, अमंदित फंसे हुए कणों के मोड में गतिय निर्देशों को आधार माप कर, कला निकायों में शीर्ष के समाधान के रूप में जो कि सागदीव के हल के सामान्य रूप में है और जो कोर्ट वेग दी वरिस समीकरण के परिवर्तित हल का पालन करते हैं, तीव्र अरेखीयता के लिए जिम्मेदार है, जो इलेक्ट्रॉन के फंसने से उत्पन्न होती है।

युग्म दोलनों की संख्या में देरी के साथ आयु परिवर्तन का विश्लेषण: युग्म दोलनों की संख्या से लेकर स्थान समय समूह तक सहभागी व्यवहार के बड़े आवृत्ति परास को दिखा सकता है और इसलिए कई प्रकार की उपयोगिताएँ, भौतिकी, रासायनिक, जीव विज्ञानीकी और सामाजिक विज्ञान में सहभागी व्यवहार की उपयोगी परिपाटी को प्रदर्शित करता है। हमने युग्मीय दोलनों के तंत्र में जीवन अवस्था के व्यवहार पर मंद-समय युग्मन के प्रभाव का अध्ययन किया है। जो कि सक्रिय और निष्क्रिय दोलनों का मिश्रण है जहाँ पर आयु अवस्था को सहभागी सामंजस्य के

कृमित हानि के रूप में परिभाषित किया गया है जैसे कि निष्क्रिय दोलनों की तुल्यता बढ़ती है। हम दो समय मंदित युग्मीय स्टुअर्ट -लेन्डु दोलनों के दो साधारण प्रतिरूपों से शुरू करते हैं, जिनके एक समान आवृत्ति है पर होफ द्वि विभाजन बिंदु से अलग-अलग दूरियों पर स्थित है। एक व्यवस्थित संख्यात्मक और विश्लेषणात्मक अध्ययन, समय मंदन पर (जिस पर तंत्र पूर्ण तुल्यता हानि अनुभव करता है) महत्त्वपूर्ण युग्मीय मजबूती पर निर्भरता और हॉफ द्विभाजन बिंदु से तंत्र की दूरी को चित्रित किया गया है। हमने पाया कि तंत्र में आयाम मंदन के लिए देहली युग्मीय बंधन को कम करके समय अवमंदन आयु अवस्था को सुविधाजनक बनाने का कार्य कर सकता है। फिर हमने अपने अध्ययन को बड़े तंत्रों के ऊष्मगतिकी में अनंत तंत्र तक बढ़ाया है। हमारा प्रतिरूप तंत्र और उसके परिणाम मजबूत कार्यकारी विविध भौतिकी और वैज्ञानिकी तंत्र जो कि आयु अवस्था में इच्छुक है, समझने के लिए एक उपयोगी परिपाटी है।

A.4.2. लेसर प्लाज़्मा अध्ययन

लेसर किरणित जैव-प्लाज़्मा एवं ठोस सब्स्ट्रेट से आयन त्वरण (टीआईएफआर के साथ): टीएफआईआर प्रयोगों (जैसा कि ऊपर उल्लिखित किया है) में जीवाणु लेपित ठोस सतह से बढ़ाई गई इलेक्ट्रॉन ऊर्जा एवं एक्स-रे उत्सर्जनों ने हमें यह सोचने की दिशा दी कि क्या इस प्रकार के जैविक लक्ष्य में ऊर्जावान आयन एक स्रोत के रूप में काम आ सकते हैं। आयन ऊर्जा को मापने के लिए नये प्रयोग किये गये, और एक समतल कांच लक्ष्य की तुलना में जीवाणु लेपित लक्ष्य से कार्बन आयन ऊर्जा में आश्चर्यजनक रूप से 10-20 गुना की वृद्धि प्राप्त की गई है। आईपीआर में हमने पार्टिकल-इन-सेल (पीआईसी) अनुकरणों को स्थापित एवं संचालित किया है तथा इस प्रकार के प्रयोगात्मक परिणामों को पुनःप्राप्त किया है। शीर्ष तीव्रताएँ, लेसर फोकल स्पॉट आकार, स्पंद अवधि से संबंधित विस्तृत जांच अभी भी विचारार्थ है।

टीएफआईआर, मुंबई में प्रयोगों से प्राप्त परिणामों को यहां संस्थान में समूह द्वारा सिद्धांत एवं अनुकरण द्वारा सहयोग के माध्यम से समझाया जा रहा है।

लेसर किरणित जैव-प्लाज़्मा से हार्ड-एक्सरे के जनन को समझना (टीआईएफआर के सहयोग से): पिछले टीआईएफआर समूह ने यह प्रदर्शित किया था कि लेसर किरणित जैविक लक्ष्य, ई-कोलाई जीवाणु की कुछ माइक्रोन-परत से युक्त है, जो मध्यम लेसर तीव्रता पर उज्जवल हार्ड एक्स-रे उत्सर्जनों (300 किलो इलेक्ट्रॉन वोल्ट्स तक) का कारण बन सकता है। इसी समूह द्वारा आगे प्रयोग किये गये, जिसमें यह दर्शाया गया कि अकेले ई.कोलाई की तुलना में यदि ई.कोलाई जीवाणु को सिल्वर क्लोराइड (AgCl) के साथ अपमिश्रित (डोप्ड) किया जाए तो नैनोकण एक्स-रे उत्सर्जन को 100 गुना आगे और बढ़ाया जा सकता है। हमने आईपीआर में विद्युतचुम्बकीय पार्टीकल-इन-सेल (ईएमपीआईसी) अनुकरणों द्वारा उन प्रयोगात्मक परिणामों को पुनःप्राप्त किया है। हमारा विश्लेषण यह दर्शाता है कि हार्मोनिक अनुनाद अवशोषण सबसे प्रमुख क्रियाविधि है।

सघन प्लाज़्मा के तहत प्रकाश तरंगों का अनियमित संघट्टनात्मक अवशोषण: जब लेसर फोटॉन ऊर्जा विशेष रूप से प्लाज़्मा में इलेक्ट्रॉनों और आयनों के बीच संघट्टनों के माध्यम से प्लाज़्मा की ओर स्थानांतरित होती है, तब संघटनात्मक अवशोषण होता है। इस स्थिति में लेसर अवशोषण के लिए इलेक्ट्रॉन-आयन संघट्टन आवृत्ति काम करती है। कई वर्षों से यह ज्ञात है कि जब प्लाज़्मा तापमान में वृद्धि होती है या प्रयुक्त लेसर तीव्रता में वृद्धि होती है तब संघट्टन आवृत्ति कम होनी चाहिए। तदनुसार, प्लाज़्मा में लेसर स्पंदों के लिए प्रयुक्त लेसर ऊर्जा के लिए अवशोषित ऊर्जा के अनुपात के रूप में परिभाषित आंशिक अवशोषण तापमान बढ़ने पर बढ़ता है या तीव्रता बढ़ती है। हालांकि कुछ प्रयोगों में यह पाया गया कि अवशोषण, लेसर की बढ़ती तीव्रता के साथ भी बढ़ सकता है। इस प्रकार का अप्राकृतिक (अर्थात् अपरंपरागत) अवशोषण मौजूदा सैद्धांतिक मॉडल से नहीं समझाया जा सकता। हमने एक संशोधित कट-ऑफ का प्रस्ताव किया है, जो लेसर आवृत्ति एवं क्षेत्र शक्ति पर निर्भर करता है और संघट्टन आवृत्ति के क्वांटम एवं क्लासिकल मॉडलों से अनियमित अवशोषण को विस्तार से बताया है।

पतली फिल्म के लेसर-ब्लो-ऑफ में पार्श्विक रूप से टकरा रहे प्लाज़्मा प्ल्यूम्स की संचरण गतिशीलता: परिवेशी आर्गन गैस में लेसर-ब्लो-ऑफ (एलबीओ) प्रेरित Li प्लाज़्मा में विभिन्न स्थानिक विभाजनों (3-7 mm) पर दो प्ल्यूम अंतःक्रियाओं की व्यवस्थित जांच की गई है। बीज प्लाज़्मा से अंतःक्रिया क्षेत्र तक प्लाज़्मा प्रजाति के परिवहन का प्ल्यूम अपसरण, कणों की गतिक ऊर्जा एवं आयन ध्वनिक गति के संदर्भों में विचार-विमर्श किया गया है। टकरा रहे एलबीओ बीज प्लाज़्मा में अंतःक्रिया क्षेत्र के गठन एवं गतिशीलता को समझने का प्रयास किया है।

सुरंग आयनित प्लाज़्मा में लेसर स्पंद के स्वतःफोकसन/विसंकेंद्रण पर इलेक्ट्रॉन-आयन पुनः संयोजन का प्रभाव: एक सुरंग आयनित प्लाज़्मा में विभिन्न क्रम के कम अवधी (पिको सेकण्ड) के गाउसी/गहरा खोखला गाउसी लेसर स्पंद (डीएचजीपी) के संचरण की विशेषताओं की जांच के लिए एक रीतिवाद को विकसित किया गया है, जो इलेक्ट्रॉन-आयन के पुनःसंयोजन की व्याख्या करता है। पेराएक्ज़ियल अप्रोच का इस्तेमाल करते हुए एक अरैखिक श्रोडिंज़र वेव समीकरण जो पुंज स्पॉट माप का स्थान और काल में निकाला गया है और जिसका सांख्यिक हल

किया गया है लेसर पल्स के ट्रांसवर्स केन्द्रित (स्थान में) और अनुदैर्ध्य संपीड़न (काल में) अन्वेषण के लिए। प्लाज़्मा में पल्स के बढ़ने से संगत ऊर्जा स्थानीयकरण का भी विश्लेषण किया गया है। यह देखा गया है कि पुन:संयोजन के अभाव में डीएचजीपी एवं गाउसी स्पंद क्रमश: दोलित्र एवं स्थिर विसंकेंद्रण से गुजरता है। पुन:संयोजन को शामिल करने से दोनों डीएचजीपी एवं गाउसी स्पंद विशिष्ट प्राचलों के लिए आवधिक स्वत:फोकसन से गुजरते हैं। प्लाज़्मा के भीतर ऊर्जा परिवहन की वृद्धि के लिए डीएचजीपी उपयुक्त होने का विश्वास दिलाता है।

एक्स-रे तरंगदैर्ध्य पर प्लाज़्मा में स्थानकालिक फोकसन गतिशीलता: हमने एक सीमित वक्रता किरण पुँज का उपयोग कर एक्स-रे तरंगदैर्ध्य पर प्लाज़्मा में एक लेसर स्पंद की स्थानकालिक फोकसन गतिशीलता की यहाँ जांच की है। हमने लेसर स्पंद के फोकसन पर वक्रता प्राचल की निर्भरता का पता लगाया है और यह पहचान की है कि प्लाज़्मा में एक्स-रे लेसर स्पंद के लिए स्वत:फोकसन, समतल तरंगअग्र की तुलना में वक्रित तरंगअग्र के साथ अधिक तीव्र है। अनुकरण के परिणाम यह प्रदर्शन करते हैं कि एक्स-रे क्षेत्र में उच्च तीव्रता के प्रभावों को उद्भासित करने के लिए प्लाज़्मा में स्थानकालिक फोकसन गतिशीलता को पुँज-प्लाज़्मा प्राचलों के उपयुक्त चयन से नियंत्रित किया जा सकता है।

A.4.3 डस्टी प्लाज़्मा/जटिल प्लाज़्मा के अध्ययन

डस्टी प्लाज़्मा में वाष्प-द्रव प्रावस्था संक्रमण की परिघटना का अध्ययन: पिछले कुछ समय से डस्टी प्लाज़्मा प्रणाली (डीपीएस) के प्रावस्था संक्रमण की परिघटना ने ध्यान आकर्षित किया है। ऐसी प्रणाली में वाष्प-द्रव (वीएल) संक्रमण की उपस्थिति का प्रश्न अब तक अनुत्तरित एवं पूर्णतया अज्ञात है। हमने आण्विक गतिकी (एमडी) अनुकरणों का निष्पादन करके इस समस्या का पता लगाया है, जो यह दर्शाता है कि

खगोल भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान से संबंधित अनुप्रयुक्त अनुसंधान में धूल भरे प्लाज़्मा के संभावित अनुप्रयोग आश्चर्यजनक हैं। आईपीआर में अनुकरण अध्ययनों के साथ प्रयोग एवं सिद्धांत को दृढ़ता से अपनाया जा रहा है।

युकावा स्क्रीनिंग प्राचल (कप्पा) एवं कूलाम युग्मन प्राचल (गामा) की बड़ी रेंज के लिए आयतन आरेख की तुलना में दाब में वीएल संक्रमण में एक महत्वपूर्ण वक्र नहीं होता है। इस प्रकार डस्टी प्लाज़्मा में वीएल प्रावस्था संक्रमण को एक सतत संक्रमण पाया गया है। इस खोज का अनुमानित विश्लेषणात्मक स्पष्टीकरण एक सरल मॉडल की गणना द्वारा दिया गया है।

चंद्र फोटोइलेक्ट्रॉन शीथ एवं धूल के कणों का उत्तोलन (लेवीटेशन): चंद्रमा की सतह के निकट फोटो इलेक्ट्रॉन शीथ की संरचना एवं शीथ में धूल के कणों के उत्तोलन का पता लगाने के लिए मापयंत्रण से युक्त लूना ग्लोब एवं लूना रेसस उपग्रहों का प्रक्षेपण करने का निर्णय लेने से इस रोमांचक क्षेत्र में रुचि तेजी से बढ़ी है। प्रकाश-विद्युत शीथ में विद्युत विभव, विद्युत क्षेत्र एवं इलेक्ट्रॉन घनत्व के प्रालेखों का प्रारूपी चंद्र वातावरण के लिए मूल्यांकन किया गया है एवं एक धूल कण के उत्तोलन की त्रिज्या का प्रालेख प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किया गया है। सौर वायु के प्राचलों पर चाँद की सतह पर विद्युत विभव की निर्भरता एवं चाँद की सतह के पदार्थ की प्रकाश-दक्षता पर भी विचार-विमर्श किया गया है। यह देखा गया कि एम-वितरण के आधार पर प्राप्त परिणाम एवं अर्ध एफ-डी वितरण पर आधारित परिणाम में काफी अंतर है।

एक नॉन-मैक्सिवेलियन लॉरेन्टज़ियन प्लाज़्मास में धूल कणों पर सांख्यिकीय आवेश वितरण: सांख्यिकीय यांत्रिकी एवं आवेश गतिकी के आधार पर एक नॉन-मैक्सिवेलियन लॉरेन्टज़ियन प्लाज़्मा में समान आकार के गोल धूल कणों की जांच की गई है। दो विशेष स्थितियाँ, अर्थात् (i) संतुलन ताप में प्लाज़्मा एवं (ii) असंतुलन अवस्था में जहाँ प्लाज़्मा गहरे रंग का है (बिना उत्सर्जन के) या लेसर प्रकाश से किरणित है, उसकी गणना की गई है। सूत्रीकरण में जटिल प्लाज़्मा संघटकों की संख्या एवं ऊर्जा संतुलन के साथ आवेशित कणों के लिए समूह संतुलन समीकरण शामिल है। मैक्सविलियन प्लाज़्मा के मामले में लॉरेन्टज़ियन प्लाज़्मा के लिए परिणामों के अपसरण को रेखांकन रूप में सचित्र किया है एवं विचार-विमर्श किया है। यह दिखाया गया है कि आवेश वितरण, बडे वर्णक्रमीय सूचकांक के लिए मैक्सवेलियन प्लाज़्मा के लिए संगत परिणामों की ओर जाता है। कुछ मामलों में आवेश वितरण धूल कणों के विपरित चार्जिंग करने का पूर्वानुमान लगाता है।

नम सोडियम वाष्प जटिल प्लाज़्मा की बलगतिकी : इस प्रपत्र में हमने (i) तापीय संतुलन एवं (ii) प्रकाश द्वारा किरणित होने पर नम (आंशिक रूप से संघनित) सोडियम वाष्प की बलगतिकी की जांच की है, जो इलेक्ट्रॉनों, आयनों, अनावेशित परमाणु एवं सोडियम बिंदुकों से युक्त है। इस सूत्रीकरण में बिंदुकों पर आवेश का संतुलन, प्लाज़्मा संघटकों की संख्या का संतुलन तथा इलेक्ट्रॉनों की ऊर्जा का संतुलन शामिल है। बिंदुक आवेश की जांच करने के लिए बिंदुकों का डी-चार्जिंग के लिए एक परिघटना, अर्थात् इलेक्ट्रॉन उत्सर्जन एवं इलेक्ट्रॉन/आयन अभिवृद्धि के अलावा सतह से धनात्मक सोडियम आयनों के वाष्पीकरण को ध्यान में लिया गया है। परिणामों को रेखांकन रूप में सचित्र किया

है। एक महत्वपूर्ण परिणाम के रूप में किरणित, सोडियम बिंदुकों को इलेक्ट्रॉन घनत्व में फलस्वरूप वृद्धि के साथ देखा गया है।

प्लाज़्मा में आवेशित धूल तरल की गतिकी का विश्लेषण: प्लाज़्मा में निलंबित छोटे धूल कण स्थानीय रूप से सीमित होने पर विभिन्न प्रावस्था में गुरूत्वाकर्षण एवं विद्युतस्थैतिक क्षेत्रों के संयोजन के माध्यम से स्वतः ही व्यवस्था कर लेते हैं। ये परिघटना डस्टी प्लाज़्मा को प्राकृतिक गतिकीय प्रणालियों की व्यापक श्रृंखला के सक्षम प्रतिनिधित्व का एक मध्यम बनाते हैं, जिसमें साधारण प्रयोगशाला के लिए दुर्गम परिमाण है। समतापीय रूप से संचालित धूल तरल की गतिकी का विश्लेषण किया है, जो एक प्रभावी विभव से दिगंशीय रूप से सममितिक बेलनाकार व्यवस्था में सीमित है एवं यह एक प्रवाही प्लाज़्मा के असममित अपरूपण प्रवाह के साथ संतुलन में है। जहाँ संचालित तरल के लिए सीमित विभव अवरोध पैदा करते हैं, इसके स्थानिक विस्तार और सीमा वेग को सीमित करते हैं, ऐसे मामलों का विश्लेषण कर रहे हैं। सूत्रीकरण में प्रवेश कर रहे सीमा प्रभावों को उचित सीमा स्थितियों एवं एक व एकाधिक भंवर प्रदर्शन के समाधानों की श्रृंखला को अपनाकर विश्लेषण कर रहे हैं। बेलनाकार व्यवस्था में संतुलन समाधानों को संचालन प्रवाह की एक से एकाधिक भंवर अवस्था से संक्रमण की सुविधा के लिए माना गया है। (i) धूल श्यानता में भिन्नता, (ii) संचालन कर रहे एवं संचालित तरल के बीच युग्मन, एवं (iii) संचालन प्रणाली की संतुलन गतिकी के निर्धारण करने का एक घर्षण, इन प्रभावों का अभिलक्षणन कर रहे हैं।

A.4.4 संलयन प्लाज़्मा अध्ययन

संलयन युक्ति में सीमा रेखा क्षेत्र के बृहद शीतलन में इलेक्ट्रॉन उत्सर्जन: इस सूक्ष्म वार्तालाप में हमने दिखाया है कि या तो इलेक्ट्रॉन उत्सर्जन सतहें सीमा रेखा क्षेत्र से है (या अतिरिक्त सूक्ष्म संरचना धूल कण/किसी सुरक्षित पदार्थ के छोटे कण जो किसी खास उद्देश्य से सतह के चारो तरफ के क्षेत्र में रखा गया है। सतही सीमा क्षेत्र/धूल इलेक्ट्रॉन और इसलिए लेटिस के लिए एक उपयोगी शीतलन प्रक्रिया के जैसा कार्य कर सकता है। इस तरह की शीतलन प्रक्रिया के योगदान का पता करने के लिए एक साधारण गतीय प्रतिरूप स्थापित किया जा चुका है जो कि आवेश प्रवाह संतुलन और उससे संबंधित ऊर्जाओं पर आधारित है। कुछ अतिरिक्त जटिलताओं के साथ जैसे उपयुक्त पदार्थ का चुनाव और सतह पर लेपन करके कार्य फलन में परिवर्तन, अनुमान दिखाते है कि किसी प्लेट /कण का तापमान एक सख्त सीमा के अंदर रखना संभव है। अर्थात आपतित ऊष्मा प्रवाह के लिए किसी इच्छित क्षेत्र में द्रवण/वाष्पन बिंदु।

संलयन युक्ति में धूलित कणों की एसओएल के चारो तरफ गतियां: संलयन युक्ति में अपशिष्ट रोधी परत क्षेत्र के चारों तरफ धूल कणीय सतह की ऊर्जा और आवेश संतुलन पर आधारित गतिज प्रतिरूप विकसित किया जा चुका है जो धूलीय द्रव्यमान घटाने, उसका तापमान अच्छा रखने और कला परिवर्तन की प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए इनका वर्णन करता है। इस सूत्र का उपयोग बेलनाकार और गोलाकार धूल कणों का जीवनकाल निकालने के लिए किया जा चुका है। संलयन युक्ति में एक वास्तविक स्थिति के अंतर्गत जब प्लाज़्मा मेसो थर्मल प्रभाव दर्शाता है, को भी ध्यान रखा गया है। इस उद्देश्य के लिए एक कठिन प्रक्रिया जो कि मोर स्मिथ और लैंग्म्यूर (1926 Phy. Rev. 28, 272), के द्वारा शुरू की गई, को अपनाया गया है, गतिशील प्लाज़्मा में बेलनाकार धूलिय सतह पर इलेक्ट्रॉन (आयन) धारा और उससे संबंधित साथ साथ बढ़ने वाले इलेक्ट्रानों/आयनों की माध्य ऊर्जा के लिए एक सर्वमान्य समीकरण को निकालने के लिए। विश्लेषणात्मक प्रतिवृति के आधार पर धुल विद्युत विभव ऊर्जा धूल कणों के जीवनकाल के अंकीय परिणाम के लिए एक विशेष प्लाज़्मा वातावरण में एसओएल क्षेत्र के समीप ग्रेफाईट और टंगस्टन धूल कणों के लिए मेगा एम्पीयर स्फेरिकल टोकामक (MAST)/जॉईंट यूरोपियन टोरस (JET) संलयन युक्ति की गणना की जा चुकी है। परिणामों को ग्राफ के आधार पर दिखाया गया है अर्थात कण के आकार, इलेक्ट्रॉन/आयन तापमान और प्लाज़्मा आयनीकरण के आधार पर यह देखा गया है कि बड़े धूलीय कण जो कम तापमान वाले प्लाज़्मा में डूबे हुए है ज्यादा लंबे समय तक उपस्थित रह सकते हैं। और एक महत्त्वपूर्ण परिणाम के स्वरूप यह भी देखा गया है कि टंग्स्टन के बेलनाकार कण गोलाकार कणों की तुलना में ज्यादा समय तक उपस्थित रहते हैं। ये उपलब्धियाँ विभिन्न धूल कणों के प्रभाव का अनुकरण और अभिलक्षणीय में बड़े स्तर की संलयन युक्ति जैसे (ईटर/DEMO) में महत्त्वपूर्ण है।

संतुलित श्रान्ति बहाव के साथ कटे-फटे मोड़ का अध्ययन: ITPA MHD स्थानीय समूह की संयुक्त गतिविधि के परिणाम स्वरुप DIIID के हाल ही के अवलोकनों को समझने के लिए, जो कि समान और विपरीत टोरोइडल प्रवाह के लिए एनटीएम देहली में असममिति दर्शाते हैं, हम आयन और इलेक्ट्रॉन (CUTIE) के CUlham परिवहक कोड के उपयोग से कटे-फटे मोड्स का अनुकरण कर रहे हैं। एक शुद्ध अक्षीय प्रवाह और पोलोइडल प्रवाह सममिति को नहीं तोड़ते हैं, एक समान और विपरीत प्लाज़्मा घर्षण की उपस्थिति में कटे-फटे मोड्स को रेखीय वृद्धि दर की तुलना में; हमने सर्पिलाकार धूर्णीय प्रवाह की शुरुआत की है। अनुकरण परिणाम ये दर्शाते हैं कि कटे फटे प्रवाह के निशान सर्पिलाकार धूर्णीय प्रवाह के मायने रखते हैं। तब हमने CU-TIE समीकरण में अरेखीय पद को सम्मिलित किया और धारा के अरेखीय परिवर्तन के कारण रेखीय वृद्धि दर को धीमा किया। हमने यह प्रदर्शित किया है कि अरेखीय प्रभाव के कारण जैसे ही वृद्धि दर शून्य होता है तो कटे-फटे मोड्स में ठहराव आ जाता है। फिर भी समान और विपरीत शुद्ध अक्षीय या पोलोइडल प्रवाह की स्थिति में अरेखीय ठहराव के स्तर पर (तत्क्षण) त्वरित सममिति भंजन या टूटना देखा गया है। ये

सभी अरेखीयता के कारण उत्पन्न सर्पिलाकार धूर्णीय प्रवाह है और ये हमारे अवलकनों की एक महत्वपूर्ण खोज है। परिणामों में दो द्रव की स्थिति में एक द्रव की तुलना में रेखीय मोड ज्यादा स्थायी है और समान और समान और विपरीत अक्षीय प्रवाह की स्थिति में और रेखिय द्वि द्रव प्रवाह में भी सममिति भंजन संभव है।

गुंजायमान चुम्बकीय विचलनों के साथ किनारे पर स्थित विधाओं का अध्ययन: गुंजायमान चुम्बकीय क्षोभ की गतिकी और ईएलएम का नियंत्रण का अध्ययन किया गया। हमनें CUTIE का अनुकरण किया है जो ईएलएम की पुनरावृत्ति दर्शाती है। हमने n=2 स्थैतिक बाहरी चुम्बकीय प्रक्षोभों को लगाकर, ईएलएम की पुनरावृत्ति की गतिकी पर आरएमपी के प्रभावों का अध्ययन किया है। हमें उत्साहजनक परिणाम मिले हैं। आरएमपी गुब्बारों की पीलिंग विधाओं के लिए अलग-अलग विधाओं की संख्या के लिए ऊर्जा को पुनः वितरीत करने लगते हैं। जिसके परीणम स्वरुप ईएलएम कम होने लगते हैं। तब हम आरएमपी का आयाम स्थिरता से बढ़ाते हैं और एक प्रकार की देहली देखते हैं जिसके परे परिवहन और बंधन अच्छे खासे बदलते हैं। फिर भी यदि हम आरएमपी का आयाम कम करते हैं तो ये अपनी पूर्वावस्था में आ जाते हैं। यदि हम इसे पहले वाली संख्या तक कम करते हैं तो इनकी अवस्था में एक शैथिल्य देखा गया है क्योंकि ये उच्च विक्षोम स्तर रखता है।

टोकामक में गुब्बारे के किनारे के छाल वाली विधाएँ और एसओएल भौतिकी में अनावेशित गैस की भागीदारी: एसओएल भौतिकी में अनावेशित गैस की भागीदारी का अध्ययन करने के लिए अनावेशित गैस निरंतरता, अर्ध-अनावेशित और अनावेशित गैस निरंतरता समीकरण से बना हुआ एक साधारण द्वि-विमिय प्रारूप बनाया गया है। साधारण एक विमीय विश्लेषण से हम प्लाज़्मा में अनावेशित भेदन को गटरार्र का पूर्वानुमान लगा सकते है। रेखीय सिद्धांत से प्राप्त दृद्रिध दर को प्रदर्शित किया जा चुका है। द्वि-विमीय प्रारुप समीकरण को संख़्यात्मक रूप से हल कर लिया गया है। यह पाया गया है कि अनावेशित गैस प्लाज़्मा में उतार चढ़ाव को कम करती है और प्रक्षोभों के वर्णक्रम को निम्न आवृत्ति की तरफ प्रतिस्थापित करती है। अनावेशित गैसों के उतार-चढ़ाव के स्तर का भी अध्ययन किया जा चुका है। संरचनात्मक परिणामों की आदित्य टोकामक के प्रयोगों से तुलना की जा चुकी है।

A.4.5. वैश्विक जाइरो-गतिक अध्ययन

बड़े पहलू अनुपात टोकामक में माइक्रोटियरिंग मोड़ के जाइरो गतिज अनुकरण: पहले भाग में, तेजी से गुजरने वाले पूरी तरह से जाइरो गतिज इलेक्ट्रॉन और आयनों को ध्यान में रखते हुए, पोलोइडल मोड़ से जुड़ा त्रिज्या युग्मन के साथ टकराव रहित माइक्रोटियरिंग मोड़ के वैश्विक 2 डी संरचनाएँ प्राप्त की गई हैं। मोड़ प्लाज़्मा बीटा के साथ निरसीय/मानेटॉनिक रूप से बढ़ता है और दृढ़ता से विद्युत चुंबकीय है और इसे इलेक्ट्रो स्टेटिक चुंबकीय क्षमता और वेक्टर क्षमता का उतार-चढ़ाव की ताकत के अनुपात से देखा गया है। अलग प्लाज़्मा बीटा विपरीत मूल्यों पर स्कैन तापमान ढ़ाल लंबाई पैमाने के बीच विपरित संबंध दिखाता है। जो स्थिरता चित्र बताता है, यह मोड़ बड़े पहलू अनुपात टोकामक में परिमित बीटा प्लाज़्मा के लिए मजबूत तापमान ढ़ाल के लिए जिम्मेदार है। इसका अर्थ यह है कि रियल आवृत्ति का प्लाज़्मा बीटा पर एक स्पष्ट और मजबूत निर्भरता पता चलता है और इसके साथ बीटा बढ़ता है। यह दूसरों के द्वारा स्थानीय प्रवाह ट्यूब गणना से पाया जाने वाला एक लगभग स्थिर मूल्य के विपरीत है। रैखिक वृद्धि दर, एम स्केन से प्राप्त और बीटा स्केन से प्राप्त बताते हैं कि अग्र फंसे हुए इलेक्ट्रॉनों की उपेक्षा करे तो एमटीएम गतिज गुब्बारों मोड़ से अधिक अस्थिर होते हैं। दूसरे भाग में फंसे इलेक्ट्रॉनों की भूमिका की जांच की गई है। दोनों पासिंग और फंसे हुए इलेक्ट्रॉनों सहित एक वैश्विक जाइरो गतिज अध्ययन से फंसे इलेक्ट्रॉनों की गैर ऐडियाबैटिक योगदान एक गुंजयमान अस्थिरता प्रदान करते हैं, यह पता चला है विशेष रूप से बड़े टोरोइडल मोड़ नंबरों पर एक निश्चित पहलू अनुपात के लिए 1 वैश्विक 2 ड़ी मोड़ संरचना ने अस्थिर इलेक्ट्रोस्टैटिक विभव में महत्वपूर्ण बदलाव दिखाया है। अस्थिरता की शुरूआत के लिए प्लाज़्मा बीटा सीमा आम तौर पर फंसे इलेक्ट्रॉनों के शामिल किए जाने से नीचे की ओर स्थानांतरित हुआ पाया गया है। मध्यम से बड़े लेकिन परिमित मूल्यों के टोकामक विन्यास के पहलू अनुपात में एक स्कैन से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि बड़ा पहलू अनुपात में एक ह्रासमान भूमिका के साथ छोटे पहलू अनुपात में फंसे इलेक्ट्रॉनों से एक महत्त्वपूर्ण अस्थिर योगदान मिलता है।

A.4.6. गैर-अनावेशित प्लाज़्मा अध्ययन

शुद्ध इलेक्ट्रॉन और शुद्ध आयन प्लाज़्मा काअध्ययन: संख्यात्मक प्रयोग रैखिक और अरैखिक गतिशीलता एवं ऊर्जावान आयन गूंज अस्थिरता को बेलनाकार सीमित गैर अनावेशित प्लाज़्मा की जाँच के लिए किया गया है। विक्षोभ आंशिक रुप से आयनीकरण की एक बहुत भारी आयन प्रजातियों द्वारा निष्प्रभावी इलेक्ट्रॉनों का और बेलनाकार सीमित बादल के पैरामेट्रिक अलग अस्थिर संतुलनों का एक सेट पर उत्साहित किया जाता है। एक पार्टिकल-इन-सेल कोड़ का सामान्यीकरण करके अनुकरण में नियोजित किया गया है। इन संख़्यात्मक प्रयोगों में विक्षोभ की प्रारंभिक विकास के चरण से प्राप्त परिणामों, आयन गूंज विक्षोभ की लिनियराइज विश्लेषणात्मक मॉडल के साथ समझौते में है। समय के साथ सिमुलेशन के विकास में, तेजी से विकास के चरण के परे, आयन गुंज अस्थिरता का बहुत दिलचस्प नॉनलिनियर घटना का पता चला है, जैसे कि आयन बादल में लहर टुटने से पोलोइडल विधा उत्तेजित होना और इलेक्ट्रॉन बादल पर पोलोइडल पर्टबेशन का पिन्च होना।

यह एक साथ घटित नॉनलिनियर दो घटकों के गतिशिलता आयनों के लिए इलेक्ट्रॉन से ऊर्जा हस्तांतरण की प्रक्रिया के साथ जुड़ा हुआ है। बाद में चरणों में भारी आयनों की तापक प्रेरित पार क्षेत्र परिवहन एवं इलेक्ट्रॉन बादल का पिन्च का चीरना उस चीर का उलटा केस्केड होता है। इलेक्ट्रॉन-न्यूट्रॉन टक्करों को शामिल किए जाने पर कार्य एक टोरस के लिए सामान्यकरण गणना की जा रही है। एक निरंतर बाहरी दबाव के खिलाफ एक गैर अर्ध स्थिर अवरोध विस्तार के बाद एक अर्ध स्थिर संपीडन के शामिल बंद एडियबेटिक चुंबकीय चक्र में कम टकराव प्लाज़्मा के ताप प्रस्तवित किया गया था। ऊष्मा गतिकी अवरोधों को प्लाज़्मा हमेशा कम से कम एक गैर अर्ध स्थिर प्रक्रिया होने के चक्र में ताप लाभ दिखाने के लिए प्राप्त किए गए। संतुलन अवस्था और गैर अर्ध स्थिर विस्तार के दौरान विषम ताप के लिए प्लाज़्मा के विक्षोभ छूट पर चर्चा की और 1-डीपीआईसी सिमुलेशन के माध्यम से सत्यापित किया गया था। मिरर मशीनों और टोकामक में हीटिंग के लिए इस योजना के आवेदन का सुझाव दिया गया है।

A.4.7 आण्विक गतिकी (एमडी) अनुकरण

युकावा तरल में विश्रांति की प्रकृतिः विश्रांति काल के एसिम्टोटिकली उचित अभिव्यक्ति को परिभाषित करने के लिए अतिरिक्त ऊर्जा की भूमिका को संबोधित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली आण्विक गतिकी अनुकरण का उपयोग किया गया। यह दिखाया गया कि युकावा तरल के गरम होने पर पारंपरिक मैक्स्वेल विश्रांति काल सही तरीके से एसिम्टोटिक नहीं होता, जबकि अतिरिक्त ऊर्जा पर आधारित नई परिभाषा द्वारा होता है। इसका तथा इससे संबंधित मुद्दों का अध्ययन किया गया।

बाह्य गुरूत्वाकर्षण क्षेत्र तथा बाह्य ताप प्रवणता के अंतर्गत दृढ़ युग्मित प्लाज़्मा: एक आण्विक गतिकी अध्ययन आण्विक गतिकी का प्रयोग करते हुए युकावा तरल में स्थिर रेलेघ-बेनर्ड संवहन कोशिकाओं (RB-CCs) की शुरूआत तथा गठन की महत्त्वपूर्ण समस्या का अध्ययन किया गया। विशिष्ट मानदण्डों के लिए एक क्रांतिक बाहय तापमान के अंतर को प्रदर्शित किया गया जिसके ऊपर RBCC स्थापित होते हैं। इस क्रांतिक बाहय तापमान से परे, बाह्य तापमान अंतर के एक नये रैखिक संबंध को दर्शाने के लिए अधिकतम संवहनी प्रवाह वेग की शक्ति को दिखाया गया, जिसकी ढलान सामान्य है। ऐसा पाया गया कि क्रांतिक बाह्य तापमान अंतर के समीप ट्रांसिट्स को स्थिर अवस्था RBCC के रूप में स्थापित होने में अधिकतम समय लगता है, जबकि यह बाहय तापमान अंतर के बढने के साथ कम होता जाता है। प्रणाली के आकार, पक्ष अनुपात तथा धूल-अनावेशी टकराव की भूमिका को भी संबोधित किया गया।

युग्म -आयन प्लाज़्मा की आण्विक गतिकी का अध्ययन-सुपरक्रिटिकल अवस्था में प्रावस्था संक्रमण और परिवहन: युग्म आयन प्लाज़्मा की प्रावस्था संक्रमण अवस्थाओं के पास परिवहन गुणों को सॉफ्ट कोर युकावा अंतर्क्रिया के द्वारा अंतर्क्रिया करने वाले कणों की आण्विक गतिकी के द्वारा जाँचा गया। स्व-विसरण तथा संबंधित परिवहन गुण अनियमित लक्षण दर्शाते हैं। दृढ़ युग्मित 2-डी तरलों में सामान्यीकृत द्रवगतिक मॉडल का उपयोग करते हुए काल्मोगोरोव प्रवाह का अध्ययनः प्रमुख मुद्दा अपरुपण प्रवाह में आण्विक तापन की भूमिका को समझना था। रेखीय और अरेखीय चरणों में कोल्मोगोरोव प्रवाह के विकास के आण्विक गतिकीय अध्ययन को भी संबोधित किया गया। परिणामों की तुलना विस्को इलास्टिक द्रव मॉडल के परिणामों के साथ की गई। यह कार्य प्रगति पर है।

Fe-Cr मिश्रधातु में हीलियम बुलबुलों की आण्विक गतिशीलता का अध्ययन: न्यूट्रॉनों द्वारा किरणित संरचनात्मक पदार्थों में परिवर्तन होने से उत्पादित हीलियम पदार्थों के गुणों के निम्नीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। पदार्थ के गुणों में परिवर्तन He बुलबुलों के घनत्व एवं आकार वितरण पर निर्भर करता है, जो He परमाणुओं के संकुलन से होता है। होस्ट सामग्री के अंदर He बुलबुले के आकार एवं संरचना का निर्धारण करके लौह-क्रोमियम मिश्रधातु में He बुलबुले के विकास को समझने के लिए आण्विक गतिकी अनुकरण किया गया। अनुकरण दो अलग-अलग तापमानों जैसे -0.1 K तथा 800 K पर और He बुलबुले की त्रिज्या 2.5 nm तक किया जाता है। हीलियम परमाणु अभिविन्यास, बुलबुलों के विकास तथा विस्थापन उत्सर्जन के परिणाम भी प्राप्त किए गए। 0.1 K तथा 800 K पर हीलियम बुलबुलों के आयतन तथा उनकी संख्या के बीच एक प्रायोगिक संबंध भी प्राप्त किया गया था।

अध्याय B

अन्य परिसरों में गतिविधियाँ

निम्नलिखित गतिविधियाँ अन्य परिसरों में अन्य मुख्य विषयों पर की गई हैं। यद्यपि किए गए सभी कार्य संस्थान के अधिकृत है। वर्तमान में तीन अन्य परिसर निम्न प्रकार है:

B.1. औद्योगिक प्लाज़्मा भौतिकी सुविधा केन्द्र (एफसीआईपीटी) की गतिविधियाँ.....43

B.2. ईटर-भारत.....46

B.3. प्लाज्मा भौतिकी केन्द्र (सीपीपी-आईपीआर), गुवाहाटी.....52

B.1 औद्योगिक प्लाज़्मा अनुप्रयोगों में मौलिक प्लाज़्मा गतिविधियाँ (एफसीआईपीटी)

प्लाज़्मा सतह अभियांत्रिकी

प्लाज़्मा कार्बुराईजिंग प्रक्रिया का विकास: हालांकि प्लाज़्मा कार्बुराइजिंग की खोज सन् 1934 में की गई है, लेकिन पिछले दशक में प्लाज़्मा कार्बुराइजिंग प्रक्रिया के विकास के लिए बहुत प्रयास किया गया है। भारत में प्लाज़्मा कार्बुराइजिंग प्रक्रिया अभी तक विकसित नहीं की गई है और विज्ञान एवं तकनीकी विभाग, नई दिल्ली के सहयोग से एफसीआईपीटी में एक प्रोटोटाइप प्लाज़्मा कार्बुराइजिंग प्रणाली को विकसित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। एफसीआईपीटी में एसिटिलीन गैस का उपयोग करके प्लाज़्मा कार्बुराइजिंग प्रक्रिया को विकसित किया गया है। प्लाज़्मा कार्बुराइजिंग प्रक्रिया में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली मिथेन गैस की तुलना में एसिटिलीन गैस किफायती है। प्लाज़्मा कार्बुराइजिंग प्रणाली, स्टेनलेस स्टील से बने निर्वात चैम्बर से युक्त है। प्रणाली में हीटरों को कुछ इस प्रकार से संस्थापित किया जाता है कि वे 1050° C के अधिकतम तापमान तक जा सकें। निर्वात चैम्बर के नीचे शमन चैम्बर, शमन तेल से भरा हुआ है। ये चैम्बर एक गेट वाल्व से अलग किये गये हैं। सामान्य तौर पर प्लाज़्मा कार्बुराइजिंग को 950-1050° C के तापमान पर ले जाया जाता है। सब्स्ट्रेट होल्डर को ऋणात्मक अभिनति एवं निर्वात चैम्बर को धनात्मक अभिनति दी जाती है। सब्स्ट्रेट होल्डर पर SAE 8620 के नमूनों को रखा जाता है और 950°C तक गर्म किया जाता है। गरम करने की प्रक्रिया में पूरा नमूना लाल गर्म हो जाता है, जैसा चित्र B 1.1 बाएँ में दिखाया गया है। अपेक्षित तापमान प्राप्त करने के बाद चैम्बर में द्रव्यवमान प्रवाह नियंत्रकों के माध्यम से निश्चित अनुपात में एसिटिलीन एवं हाईड्रोजन गैस के मिश्रण को डाला जाता है। 5-10 mbar के बीच दबाव को बनाए रखते हैं। 20kW के दर की स्पंदित डीसी शक्ति आपूर्ति का उपयोग करके प्लाज़्मा को उत्पन्न किया जाता है। नमूने में कार्बन आयनों के विसरण को इंगित करते हुए प्लाज़्मा का गठन नमूने पर एक समान रूप से होता है, जैसा कि चित्र B 1.1 (बाएँ) में दिखाया गया है। अपेक्षित अवधि के बाद वोल्टेज को कम किया जाता है और तब प्लाज़्मा की अनुपस्थिति में नमूने आवश्यक समय के लिए 850°C तक गर्म किये जाते है, ताकि कार्बन अधिक गहराई तक विसरित हो सकें। इसके बाद गेट वाल्व को खोला जाता है और नमूने को तेल युक्त शमन चैम्बर में डाला जाता है। विकर्स हार्डनेस टेस्टर के साथ माइक्रोहार्डनेस प्रालेख मापने पर यह इंगित होता है कि सतह की कठोरता 500 HV की कोर कठोरता से 780 HV तक बढ़ गई है। कठोरता की गहराई को कठोरता 550 HV की गहराई के रूप में परिभाषित किया है। ऐसे में संरचना 50% मार्टेन्साइट एवं 50% पर होती है। स्थिति की गहराई 1000 माईक्रॉन्स मापी गई है। सतह से कोर की ओर कठोरता में क्रमिक कमी हुई है। प्लाज़्मा कार्बुराइजिंग प्रक्रिया के दौरान सतह परकार्बन सांद्रण में वृद्धि एवं Fe3C प्रावस्था के गठन के करण कठोरता में वृद्धि हुई है, जिसकी पुष्टि एक्सआरडी विश्लेषण से की गई है। प्लाज़्मा कार्बुराइजिंग का मुख्य रूप से उपयोग तब किया जाता है जब सतह की कठोरता, घर्षण प्रतिरोध एवं सख्ती और साथ ही कोर सामग्री की सख्ती की आवश्यकता होती है। स्वचालित मशीन के भाग, जैसे एक्सेल, बोल्ट और गियर इसके उदाहरण हैं। परिणामों से हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि परंपरागत गैस एवं निर्वात कार्बुराइजिंग प्रक्रमणों की तुलना में प्लाज़्मा कार्बुराइजिंग प्रक्रिया तीव्र गति से वस्तुस्थिति की गहराई को प्रदान करने में सक्षम है।

अंतरिक्ष प्लाज़्मा और अंतरिक्ष यान सौर सारणी अंत:क्रिया अध्ययन स्पिक्स-II: एफसीआईपीटी, आईपीआर ने अंतरिक्ष प्लाज़्मा अंतक्रिया प्रयोगों, स्पिक्स-II परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस परियोजना का उद्देश्य प्रयोगशाला में एलईओ एवं जीईओ जैसी अंतरिक्ष स्थितियों को अनुकरित करने के लिए एक स्वदेशी

यह गतिविधि प्लाज़्मा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में हुए नवीनतम तकनीकी विकास द्वारा संस्थान एवं उद्योगों के बीच प्रगाढ संबंध बनाने में सहायक है। पहले भी कई निजी उद्योगों के साथ समझौता ज्ञापन के माध्यम से कई विकसित तकनीकियों का व्यवसायीकरण किया गया है।

चित्र B.1.1 (बाएं) तापन प्रक्रिया के दौरान नमूना तप्त लाल में हो जाता है। (दाएं) प्लाज़्मा कार्बुराइजिंग प्रक्रिया के दौरान नमूने के आसपास प्लाज़्मा

चित्र B.1.2 (बाएं) एकीकृत अंतरिक्ष प्लाज़्मा अंत:क्रिया के प्रयोग, स्पिक्स-II सुविधा का चित्र। (दाएं) आईपीआर के निदेशक प्रो.डी.बोरा, आईएसएसी के उप निदेशक, श्री.आर.एक्कुंडी को परियोजना की रिपोर्ट सुपुर्द करते हुए।

इसरो द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं को भी इसरो के अभियानों के लिए आवश्यकता अनुरूप प्लाज़्मा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्राप्त जानकारी को साझा करके किया जा रहा है।

प्रयोगात्मक परीक्षण सुविधा को विकसित करना था। विश्व भर में इस प्रकार की यह पांचवी सुविधा है, जो नासा, यूएसए, ईएसए, फ्रांस, एवं जेएएक्सए, जापान द्वारा स्थापित आईएसओ के मानदंड़ों (आईएसओ-11221) पर खरी उतरती है। जीईओ एवं एलईओ जैसे वातावरण में आर्किंग परिघटना का अध्ययन करने के लिए विभिन्न प्रकार के उपग्रह सौर पैनलों पर कई प्रयोगों को अंजाम दिया गया है। कुछ विशेष खोज की गई एवं इसके वैज्ञानिक परिणामों को अंतर्राष्ट्रीय ईएसडी अंतरिक्ष विज्ञान समुदाय के बीच काफी सराहा गया है। स्पिक्स-II सुविधा का एक पूर्ण दृश्य नीचे चित्र B1.2 में दर्शाया गया है।

खाद्य प्रौद्योगिकी में प्लाज्मा: विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में हुए परीक्षणों से ये साबित हो गया है कि खाद्य प्रौद्योगिकी में प्लाज़्मा एक अहम भूमिका का निर्वाह कर सकता है। खाद्य प्रौद्योगिकी में प्लाज़्मा के संभावित भविष्य को ध्यान में रखते हुए ए.डी. पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी, वल्लभ विद्यानगर तथा प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान (आई.पी.आर.) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। संभाव्यता अध्ययन के लिए एफसीआईपीटी, आईपीआर में एक संहत प्लाज़्मा प्रणाली का विकास किया गया है। ई.कोली तथा एस.ऑरन्स बैक्टेरिया की निष्क्रियता के लिए कुछ परीक्षण एडीआईटी वल्लभ विद्यानगर में किए गये।

प्लाज़्मा हॉल-प्रभाव प्रणोदकों का पदार्थ अभिलक्षणन: प्लाज़्मा हॉल-प्रभाव प्रणोदनों में एक आयन पुँज स्पट्रिंग के कारण सिरेमिक भित्ति अपरदन एक जीवन सीमक प्रक्रिया है, जिसका प्रयोग उपग्रहों में किया जाता है। प्रणोदक उपकरणों के अपेक्षाकृत लंबे जीवनकाल के कारण उसके सिरेमिक पदार्थ के स्पटर अपरदन का तथा अंतरिक्षयान के सौर सेल जैसे संवेदनशील उपकरणों पर उसके जमाव का अध्ययन आवश्यक है। इस शोध समस्या पर एफसीआईपीटी, आईपीआर एलपीएससी (इसरो) के साथ कार्य कर रहा है। प्लाज़्मा प्रणोदन में उपयोग किए जाने वाले सिरेमिक पदार्थ के यथावत् अंतर के आयतनी स्पट्रिंग उपज को मापने के लिए एक अति उच्च निर्वात (यूएचवी) सुविधा का विकास किया गया है, जो कॉफमन आयन स्रोत तथा एक घूर्णी क्वार्टर्ज क्रिस्टल से सुसज्जित है। इस शोध परियोजना में लंबे समय तक 50ev से 1000 ev तक की आयन ऊर्जा के साथ विभिन्न कोणों से जैनॉन आयनों की बमबारी की जाती है, जिससे वास्तव में प्लाज़्मा प्रणोदक की अवस्थाओं का अनुकरण किया जा सके। आयन बमबारी के समय एक क्यूसीएम संवेदक विभिन्न कोणों पर घूमते हुए अर्ध वृत्ताकार चाप में स्पटर्ड पदार्थ को अधिकृत करता है। इस परियोजना के अंतर्गत प्रणोदक के अंदर उच्च तापमान पर चुम्बकीय क्षेत्र प्रोफाइल का नक्शा बनाने, चुम्बकीय पारगम्यता को मापने, तथा सतह के फ्लैशओवर



चित्र B.1.3 विकसित आयन किरण पुँज सुविधा

प्रभावों का अध्ययन करने के लिए सुविधाएँ विकसित की गयी हैं।

प्लाज़्मा पदार्थ अंतर्क्रिया उत्प्रेरित सतह नैनोपैटर्निंग: एफसीआईपीटी, आईपीआर डीएसटी-नैनोमीशन तथा डीएसटी-फास्ट्रैक यंग साइंटिस्ट योजना द्वारा वित्तपोषित दो परियोजनाओं पर काम कर रहा है। इन परियोजनाओं के अंतर्गत सतहों के साथ प्लाज़्मा आयन अंतर्क्रिया का मौलिक अध्ययन तथा सतहों पर विभिन्न नैनोस्केल लक्षणों के उत्पादन की जाँच की जा रही है। आपतन कोण, आयन ऊर्जा प्रभाव के आधार पर विभिन्न प्रकार की नैनोसंरचनाएँ बन जाती है। इस अध्ययन के लिए एक तंतु प्लाज़्मा निस्सरण आधारित सेटअप का विकास किया गया है [चित्र B.1.4], जो 2 keV तक सब्स्ट्रेट को अभिनत करने की व्यवस्था के साथ $1x10^{15}$ cm^{-2} s^{-1} का प्लाज़्मा अभिवाह उत्पन्न करने की क्षमता रखता है। नैनोडॉट का विशिष्ट आकार ~40 nm होता है, तथा यह आकार आयन ऊर्जा में वृद्धि के साथ-साथ बढ़ता जाता है। प्रयोगात्मक रूप से प्रेक्षित सतह स्थलाकृति का अनुकरण करने के लिए मौजूद स्पट्रिंग सिद्धांतों पर आधारित एक सैद्धांतिक मॉडल का भी विकास किया गया है। यह मॉडल निवेश के लिए स्पटर परमाणुओं के स्व-संगठन (सतह अपरदन के दौरान), विसरण प्रक्रिया तथा प्रयोगात्मक मानकों पर निर्भर करता है। इन नैनोपैटर्न का उपयोग टेम्प्लेट्स के रूप में करके उस पर चाँदी के सुव्यवस्थित नैनोकणों को उगाने की संभावना को देखने के लिए उस पर अध्ययन किया जा रहा है (चित्र B.1.4) । सुव्यवस्थित ढ़ंग से उगाए गये इन नैनोकणों का उपयोग सौर सेल तथा आण्विक सवेदकों में किया जाता है।

टाटा स्टील के सौर अनुप्रयोगों के लिए अलुमिना लेपन का संभाव्यता अध्ययन: सौर ऊर्जा अनुप्रयोगों के लिए बिना लेपन के तथा Ni लेपित माइल्ड स्टील सब्स्ट्रेटों पर अलुमिना लेपन निक्षेपित करने के लिए संभाव्यता अध्ययन किया गया। इसमें मैग्नेट्रॉन स्रोत का प्रयोग करते हुए निक्षेपण प्रयोग तथा लेपन का लक्षण-वर्णन भी शामिल थे। इस अध्ययन का उद्देश्य माइल्ड स्टील और सौर सेल के बीच अंतरापृष्ठ परत के रूप में माइल्ड स्टील सब्स्ट्रेट के ऊपर उष्मारोधी लेपन (अलुमिना) का विकास करने की संभावना का अन्वेषण करना है। यह सौर सेल तथा धातु सब्स्ट्रेटों के बीच एक अच्छा अवरोध प्रदान करेगा। ऐसे अनुप्रयोग टाटा स्टील द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बनाए जा रहे उत्पादों के विकास में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

प्रोटोटाइप जैवचिकित्सा समाविष्ट की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए प्लाज़्मा आधारित सतह संशोधन: एफसीआईपीटी में डीएसटी द्वारा वित्त पोषित एक परियोजना शुरू की गयी है, जिसके अंतर्गत व्यावसायिक रूप से उपलब्ध प्रोटोटाइप जैवचिकित्सा समाविष्ट की विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए प्लाज़्मा आधारित सतह संशोधन का प्रयोग किया जा रहा है। यह कार्य सीजीसीआरआई कोलकत्ता के सहयोग से किया जा रहा है। इस गतिविधि में SS316L तथा Ti आधारित मिश्रधातु (Ti-6Al-4V) से बने जैवसंगत समाविष्ट निम्नलिखित प्रक्रियाओं से गुजारें - (i) प्लाज़्मा नाइट्राइडिंग (ii) Ti/TiN बहुपरती कोटिंग पर मैग्नेट्रॉन आधारित निक्षेपण (iii) इन दोनों का संयोजन; तथा उनकी

चित्र B.1.4 विकसित सतह नैनोपैटर्निंग व्यवस्था

विश्वसनीयता में वृद्धि पर इन सतह संशोधनों के प्रभाव का अध्ययन किया जाएग। प्लाज़्मा नाइट्राइडिंग सतहों के नैनो-यांत्रिकी तथा नैनो-ट्राइबायोलॉजिकल गुणों से समाविष्टों की विश्वसनीयता में सुधार की उम्मीद है। परियोजना के पहले चरण में नमूना सामग्रियों पर प्लाज़्मा नाइट्राइडिंग की जा चुकी है, तथा उनके लक्षण वर्णन का कार्य प्रगति पर है।

सीज़ेडटीएस आधारित पतली फिल्म के सौर सेल का विकास: हाल ही के दिनों में, कम लागत वाले पतली फिल्म आधारित सौर सेल के विकास का अध्ययन कई देशों में लोकप्रिय हो गया है। खासकर कैडमियम टेलुराइड (CdTe), कॉपर इंडिअम गैलियम डाइसेलेनाइड (CuInGaSe2 या CIGS) तथा कॉपर इंडिअम डाइसल्फाइड (CuInS2-CIS जैसे भी जाना जाता है) आधारित पतली फिल्म सौर सेलों ने सबका ध्यान आकर्षित किया है और इन पर काफी काम भी किया गया है। इस प्रकार के सौर सेलों में उच्च रूपांतरण क्षमता (~21.7%) तथा उच्च प्रकाशिक अवशोषण गुणांक (~$5x10^4$ सेमी$^{-1}$) देखा गया है। हालाँकि सभी प्रकार के सौर सेलों की कुछ सीमाएँ होती हैं, जैसे, विषाक्त प्रकृति या सम्मिलित तत्वों की कमी। इसी वजह से इंडियम तथा कैडमियम मुक्त पतली फिल्म अवशोषक कोटिंग के विकास की बहुत जरूरत है। अपने उत्कृष्टगुणों की वजह से कॉपर ज़िंक टिन सल्फाइड (सीज़ेडटीएस) पतली फिल्म सौर सेलों में अवशोषक कोटिंग के लिए एक आशाजनक सामग्री है। इसका प्रत्यक्ष बैंड अंतर 1.45eV तथा उच्च अवशोषण गुणांक 104 cm^{-1} है। सीज़ेडटीएस आधारित पतली फिल्म सौर सेल के निर्माण हेतु एक प्रोटोटाइप प्रणाली को विकसित करने तथा एक फोटोवोल्टेइक यंत्र बनाने के लिए सोलर एनर्जी रिसर्च इनिशिएटिव (SERI) कार्यक्रम के अंतर्गत डीएसटी ने एफसीआईपीटी को एक परियोजना की मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य एक ऐसी प्रोटोटाइप प्रणाली का विकास करना है, जो छोटे आकार के सीज़ेडटीएस आधारित



चित्र B.1.5 बहु चैम्बर बहु मैग्नेट्रॉन (एमसीएमएम) निर्वात प्रणाली संस्थापित

सौर सेलों का निर्माण कर सके। सफल प्रदर्शन के बाद, बड़े स्तर पर व्यावसायिक प्रणाली के विकास का प्रयत्न किया जाएगा।

सेल निर्माण की प्रक्रिया : एफसीआईपीटी में स्थापित प्रणाली का एक छायाचित्र चित्र B 1.5 में दर्शाया गया है। यह प्रणाली मैग्नेट्रॉन स्पट्रिंग पर आधारित सीज़ेडटीएस सौर सेल की सभी आवश्यक परतें जमा करने के लिए सक्षम है। यह एक मल्टी चैम्बर मल्टी मैग्नेट्रॉन (एमसीएमएम) निर्वात प्रणाली है, जिसमें चार निर्वात संगत SS प्रकोष्ठ हैं। ऊपर उल्लिखित चार परतों में से एक-एक परत प्रत्येक चैम्बर में जमा की जाती है। निक्षेपण के लिए सभी प्रकोष्ठों में एक मेग्नेट्रॉन (कॉन्फोकल व्यवस्था में) रखा जा सकता है, जबकि एक चैम्बर में सल्फर का वाष्प निक्षेपण (तापीय) किया जा सकता है। निर्वात को भंग किए बिना इस नमूने को एक चैम्बर से दूसरे तक ले जाया जा सकता है। प्रक्रिया के विभिन्न चरणों का अनुक्रम नीचे चित्र में दर्शाया गया है।

सूक्ष्मतरंग कोयला गैसीफिकेशन परियोजना: भारत में कोयले के विशाल भंडार हैं जिनसे 150 वर्षों तक देश में बिजली की माँग को पूरा किया जा सकता है। परंतु भारतीय कोयले में राख की मात्रा अधिक तथा तापजनक मान कम है जिससे बिजली संयंत्रों में समस्याएँ बढ़ जाती हैं। इसी कारण विद्युत संयंत्र द्वारा कोयले का आयात किया जाता हैं जिसमें उन्हें कम लागत आती है। ऐसे कई देश हैं जहाँ का कोयला भारतीय कोयले के समान ही है। इसीलिए शोधकर्ताओं द्वारा ऐसी नई तकनीक का अध्ययन किया जा रहा है जिसमें उच्च राख युक्त कोयले में से भी किफायती तरीके से ऊर्जा निकाली जा सकें। इस संबंध में सूक्ष्मतरंग ऊर्जा को सबसे उपयुक्त पाया गया है, जो निम्न तापजनक मान वाले कोयले से, जिसमें राख भी अधिक होती है, कुशलतापूर्वक गैसीफिकेशन करने में सक्षम है। सूक्ष्मतरंग निम्न ऊर्जा निवेश के साथ उच्च तथा एक समान तापमान का प्लाज़्मा स्तंभ (1200^0C) प्रदान करता है, जिससे कोयले का कार्बन बहुत कुशलता से सीन गैस (कार्बन मोनोऑक्साइड तथा हाइड्रोजन)

भारत में कोयले के भंडारों का प्रभावी रूप से उपयोग करने के लिए सूक्ष्मतरंग आधारित प्रौद्योगिकी को विकसित किया जा रहा है, जिससे अधिक राख वाले कम कैलोरी मान से प्रभावी कोयला गैसीकरण की परिस्थिति को निर्मित किया जा सकें।

में परिवर्तित हो जाता है। इसके अलावा राख अधिक माइक्रोवेव ऊर्जा अवशोषित नहीं करती, इस कारण यह प्रक्रिया उच्च राख वाले कोयले से आसानी से कोयले से कार्बन को चयनात्मक गैसीफिकेशन करने में सक्षम है। प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में एफसीआईपीटी समूह भारतीय कोयला गैसीफिकेशन पर अध्ययन के लिए 5kW सूक्ष्मतरंग की एक छोटी प्रणाली (8g/hr) को स्थापित करने के लिए इस परियोजना पर कार्य कर रहा है। एफसीआईपीटी में 1 kW सूक्ष्मतरंग प्लाज़्मा टार्च की एक दूसरी प्रणाली (1kg/hr) पर भी प्रयोग किया जा रहा है।

B.2. ईटर-भारत

पिछले एक वर्ष में ईटर-भारत ने ईटर परियोजना में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस अवधि के दौरान ईटर-भारत परियोजना ने कुछ पैकेजों का निर्माण कार्य आरंभ किया है। विभिन्न पैकेजों/शीर्षों के अंतर्गत पूरी की गई गतिविधियों का विवरण नीचे दिया गया है:

B.2.1 भीतरी दीवार का परिरक्षण (आईडब्ल्युएस)

ईटर निर्वात पात्र में एक दोहरी दीवार संरचना है। न्यूट्रॉनों के पलायन को रोकने के लिए तथा टोरोइडल चुंबकीय क्षेत्र रिप्पल को कम करने के लिए निर्वात पात्र (वीवी) के बाहरी एवं भीतरी शेल के बीच आईडब्ल्यूएस ब्लॉक को रखा जाएगा। ये परिरक्षण ब्लॉक SS 304B4, SS 304B7, SS 430 तथा SS 316L (N)-IG से बने हैं एवं फास्टनर (बोल्ट्स, नट्स, स्पेसर्स, वॉशर्स आदि) XM-19 तथा इनकोनल-625 से बने हैं। आईडब्ल्यूएस ब्लॉकों का निर्माण कार्य अवसरला टेक्नॉलोजिज़ लि.बैंग्लोर में प्रगति पर है। सभी पात्र सेक्टरों (वीएस), VS-6 तथा VS-5 के PS-2 एवं PS-3 के लिए SRs के PS1 के लिए सहायक रिब्स (SRs) एवं लोअर ब्रैकेट (एलबी) के विनिर्माण के लिए नेस्टिंग प्लान को पूरा किया गया है। VS-1, 5, 6, 7, 8 एवं 9 के PS-3 एवं PS-4 के सहायक रिब एवं लोअर ब्रैकेट संयोजन का विनिर्माण आरेख पूरा कर लिया गया है। पोलाइडल खंड -1 (PS-1) के लिए 90% ब्लॉकों एवं 100% सहायक रिब्स की वॉटर जेट कटिंग को पूरा कर लिया गया है। PS-1 के लिए 22% ब्लॉकों की एवं 67% सहायक रिब्स की मशीनिंग को पूरा कर लिया गया है। PS-2 के लिए 22% एवं PS-3 के लिए 13% सहायक रिब्स की वॉटर जेट कटिंग के साथ PS-2 एवं PS-3 के लिए 15% एवं 9% सहायक रिब्स की मशीनिंग को भी पूरा कर लिया गया है। VS-6, 5, 4, 3, 2, 1 के लिए PS-1 SRs एवं PS-1 VS-6, 5 के लोअर वेल्डड ब्रैकेट के आयामी

निरीक्षण को अंजाम दिया गया है। VS-6 के PS-1 के सहायक रिब एवं लोअर ब्रैकेट की वेल्डिंग की गई। VS-6 के PS-1 के भीतरी दिवार की शील्ड प्लेटों का विनिर्माण हो चुका है। VS-6 के PS-1 सहायक रिब एवं लोअर ब्रैकेट की फैक्टरी स्वीकृति परीक्षण कर लिया गया है। VS-6 के PS_2 एवं VS-5 के PS-1 के लिए सहायक रिब्स (SR) एवं लोअर ब्रैकेट (LB) का निर्माण पूरा कर लिया गया है। VS-5 के PS-1 के लिए SR की वेल्डिंग LB के साथ प्रगति पर है।

B.2.2 क्रायोस्टेट एवं वीवीपीएस

ईटर के अतिचालक चुम्बक 4.5 K पर कार्य करते हैं, जिसे वातावरण से उष्मीय रूप से पृथक करने की आवश्यकता होती है। इसे प्राप्त करने के लिए इन चुम्बकों को बड़े निर्वात पात्र (क्रायोस्टेट) में रखा जाता है और क्रायोस्टेट के अंदर 80 K का उष्मीय कवच होता है। क्रायोस्टेट एकल दीवार की प्रबलित संरचना है, जिसका समस्त व्यास एवं ऊंचाई ~29 m है। क्रायोस्टेट सामान्य एवं असामान्य प्रचालन स्थिति में समस्त मशीन तथा स्वयं का भार भूतल पर हस्तांतरित करता है। इसका निर्माण 4000 मेट्रिक टन ऑस्टेनेटिक स्टेनलेस स्टील से होगा। क्रायोस्टेट का ऊपरी सिलेंडर, ऊपरी ढक्कन, क्रायोस्टेट संयोजन एवं संस्थापन औजार, ऊपरी सिलेंडर के वेधन एवं गोलाकार बैलोज हेतु विनिर्माण तैयारी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। क्रायोस्टेट आधार खंड (बीएस) टायर 1 का निर्माण मॉडल एवं आरेखण, निर्माण एवं निरीक्षण योजना (एमआईपी) को पूरा कर लिया गया है। अनावेशित पुँज द्वारक वाहिनी एवं द्वारक सेल बैलो के लिए अंतिम अभिकल्पन समीक्षा को पूरा किया गया। क्रायोस्टेट आधार खंड (बीएस) तथा नीचे के सिलेंडर (एलसी) मॉक-अप को पूरा किया है तथा क्रायोस्टेट आधार खंड के सैंडविच प्लेट का निर्माण शुरू हो गया है, तथा बीएस के जिग के लिए पूरा हो चुका है तथा बीएस टायर-2 के लिए शुरू कर दिया है। क्रायोस्टेट आधार खंड टायर-1 एवं टायर-2 का निर्माण प्रगति पर है।

अंतरराष्ट्रीय परियोजना ईटर एक प्रायोगिक संलयन रिएक्टर है, जिसे वर्तमान में फ्रांस के दक्षिण में स्थित कडराच में निर्मित किया जा रहा है। भविष्य में संलयन ऊर्जा से विद्युत उत्पादन की दिशा में ईटर एक सशक्त कदम है।

B.2.3 शीतलन जल प्रणाली

ईटर के कुछ विशेष संघटक/प्रणालियाँ प्रचालन के दौरान विशिष्ट ताप पर प्रचालित होंगे। इस तापमान को अपेक्षित मार्जिन में रखना आवश्यक है। विभिन्न घटकों/प्रणालियों से ऊष्मा निकालकर वातावरण में छोड़ने के लिए शीतलन जल प्रणाली की आवश्यकता है। पिछले वर्ष लॉट-1 पाइपिंग की अंतिम अभिकल्पन समीक्षा को पूरा करने के बाद लॉट-2 व लॉट-3 पाइपिंग एवं प्रणालियों की अंतिम अभिकल्पन समीक्षा को पूरा किया गया है। अंतिम अभिकल्पन सीमक्षा में अभिकल्पन गणना, विश्लेषण, योग्यता, निर्माण निपुणता तथा विनिर्माण योजना से संबंधित सभी पहलूओं को शामिल किया है। लॉट-1 पाइपिंग की निर्माण तैयारी समीक्षा का अनुसरण करते हुए पहले लॉट की पाइपिंग लगभग समाप्ति पर है और इसे सितम्बर 2015 तक ईटर साइट तक पहुंचाए जाने की उम्मीद है। समग्र शीतलन जल प्रणाली की अंतिम अभिकल्पन गतिविधियाँ - पाइपिंग तथा सभी उपस्कर (पंप, ताप विनिमायक, शीतल टॉवर आदि) का संयोजन प्रगति पर है और अगस्त 2015 तक इसे पूर्ण किये जाने की अपेक्षा है। चेन्नई के ठेकेदार लारसन एंड टॉब्रो ने अहमदाबाद के निकट बावला में एक केन्द्रीय भंडारण क्षेत्र स्थापित किया है, जो पाइपिंग एवं उपकरणों को ईटर साइट भिजवाने के लिए एक केन्द्रीय स्थान के रूप में अपनी सेवा प्रदान करेगा।

B.2.4 क्रायोवितरण एवं क्रायोलाइन्स

चित्र B.2.1 अंत:भित्ति परिरक्षण के ब्लॉक निर्मित

चित्र B.2.2 क्रायोस्टेट बेस सैक्शन - टायर 2 - निर्माण उन्नत अवस्था में

चित्र B.2.3 स्टोरेज यार्ड में 1800 mm व्यास के पाइप की उतराई

प्लाज़्मा संलयन को बनाए रखने एवं विशेष प्रणालियों को कार्यशील तापमान पर रखने के लिए विभिन्न घटकों में शीत शक्ति का संचार करने में क्रायोजेनिक की आवश्यकता होती है। क्रायोजेनिक प्रणाली अतिचालक चुम्बकों से ऊष्मा हानि को कम करने के साथ उनमें अधिक विद्युत धारा को बनाए रखने में मदद करती है।

Y+Z क्रायोलाइन तथा कोल्ड सर्क्यूलेटर्स (शीत परिसंचारक) के लिए मेसर्स इनोक्स सीवीए को अनुबंध दिया गया है। क्रायोवितरण अनुबंध के लिए लिंडे क्रायोटेक्निक को इंटेन्ट पत्र जारी किया गया है। X+Z क्रायोलाइन के लिए तकनीकी बोली का मूल्यांकन पूरा कर लिया है। क्रायोलाइन के लिए प्रारंभिक अभिकल्पन गतिविधियाँ प्रगति पर है तथा Y2-ग्रूप क्रायोलाइन की प्रारंभिक अभिकल्पन समीक्षा पूरी कर ली गई है। परीक्षण सहायक शीत बॉक्स (टीएसीएस) का विनिर्माण अभिकल्पन प्रगति पर है। प्रोटोटाइप क्रायोलाइन (Z-ग्रूप) की विनिर्माण तैयारी समीक्षा को विक्रेता के सहयोग से पूरा किया है। परीक्षण सहायक शीत बॉक्स की कवच संरचना एवं डिश छोर का निर्माण पूरा कर लिया है। परीक्षण सहायक शीत संचारकों के लिए आवरण निर्माण पूरा कर लिया है।

B.2.5 आयन साइक्लोट्रॉन तापन एवं धारा चालन के स्रोत

ईटर प्लाज़्मा के लिए सहायक तापन एवं धारा चालन पद्धतियों में आयन साइक्लोट्रॉन अनुनाद आवृत्ति (आईसीआरएफ) श्रृंखला में रेडियो आवृत्ति तरंगों का इस्तेमाल करना एक महत्वपूर्ण पद्धति है। इससे 8 स्रोतों द्वारा कुल 20 MW की आईसीआरएफ शक्ति को आरंभ किया

TACB thermal shield, TACB Outer Vacuum Jacket & TACB Top Plate with Cryogenic Valve Body inserted

Manufacturing of Prototype Cryoline @ INOX CVA, Testing of Prototype segment is under progress

जाएगा, जिसमें प्रत्येक इकाई 2.5MW/निरंतर तरंग (सीडब्ल्यू) क्षमता से युक्त होगी। इस तकनीक का प्रदर्शन करने के लिए इस पैकेज में एक प्रोटोटइप इकाई को भी शामिल किया गया है। ईटर परियोजना के लिए कुल 9 (1 प्रोटोटाइप तथा 8 श्रृंखला उत्पादन) पूर्ण आईसीआरएफ स्रोतों की आपूर्ति का दायित्व भारत पर है। ईटर में इस्तेमाल करने के लिए सबसे उत्तम उच्च शक्ति वाली निर्वात नलिका (डायक्रोड/टेट्रोड) तथा अन्य महत्वपूर्ण घटकों की पहचान करने के लिए एक अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम आरंभ किया गया है। अंतिम चरण के विस्तार के लिए निर्वात नलिका तकनीकियों के तकनीकी चयन को अंतिम रूप देने के लिए डायक्रोड तकनीकी के लिए थेल्स इलेक्ट्रॉन डिवाइसस, फ्रांस तथा टेट्रोड तकनीकी के लिए कॉन्टीनेन्टल इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन, यूएसए के साथ दो प्रमुख अनुबंध शुरू किये गए हैं। असंतुलित भार स्थिति का अनुकरण करने के लिए 3MW परीक्षण रिग को ईटर-भारत परीक्षण सुविधा में विकसित किया जा रहा है। प्रवर्धक तथा सहायक प्रणालियों/उप-प्रणालियों पर व्यापक प्रयोग किए गये, लक्ष्य के अनुसार निष्पादन प्राप्त करने में तकनीकी समस्या की बेंचमार्किंग एवं इन प्रणालियों/उप-प्रणालियों का उन्नयन/संशोधन किया गया। डायक्रोड एवं टेट्रोड के लिए मानक फैक्टरी स्वीकृति परीक्षण (एफएटी) फैक्टरी टेस्ट बैंच पर सफलतापूर्वक पूरे किए गये। डायक्रोड आधारित प्रणाली

चित्र B.2.5 टेट्रोड आधारित प्रणाली के लिए पूर्व-फैक्टरी स्वीकृति परीक्षण (एससीआईपीटी) आरंभ किया गया

के लिए 2000 सेकण्ड के प्रचालन के लिए 35 MHz से आरंभ करके 65 MHz तक विभिन्न आवृत्तियों पर प्रवर्धकों को आरएफ शक्ति स्तर 1.5MW तक शक्ति देने से पहले संपूर्ण प्रणाली को अवांछित दोलन के लिए स्थिर किया गया। विस्तारित प्रचालन के लिए 36 MHz पर 1.7MW/3600 सेकण्ड के लिए आगे परीक्षण निष्पादित किये गये। सफलतापूर्वक फैक्टरी स्वीकृति परीक्षण (एफएटी) पूरा करने के बाद डायक्रोड आधारित प्रवर्धक प्रणाली को विघटित करके ठीक तरह से पैक किया गया और इसके अंतिम संयोजन, एकीकरण व पूर्ण निष्पादन का परीक्षण करने के लिए इसे ईटर-भारत, आईपीआर प्रयोगशाला भेजने के लिए प्रशासनिक कार्यवाई शुरू की गई। टेट्रोड आधारित प्रणाली के लिए, नियंत्रण के लिए सॉफ्टवेयर आपूर्तिकर्ता की साइट पर प्रणाली से

ईटर परियोजना में भारत एक पूर्ण रूप से सहयोगी है, जिसके तहत भारत द्वारा क्रायोस्टेट पात्र, शक्ति आपूर्तियाँ, शीतलन पाइप लाइनें, कुछ नैदानिकी प्रणालियाँ आदि का वस्तु स्वरूप योगदान दिया जाएगा। इनका अभिकल्पन एवं निर्माण अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप किया जाएगा।

एकीकृत हार्डवेयर पर नियोजित किये है तथा लघु स्पंद 100KW/2000 सेकण्डों तथा 500kW के लिए प्रचालित किये गये है। आगे के परीक्षण किये जा रहे हैं। ईटर की आवश्यकता के अनुसार आरएफ स्रोतों का परीक्षण करने के लिए ईटर-भारत, आईपीआर प्रयोगशाला में 3MW/CW की एक सहायक टेस्ट रिग एकीकरण के अंतिम चरण से गुजर रही है। ईटर की आवश्यकता के अनुसार कम शक्ति का आरएफ सेक्शन, नियंत्रण, ट्रांसमिशन लाइन सेक्शन, आरएफ डमी लोड, शक्ति आपूर्तियाँ, कम वोल्टता वितरण आदि को प्राप्त/विकसित किया है तथा उच्च शक्ति वाले प्रवर्धकों के साथ एकीकरण के लिए तैयार रखा है। प्रवर्धक प्रणाली के साथ एकीकरण पूरा होने के बाद ईटर-भारत परीक्षण सुविधा में, उच्च शक्ति आरएफ परीक्षण, वर्ष 2015 में जून महीने के मध्य से शुरू किया जाएगा।

B.2.6 इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन तापन (ईसीएच) प्रणाली

ईसी एच व सीडी प्रणाली का उपयोग प्लाज़्मा आरंभन सहित प्लाज़्मा तापन एवं धारा चालन अनुप्रयोगों के लिए किया जाएगा। इस संदर्भ में भारतीय घरेलू ऐजेन्सी (ईटर-भारत) के पास एक प्रापण पैकेज है (ईसी जायरोट्रॉन स्रोत पैकेज), जिसका मुख्य प्रयोजन - दो उच्च शक्ति वाले अत्याधुनिक जायरोट्रॉन स्रोतों(170 GHz/1MW/3600s) के एक सेट को उसकी सहायक प्रणालियों के साथ आपूर्ति करना है। कार्यान्वयन पद्धति में कार्यात्मक विनिर्देश के आधार पर उच्च शक्ति के जायरोट्रॉन ट्यूबों का प्रापण एवं समग्र एकीकृत निष्पादन का संस्थापन शामिल है।



चित्र B.2.6 आयन साइक्लोट्रॉन तापन परीक्षण प्रणाली के लिए स्थानीय नियंत्रण इकाई

एकीकृत जायरोट्रॉन प्रणाली निष्पादन को स्थापित करने के लिए एक जायरोट्रॉन परीक्षण सुविधा (आईआईजीटीएफ) को प्रोटोटाइप सहायक प्रणालियों के साथ विकसित किया जा रहा है। परीक्षण जायरोट्रॉन एवं वेवगाइड के सेट की प्रापण प्रकिया प्रगति पर है। शक्ति आपूर्ति एवं एचवी संरक्षण प्रणाली के लिए प्रापण प्रक्रिया चल रही है व जायरोट्रॉन बॉडी एचवी शक्ति आपूर्ति को प्राप्त कर रहे हैं। एचवी संधारित्रों के स्वीकृति परीक्षणों को पूरा कर लिया गया है तथा एचवी प्रतिरोधको लैब में सुपुर्द करने के लिए तैयार कर लिया है। आईआईजीटीएफ की ग्राउंडिंग के लिए प्रारंभिक अध्ययन किया गया है। डिजिटल इंटरलॉक मॉड्यूल के लिए कार्यात्मक तथा ईएमसी/ईएमआई परीक्षणों को संतोषजनक परिणामों के साथ पूरा किया है। पीएलसीs, PXIe का विन्यास, नियंत्रण कक्ष में क्यूबिकल्स, एससीयू मॉड्यूल तथा प्रत्येक क्यूबिकल में चेसिस, विद्युत एवं ऑप्टिकल केबल की आवश्यकता को अंतिम रूप दिया है। आईआईजीटीएफ के लिए यूपीएस को प्राप्त किया है तथा ग्राउंड्रिग के लिए अध्ययन किया जा रहा है।

B.2.7 नैदानिक अनावेशी पुँज (डी एन बी)

ईटर मशीन में हीलियम राख को मापने हेतु आवेश विनिमय पुनर्संयोजन स्पेक्ट्रोदर्शी (C x Rs) का समर्थन करने के लिए वहाँ के डी एन बी (3 सेकेण्ड ऑन/20 सेकेण्ड ऑफ, 5 Hz मॉड्युलेशन के साथ) को 100 kV, ~18-20 एम्पीयर हाइड्रोजन पुँज प्रदान करना आवश्यक है। स्पाइडर बीम डंप के फेक्टरी स्वीकृति परीक्षण को निर्माता स्थल पी वी ए हेपला, जर्मनी में सफलतापूर्वक सपंन्न करने के बाद पडोवा, इटली के अनावेशी पुँज परीक्षण सुविधा (एन बी टी एफ) को दे दिया गया। भारत की ओर से ईटर संगठन के लिए यह पहला विशिष्ट योगदान है। डी एन बी परीक्षण सुविधा के लिए निर्वात पात्र का संविरचन निर्वात तकनीक बैंगलोर में अपने अंतिम चरण में हैं। डी एन बी पुँज स्रोत तथा स्पाइडर पुँज डंप के निर्माण का कार्य पी वी ए टेपला, जर्मनी में प्रगति पर है। डी एन बी त्वरक ग्रीड के प्रारूप का निर्माण कर लिया गया है तथा ऐसे



चित्र B.2.7 किरण पुँज का फैक्ट्री स्वीकृति परीक्षण

कोणीय ग्रिड संविरचन को पहली बार प्रदर्शित किया गया है। ट्विन स्रोत प्रयोग, प्रोटोटाइप उच्च वोल्टता बुशिंग तथा अवशिष्ट आयन डंप के लिए CuCrZr पैनल के अनुसंधान एवं विकास गतिविधियाँ जारी हैं।

B.2.8 ईटर-भारत, शक्ति आपूर्ति समूह

डी एन बी, ईटर की आई सी एच तथा सी डी और इ सी एच तथा सी डी प्रणालियों की शक्ति आपूर्ति तथा अनावेशी पुँज सुविधा, पडोवा, इटली के स्पाईडर त्वरक ग्रिड (ए जी) के लिए उच्च वोल्टता शक्ति आपूर्ति (एच वी पी एस) की रूपरेखा और विकास के लिए यह समूह उत्तरदायी है। साथ ही ईटर-भारत की प्रयोगशाला में भी उसी समान प्रणालियों के लिए प्रोटोटाइप शक्ति आपूर्ति का विकास करना भी उन्हीं का कार्य है। इलेक्ट्रोनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (इ सी आई एल) के साथ त्वरण ग्रिड शक्ति आपूर्ति (ए जी पी एस) तथा डी एन बी ए जी पी एस के निर्माण अनुबंध के तहत शक्ति आपूर्ति के प्रमुख घटक जैसे ट्रांसफॉर्मर तथा एस पी एस प्रतिरूपक क्रमशः 'ट्रांसफामर्स एण्ड रेक्टीफायर्स' तथा 'एमटेक इलेक्ट्रॉनिक्स' द्वारा बनाए जा रहे हैं, जो इ सी आई एल के उप ठेकेदार हैं। उपयुक्त आई ई सी मानकों के अनुसार कार्यात्मक परीक्षण तथा तृतीय पक्ष परीक्षण सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। उच्च प्रदर्शन वाले औद्योगिक श्रेणी के पी एक्स आई आधारित ए जी पी एस नियंत्रक का विकास आंतरिक रूप से किया जा रहा है। ईटर संगठन समूह की भागीदारी के साथ ए जी एस का फैक्टरी स्वीकृति परीक्षण शीघ्र ही होने वाला है। ईटर-भारत प्रयोगशाला में आई सी प्रारूप उच्च वोल्टता शक्ति आपूर्ति सफलतापूर्वक शुरू की गयी; तथा 27/18 kV के दोहरे उत्पादन के साथ 3 MW शक्ति का प्रदर्शन किया गया। आई सी स्रोत के साथ इसका अंतरापृष्ठ स्थापित किया जा रहा है। ईटर की विसरणयोग्य विद्युत आपूर्ति को प्रदर्शित करने के लिए 22 kV के समर्पित विद्युत

चित्र B.2.8 आयन साइक्लोट्रॉन प्रोटोटाइप उच्च वोल्टता शक्ति आपूर्ति का ईटर प्रयोगशाला में सफलतापूर्वक कमीशन किया गया एवं 27/18kV के दोहरे उत्पादन के साथ 3MW शक्ति के लिए प्रदर्शित

वितरण नेटर्वक को प्रयोगशाला में स्थापित किया गया है। स्थल विशिष्ट एच वी डेक तथा संचरण लाइन के निर्माण के लिए, जो कि डी एन बी विद्युत आपूर्ति प्रणाली का एक हिस्सा हैं, संविदा जारी की गयी है।

B.2.9 ईटर-भारत नैदानिकी

एक्स-रे क्रिस्टल स्पेक्ट्रोदर्शी (XRCS) नैदानिकी प्रणालियों के प्रारंभिक डिज़ाइन की समीक्षा (पी डी आर) के लिए एक्स आर सी एस सर्वेक्षण साइट ट्यूब की विस्तृत डिजाइन तथा विश्लेषण का विकास किया गया। तापीय तथा भूकंपीय विश्लेषण किए गए। स्टेनलेस स्टील तथा एल्युमीनियम घटकों से बनी साईट-ट्यूब के लिए न्यूट्रॉनिक्स विश्लेषण, मॉन्टे कार्लो विश्लेषण तथा डोस आकलन अध्ययन भी किए गए। ब्रॉडबैंड अंशांकन स्रोत की आवश्यकताओं को विकसित एवं परिभाषित करने के लिए सिमुलेशन अध्ययन किए गए। क्रिस्टलों के परीक्षण की प्रकाशिक व्यवस्था तथा उनके चित्रण गुणों के लिए अवयवों का निर्धारण किया गया। स्पेक्ट्रोदर्शी तथा स्रोत के प्रारूप अनुसंधान एवं विकास के लिए कई घटकों की खरीद भी प्रगति में है। इलेक्ट्रॉन-साइक्लोट्रॉन उत्सर्जन (इ सी इ) नैदानिकी प्रणाली के लिए प्रोटोटाईप संचरण लाइन वेवगाइड घटकों का डिज़ाइन पूरा हो चुका है तथा वेवगाइड घटकों का संविरचन प्रगति पर है। एक पोलराइज़र विपाटक (स्प्लिटर) इकाई के प्रारंभिक डिज़ाइन का कार्य भी अच्छा चल रहा है। आवश्यक निर्वात उपकरणों की पहचान कर उन्हें खरीदने के आदेश दे दिए गये हैं। एक उच्च तापमान ब्लैक बॉडी अंशांकन स्रोत के डिज़ाइन तथा विकास का कार्य पूरा किया जा चुका है तथा परीक्षण के अधीन है (चित्र 1)। आपूर्तिकर्ता के कार्यस्थल पर फूरियर रूपांतर स्पेक्ट्रोमीटर (एफ टी एस) के संविरचन का कार्य भी अच्छी प्रगति पर है, तथा 2015 में ईटर-भारत प्रयोगशाला को दिए जाने की संभावना है।

इ सी इ नैदानिकी के लिए वृत्ताकार वेबगाइड विंडो असेम्बली का डिज़ाइन पूर्ण कर लिया गया है तथा उसकी समीक्षा की जा रही है। ईटर-भारत प्रयोगशाला में 2 मि.मि. से 19 मि.मि. का एक वृत्ताकार वेबगाइड पारगमन का भी डिज़ाइन, विकास और परीक्षण किया जा रहा है। ऊपरी पोर्ट #09 के विषय में, ऊपरी पोर्ट #09 के एकीकरण का विस्तृत रूपांकन प्रणाली एकीकरण समीक्षा (एस आई आर) की ओर प्रगतिशील है, जो 2015 के अंत में आयोजित है। डोज़ दर के लिए प्रारंभिक न्यूट्रॉनिक्स विश्लेषण पूरा कर लिया गया है। कंपनिक भार के लिए इंटरस्पेस समर्थन संरचना (आइ एस एस) के विक्षेपण तथा बलों का मूल्यांकन किया गया। अशुद्धता घनत्व माप के लिए आवेश विनिमय पुनर्संयोजन स्पेक्ट्रोस्कोपी (सी एक्स आर एस) के साथ साथ पुँज उत्सर्जन स्पेक्ट्रोस्कोपी (बी ई एस) एक पूरक नैदानिकी है। बाहरी कोर क्षेत्र के लिए, जिसे सी एक्स आर एस पेडेस्टल के रूप में भी जाना जाता है, बी इ एस के साथ साथ सी एक्स आर एस नैदानिकी की



चित्र B.2.9 70 से 1000 GHz के अंशांकन के लिए स्वदेशीय विकसित उच्च तापमान (~800 C) ब्लैकबॉडी स्रोत

प्राथमिक भूमिका के रूप में एक वैकल्पिक प्रस्ताव का भी पता लगाया जा रहा है।

B.2.10 संलयन भौतिकी, सूचना प्रौद्योगिकी तथा आई ओ डी ए समन्वय समूह की गतिविधियाँ

ईटर की हेलो धाराओं के विघटन और पूर्वानुमान के अभिलक्षणन के लिए डी-थ्री डी तथा सी एम ओ डी टोकामकों में विघटनों का प्रतिरूपण- इस कार्य को 2014 की शुरूआत में एम एच डी कार्य दल डब्ल्यु-10 की आई टी पी ए गतिविधि के अंश के रूप में शुरू किया गया था। आई टी समूह ने ईटर-भारत कर्मियों को सेवाँए प्रदान करने में निरंतर सुधार के अपने प्रयासों को जारी रखा। आइ एस ओ प्रमाणीकरण गतिविधियों के भाग स्वरूप एक ऑनलाइन इश्यू ट्रैकर प्रणाली को लागू किया गया जो अब पूर्णतः कार्यशील है। आई टी समूह ने ईटर-भारत में SAP कार्यान्वयन परियोजना को पूरा किया। इन्डस प्रलेखन सर्वर में विभिन्न संशोधन किए गए।

B.2.11 सभी संकुल एवं परियोजनाओं में समान गतिविधियाँ

प्रतिभास संकुल समीक्षा बैठकें आयोजित की गई, बजट अनुमान तैयार किए गए तथा भुगतानों पर नज़र रखी गई। नियमित रूप से कार्यक्रम अपडेट बनाकर अंतर्राष्ट्रीय संगठन को सूचित किए गए। विभिन्न दस्तावेज़ों की समीक्षा के माध्यम से (गुणवत्ता योजना, निर्माण एवं निरीक्षण योजनाएँ, प्रक्रियाएँ इत्यादि) गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली का अनुपालन सुनिश्चित किया गया। आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय परियोजना प्रबंधन कार्यप्रणाली का पालन किया गया; और बौद्धिक संपदा प्रबंधन के लिए प्रकाशनों की पूर्व जाँच तथा उद्योगों के साथ अनुबंध में आई पी प्रावधानों को लागू कर बौद्धिक संपदा प्रबंधन का कार्यान्वयन किया गया। अक्टूबर 2014 में ईटर-भारत ने ईटर-आई पी संपर्क पात्रों की बैठक में भाग लिया। Amalthea 2015 - भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर, वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो 2015, ISDEIV सम्मेलन मुंबई तथा FICCI ग्लोबल अनुसंधान एवं विकास शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली में भाग लेकर संलयन के बारे में जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गई। ईटर न्यूज़लाईन तथा ईटर-वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से जनता को विकास से अवगत कराया गया।

B.2.12 ईटर -भारत अभिकल्पन कार्यालय की गतिविधियाँ

आईओ एवं डीए के बीच 74 डाटा एक्स्चेंज टास्क (डीईटी) को निष्पादित किया गया एवं सहायक तकनीकी समर्थन प्रदान किया गया। एफईएम में अभिकल्पन परिवर्तनों का शीघ्रता से उन्नयन करने के लिए सफलतापूर्वक क्रायोस्टेट "पैरामेट्रिक गणितीय मॉडल" की तैयारी की गई और इसलिए किसी भी विनिर्माण विचलनों के लिए विश्लेषण की पुनरावृत्ति आसानी से की गई। साथ ही आवश्यक लोड की स्थितियों की बेंचमार्किंग करके मॉडल को सत्यापित किया गया। डिज़ाइनरों को तकनीकी (अभिकल्पन एवं विश्लेषण) एवं प्रशिक्षण (सीएडी, एफईए) सहायता प्रदान की गई : 15 डिज़ाइनरों को ENOVIA प्रमाणीकरण के लिए सत्यापित किया गया। ज्यामितीय आयाम एवं सह्यता (जीडी एवं टी) प्रशिक्षण तथा उन्नत एएनएसवाईएस प्रशिक्षण आयोजित किया गया। ईसीई नैदानिकी वेवगाइड सहायक संरचना के अभिकल्पन को अंतिम रूप दिया गया एवं प्रणाली के प्रारंभिक अभिकल्पन के लिए विश्लेषण द्वारा घटक स्तर के अभिकल्पन के सत्यापन को पूरा किया गया। ईटर की आवश्यकताओं के लिए अभिकल्पन अनुपालन की जांच करने के लिए शीतलन जल प्रणाली सहायक संरचना, आईसीआरएफ लैब व्यवस्था एवं एक्सआरसीएस साइट ट्यूब के विश्लेषणों को अंजाम दिया गया है। CATIA/ENOVIA समस्या निवारण, CAD पद्धति, ईटर की विशिष्ट सीएडी/पीडीम उपकरण प्रक्रियाओं के लिए डिज़ाइनरों को CAD तकनीकी सहायता प्रदान की गई थी। CAD की गुणवत्ता जांच, ENOVIA CAD डाटा संरचना प्रबंधन एवं जांच, विभिन्न पैकेजों की प्रणालियों की इंटर फेस जांच की गई। अभिकल्पन कार्यालय ने प्रणाली के उन्नयन एवं संसाधानों (हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर) का रखरखाव किया: सॉफ्टवेयर जैसे: CATIA, ENOVIA, 3DVIA, ANSYS, I-RUN, SEE इलैक्ट्रिकल एक्स्पर्ट, CADENAS, AUTOCAD आदि। डिज़ाइनरों की जटिल गणितीय संगणना, विश्लेषण एवं ग्राफिक्स आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हार्डवेयर का प्रबंधन एवं मूल्यांकन किया गया। ईटर -भारत पैकेजों के विडियो को 3DVIA कॉम्पोज़र का इस्तेमाल करके विवरणों के साथ विकसित किया गया। अभिकल्पन के विकास एवं एकीकरण से संबंधित परिवर्तन प्रबंधन के समर्थन में विन्यास नियंत्रण बोर्ड (सीसीबी) एवं तकनीकी बैठकों में नियमित रूप से भाग लिया गया।

B.3 प्लाज़्मा भौतिकी केन्द्र, गुवाहटी

B.3.1 सैद्धांतिक एवं अनुकरण कार्य

संलयन उपकरणों में कैस्टेलेटेड पीएफसी टाइल अंतराल में प्लाज़्मा जमाव का अध्ययन: तीव्र ताप अभिवाहों का सामना करने के लिए प्लाज़्मा मुखित डायवर्टरों एवं सीमकों का कैस्टेलेटेड टाइलों से कवच किया गया है। इस क्रांतिक क्षेत्र में प्लाज़्मा जमाव का अध्ययन करने के लिए एक 1D - 3V पार्टिकल-इन-सेल मॉन्टे कार्लो संघट्टन मॉडल (XOOPIC) सहित एक प्लाज़्मा-सतह अंतःक्रिया मॉड्यूल का प्रयोग किया गया है। हमने अंतरालों में प्लाज़्मा जमाव की एक ठोस असममित देखी है। प्लाज़्मा प्रवाह के एक महत्वपूर्ण अंश को नीचे की ओर टाइल

सीपीपी, असम राज्य में गुवाहटी से लगभग 32 कि.मी की दूरी पर नज़ीराखत, सोनापुर में है। यह संस्थान मूल रूप से असम सरकार के शिक्षा (उच्च) विभाग के अंतर्गत स्थापित किया गया था। 29 मई 2009 से इसे आईपीआर के साथ सम्मिलित कर दिया है।



चित्र B.3.1 कैस्टेलेटेड प्लाज़्मा मुखित घटकों के टाइल अंतरालों में प्लाज़्मा जमाव

के अग्रणी कोर पर जमा करने के लिए अंतराल से निष्कासित कर दिया है।

इएलएम के दौरान टंग्स्टन डायवर्टर प्लेटों में अपरदन का आकलन: चुम्बकीत प्लाज़्मा में दो विमीय शीथ संरचना के गठन का विश्लेषण करने के लिए एक 1D - 3V पार्टिकल-इन-सेल मॉन्टे कार्लो संघट्टन मॉडल (XOOPIC) सहित एक प्लाज़्मा-सतह अंत:क्रिया मॉड्यूल का प्रयोग किया गया है। विशेष रूप से हमने शीथ के गठन पर बाहरी चुम्बकीय क्षेत्र की घटना के कोण के प्रभाव की एवं डायवर्टर कवच सामग्रियों के अपरदन पर इसके प्रभाव की जांच की है।

चुम्बकीय क्षेत्र एवं सतहों के बीच कुछ डिग्री के कोणों के लिए डिबाई शीथ की विलुप्ति का अध्ययन: सैद्धांतिक ज्ञान का सीमित अवलोकन देने के साथ संलयन उपकरणों में कोर प्लाज़्मा के तरल अनुकरण को भी दिया गया है। चुम्बकीय संलयन उपकरणों में आयन स्पटरिंग के कारण ठोस सतह (डायवर्टर) अपरदन पर ग्रेजिंग कोण के प्रभाव का अध्ययन एक 1D-3V तरल अवधारणा द्वारा किया गया है। परोक्ष चुम्बकीय क्षेत्र के लिए ठोस सतह के सामने एक बाहरी आवरण (म्यान) होता है (जिसे चुंबकीय अंत: आवरण भी कहते है) जिसकी मोटाई कई आयनों की लारमर त्रिज्या के बराबर होती है। मानक धारणा यह है कि CS, कई डिबाई लंबाई की मोटाई वाली डिबाई शीथ (DS) के अतिरिक्त है। यह देखा गया है कि निश्चित मान के लिए ग्रेज़िंग कोण (कुछ डिग्री) के लिए DS नहीं रहता है और पूरे विभव की CS के पार गिरावट होती है। CS का यह नया विश्लेषण व्यावहारिक महत्व के कई समाधानों को प्रदान करता है, जो वर्तमान में मॉडलों एवं कोर अशुद्धता कोड में उपयोगी समाधानों को सुधारेगा।

B.3.2 प्रयोगात्मक कार्य

जड़त्वीय विद्युतस्थैतिक परिसीमन संलयन परियोजना: वहनीय



चित्र B.3.2 जड़त्वीय विद्युतस्थैतिक परिरोध संलयन उपकरण में ड्यूटेरियम प्लाज़्मा का उत्पादन

और सस्ते न्यूट्रॉन स्रोत जैसे तेल एवं सोना खनन, कैंसर चिकित्सा, संलयन सामग्री अध्ययन, अवैध दवाओं एवं विस्फोटक सामग्रियों की आक्रामकहीन खोजबीन, कोयले में अशुद्धियों की पहचान आदि विभिन्न अनुप्रयोगों की मांग है। विभिन्न उपलब्ध न्यूट्रॉन स्रोतों में जड़त्वीय विद्युतस्थैतिक परिसीमन संलयन (IECF) बहुत ही सूक्ष्म एवं सरल उपकरण है, जो न्यूट्रॉनों के उच्च प्रवाह को उत्पन्न करता है। हमारा उद्देश्य वहनीय न्यूट्रॉन स्रोतों का विकास करना है, जिसमें रैखिक एवं गोलाकार ज्यामिति है, जो सतत एवं दुहराव बर्स्ट मोड में प्रचालित होगा, प्रति सेकण्ड 100 मिलियन से 10 बिलियन की दर पर न्यूट्रॉन उत्पन्न करेगा। इस तरह का उच्च अभिवाह न्यूट्रॉन स्रोत, इलेक्ट्रॉनिक घटकों में एवं संलयन सामग्रियों में हो रही क्षति की जांच करने की संभावना प्रदान करता है। हाल ही में बेलनाकार आईसीएफ चैम्बर को उसकी सभी सहायक इकाईयों अर्थात् टर्बो आण्विक पंप, गेट वाल्व, दाब गेज एवं अवशिष्ट गैस विश्लेषक के साथ संस्थापित एवं एकीकृत किया गया था। इस उपकरण में ग्लो डिस्चार्ज प्लाज़्मा को ड्यूटेरियम माध्यम में उत्पन्न किया गया (जैसा की चित्र B3 में दर्शाया गया है) एवं इसे प्रकाशिक उत्सर्जन स्पैक्ट्रोस्कोप (ओईएस) एवं लैंग्म्यूर प्रोब का इस्तेमाल करके विशेषीकृत किया गया है। ड्यूटेरियम प्लाज़्मा प्राचलों - घनत्व एवं तापमान को क्रमश: $2.8x10^{15}$ m^{-3} एवं 4.06 eV के रूप में प्राप्त किया गया है। आईसीएफ प्रयोग के लिए न्यूट्रॉन एवं गामा विकिरण मानचित्रण का आकलन करने के लिए मॉन्टे-कार्लो N-पर्टिकल सिमुलेशन (एमसीएनपी) को हाल ही में क्रियान्वित किया है। आईसीएफ चैम्बर के साथ उच्च वोल्टता शक्ति आपूर्ति का संयोजन करने के पश्चात इस उपकरण से न्यूट्रॉन का उत्पादन जल्द ही शुरू किया जाएगा।

फिल्टर क्षेत्र में आवेशित कणों के परिवहन से चुम्बकित फिल्टर चैनलों का अभिनति प्रभाव: इस गतिविधि में चुम्बकीय क्षेत्र में आवेशित कणों के प्रसार की प्रक्रिया को द्वि प्लाज़्मा उपकरण (डीपीडी) में अनुप्रस्थ चुम्बकीय फिल्टर (टीएमएफ) चैनलों के लिए प्रयुक्त की गई ऋणात्मक

क्षमता के माध्यम से क्षेत्र लाइनों के साथ इलेक्ट्रॉन प्रवाह को कम करके संशोधित किया गया है। क्षेत्र लाइनों के साथ इलेक्ट्रॉनों के विद्युतस्थैतिक परिसीमन से टीएमएफ में आवेशित कणों का उच्चतम प्रसार होता है। प्रयोगात्मक रूप से पाए गए प्रसार गुणांक की तुलना विभिन्न प्रसार प्रक्रिया के साथ की गई है, जो पिछले प्रयोगों में पूर्वानुमानित है। यह देखा गया कि लक्ष्य क्षेत्र में टीएमएफ की ऋणात्मक अभिनति की सहायता से प्लाज़्मा घनत्व को बढ़ाया जा सकता है एवं इलेक्ट्रॉन तापमान को घटाया जा सकता है। यह भी देखा गया कि वर्तमान प्रयोगात्मक स्थितियों में जब तक बहुत कम ऋणात्मक वोल्टता का प्रयोग किया जाता है तब तक चुम्बकीय क्षेत्र में क्रॉस-फिल्ड बॉम प्रसार के साथ आवेशित कणों के प्रसार में स्थिरता दिखाई देती है। ऋणात्मक अभिनत वोल्टता में वृद्धि होने से प्रयोगात्मक प्रसार गुणांक, लक्ष्य क्षेत्र में वर्धित प्लाज़्मा प्रवाह के साथ जुड़े बॉम मूल्यों से अलग हो जाते हैं।

चुम्बकीय ड्रिफ्ट एवं अनुप्रस्थ-क्षेत्र की प्रसार प्रक्रिया पर इसका प्रभाव: हमारे प्रयोगात्मक चैम्बर में स्रोत से लक्ष्य क्षेत्र तक अनुप्रस्थ चुम्बकीय फिल्टर (टीएमएफ) के कारण वहां घनत्व की प्रवणता, तापमान, प्लाज़्मा विभव एवं चुम्बकीय क्षेत्र मौजूद होते हैं, जो विभिन्न अस्थिरताओं के लिए प्रमुख प्रत्याशी हो सकते हैं। स्रोत से लक्ष्य क्षेत्र तक संभावित प्रवणता एक अक्षीय विद्युत क्षेत्र (ई) बनाती है, जो चुम्बकीय क्षेत्र (बी) में सीधा है, जिससे ExB ड्रिफ्ट में वृद्धि हो सकती है। एक बार फिर स्रोत क्षेत्र से लक्ष्य तक घनत्व प्रवणता द्विचुम्बकीय बहाव को बढ़ा सकती है। चुम्बकीय प्लाज़्मा में अनुप्रस्थ क्षेत्र प्रसार प्रवाह तब से दिया गया है जब ये बहाव अक्षीय दिशा में नहीं थे, इसलिए पहले के साहित्य में यह देखा गया कि अनुप्रस्थ क्षेत्र प्रसार से संबंधित प्रयोग को करने के दौरान शोधकर्ताओं ने इन ड्रिफ्ट की उपेक्षा की है। चूंकि ये त्रिज्या बहाव, बहाव तरंग अस्थिरताओं को बढ़ा सकते हैं, जो स्रोत से लक्ष्य तक अनुप्रस्थ क्षेत्र प्रसार को प्रभावित कर सकता है। इसलिए ऋणात्मक आयन उत्पादन के लिए विभिन्न प्राचलों का सही नियंत्रण प्राप्त करने के लिए इन ड्रिफ्ट को समझना भी अति आवश्यक है। अनुप्रस्थ क्षेत्र प्लाज़्मा परिवहन की त्रिज्या दिशा में ExB एवं द्विचुम्बकीय ड्रिफ्ट के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए द्वि प्लाज़्मा उपकरण (डीपीडी) में एक प्रयोग को अंजाम दिया गया है। प्लाज़्मा चैम्बर को एक अनुप्रस्थ चुम्बकीय फिल्टर (टीएमएफ) द्वारा इलेक्ट्रॉन तापमान के आधार पर दो अलग-अलग क्षेत्रों, स्रोत एवं लक्ष्य क्षेत्र में विभाजित किया गया है। स्रोत क्षेत्र में फिलामेंट निस्सरण पद्धति द्वारा प्लाज़्मा का उत्पादन किया जाता है तथा लक्ष्य क्षेत्र में टीएमएफ के माध्यम से प्लाज़्मा को फैलाया जाता है। विभिन्न प्लाज़्मा प्राचलों पर साइड की दीवार के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए टीएमएफ व्यवस्था में विद्युत (स्रोत एवं लक्ष्य क्षेत्र के बीच संभावित प्रवणता के कारण उत्पन्न) एवं चुम्बकीय दोनों क्षेत्रों में एक धातु की प्लेट को सीधी दिशा में डाला जाता है। लैंग्म्यूर प्रोब की सहायता से धात्विक प्लेट की उपस्थिति और अनुपस्थिति दोनों स्थितियों मेंआंकडें लिये गये हैं।

एक द्वि प्लाज़्मा उपकरण में निम्न तापमान के प्लाज़्मा का उत्पादन करने के लिए टंगस्टन एवं मॉलिब्डेनम फिलामेंट के साथ प्रयोग: निष्कर्षित ऋणात्मक हाईड्रोजन आयन विद्युत धारा पर दीवार के पदार्थ का प्रभाव ऋणात्मक हाईड्रोजन आयन स्रोत के विकास के लिए प्रमुख रूचि का विषय है। इस प्रभाव का अध्ययन करने के लिए प्लाज़्मा के उत्पादन के लिए विभिन्न पदार्थ के फिलामेंट का इस्तेमाल किया जाएगा और ऋणात्मक आयन घनत्व को मापा जाएगा। विभिन्न फिलामेंट तारों के साथ प्रारंभिक प्रयोग किये जा रहे हैं। वर्तमान प्रयोग में प्लाज़्मा का उत्पादन करने के लिए टंग्स्टन एवं मॉलिब्डेनम तारों को इस्तेमाल किया गया है और प्लाज़्मा प्राचलों को मापा गया है।

B.3.3 तापीय प्लाज़्मा प्रयोगशाला

सीपीपी-आईपीआर उच्च ताप अभिवाह (एचएचएफ) प्रणाली में प्लांसी टंग्स्टन लक्ष्यों को उजागर करना: हाल ही में हमने एक प्रयोगों की श्रृंखला को शुरू किया है, जहाँ सीपीपी-आईपीआर एचएचएफ प्रणाली में टंग्स्टन लक्ष्यों को एक सतह तापमान के साथ पर्याप्त पिघलने के लिए डाला गया है। इस प्रणाली को एक लैमिनार प्लाज़्मा जेट अभिविन्यास सफलतापूर्वक उत्पन्न करने के लिए 10 MW/m^2 स्तर के ऊर्जा घनत्वों के साथ पहले प्रदर्शित किया गया था। स्कैनिंग इलैक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शिकी (एसईएम) की तस्वीर यह दर्शाती है कि 5 मिनट के लिए उद्भासित टंग्स्टन प्लेट का मध्य भाग तथाकथित हॉपर या कंकाल क्रिस्टलों से घने रूप में भरा हुआ है, जो आकार में लगभग 20-30 माईक्रोमीटर है। लंबी अवधि (30 मीनट) के लिए उद्भासित लक्ष्य, उर्ध्वाधर बहु-कण स्तंभाकार संरचनाओं को दर्शाता है।

सीआईएमपीएलई-पीएसआई:यह प्रणाली ताप प्रवाह (10 MW/m^2) के मामले में केवल ईटर डायवर्टर क्षेत्र जैसे प्राचलों का ही पुन:उत्पादन नहीं करेगी, बल्कि विशेषीकृत इलेक्ट्रॉन तापमान (1-5 eV), आयन घनत्व ($1020m^{-3}$) एवं आयन प्रवाह ($1024m^{-2}s^{-1}$)के साथ समान प्लाज़्मा रसायन का अनुकरण करेगी। यह प्रणाली विकास की उन्नत अवस्था में है। इसमें निर्वात चैम्बर एवं निर्वात पंपों का पहले से ही परीक्षण/संस्थापन किया जा चुका है। जल शीतलित विद्युतचुम्बक (0.4 टेस्ला) का निर्माण सक्रियता से प्रगति पर है। कोलकत्ता का निर्माता, लुवाता के साथ डबल पैनकेक संरचनाओं का निर्माण कर रहा है। फिनलैंड ने विशेष कॉपर की आपूर्ति की है। शीतलन टावर एवं प्लेट ताप विनिमयक के साथ एक व्यापक जल शीतलन परिपथ का संस्थापन लगभग पूरा हो गया है और चुम्बक शक्ति आपूर्ति के लिए आदेश दे दिया है (1000 एम्पियर, 350 वोल्ट)। तीन नये शक्ति पैनल बोर्ड को संस्थापित किया है, तथा विद्युत तारों को रखने के लिए ऊपर ट्रे रखी गई है।इस क्षेत्र में लगातार बिजली की समस्या के समाधान के लिए एक 750 KVA डिज़ल जनरेटर को प्राप्त किया जा रहा है, जिसे केवल इस प्रणाली के लिए लगाया जाएगा।

अध्याय C. शैक्षिक कार्यक्रम

C.1 डॉक्टरेट कार्यक्रम.....56
C.2 तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम (टीटीपी).....56
C.2 ग्रीष्मकालीन स्कूल कार्यक्रम.....56

अध्याय D. तकनीकी सेवाएँ

D.1 कम्प्यूटर सेवाएँ.....56
D.2 पुस्तकालय सेवाएँ.....56
D.3 यांत्रिक सेवाएँ.....57
D.4 सुरक्षा प्रशिक्षण एवं सेवाएँ.....58

अध्याय E. प्रकाशन एवं प्रस्तुति

E.1 पत्रिका लेख.....59
E.2 आंतरिक शोध एवं तकनीकी प्रतिवेदन.....72
E.3 सम्मेलन प्रस्तुति.....76
E.4 आईपीआर कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त आमंत्रित वार्ता.....97
E.5 आईपीआर में प्रतिष्ठित अतिथि वक्ताओं द्वारा दिये गए व्याख्यान..102
E.6 आईपीआर में प्रस्तुत वार्ता.....104
E.7 आईपीआर द्वारा आयोजित वैज्ञानिक बैठकें.....105
E.8 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर.....105

अनुलग्नक - I

सार्वजनिक जागरूकता हेतु आउटरीच कार्यक्रम.....106

अनुलग्नक - II

अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व..108

C. शैक्षिक कार्यक्रम

C.1 डॉक्टरेट कार्यक्रम

संस्थान द्वारा प्रचालित पीएच.डी कार्यक्रम में वर्तमान में बयालिस (42) शोधार्थी नामांकित हुए हैं। इनमें से बीस (20) सैद्धान्तिक तथा अनुकरणीय परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं जबकि अठारह (18) प्रायोगिक परियोजनाओं से जुड़े हैं। वर्ष के दौरान चार (4) नये छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं तथा पाठ्यक्रम से जुड़े कार्य कर रहे हैं। इस पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद ये पीएच.डी. के लिए नामांकित किये जायेंगे। वर्तमान में आठ (8) पोस्ट डॉक्टोरल फैलोज् अपने शोध कार्य में लगे हुए हैं।

जमा किये गए पीएच.डी शोधपत्र (अप्रैल 2014 से मार्च 2015 के दौरान)

स्टडीज़ ऑन थर्मल-हाईड्रॉलिक्स ऑफ प्लाज़्मा फेसिंग कॉम्पोनेन्ट्स फॉर एसएसटी-1 टोकामक
परितोष चौधरी
केआईआईटी युनिवर्सिटी, 2014

डिज़ाइन एण्ड डेवलप्मेन्टल एस्पैक्ट्स ऑफ हाई पावर अल्ट्रा-वाइड बैंड द आईसीआरएफ हीटिंग इन टोकामक
राणा प्रताप यादव
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2014

बायस्ड इलेक्ट्रॉड एक्स्परिमेन्ट्स इन आदित्य टोकामक
प्रवेश ध्यानी
होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान, 2014

C.2 तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम (टीटीपी)

आईपीआर में टीटीपी कार्यक्रम अक्टूबर 2014 से आरंभ किया गया है। भौतिकी, विद्युतीय एवं यांत्रिकी - इन तीनों शाखाओं में कुल नौ उम्मीदवार हैं (प्रत्येक शाखा में तीन)। ये छात्र प्लाज़्मा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में एक कठिन पाठ्यक्रम का अध्ययन कर रहे हैं और चार महीने की अपनी परियोजना पर काम कर रहे हैं, जो अक्टूबर 2015 के अंत तक समाप्त होगा। पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के पश्चात इन्हें एसएसटी-1, आदित्य, सहायक तकनीकियाँ एवं संलयन रिएक्टर अभिकल्पन आदि आईपीआर की विभिन्न परियोजनाओं के काम के लिए लिया जाएगा।

C.3 ग्रीष्मकालीन स्कूल प्रोग्राम (एसएसपी)

छियालीस (46) छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसमें M.Sc. भौतिकी में 32 छात्रों और इंजीनियरी शिक्षण के (14) छात्र जिसमें यांत्रिकी, इलेक्ट्रॉनिकी एवं इन्स्ट्रूमेन्टेशन, इलेक्ट्रीकल, रसायनिक एवं धातुकर्म के छात्र शामिल है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इन छात्रों को संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ सक्रिय रूप से परस्पर बातचीत करने तथा प्लाज़्मा भौतिकी एवं संबंधित विषयों के बारे में सीखने का एक अवसर प्रदान करना है। परियोजना एवं वक्तव्यों की श्रृंखला के माध्यम से इन्हें ज्ञान प्रदान किया जाता है। उपर्युक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिरिक्त नियमित छात्रों को उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुसार कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिकी एवं इलेक्ट्रीकल इन्जीनियरी में परियोजना कार्य दिया जाता है।

D. तकनीकी सेवाएँ

D.1 कम्प्यूटर सेवाएँ

